13 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 86

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


# आज महाकुंभ का पहला शाही स्नान

- बड़ा उदासीन अखाड़े की पेशवाई में दिखी अनोखी छटा
- बारिश के बीच ऊंट-घोड़े पर निकले साधु और संत
- भक्तों ने पॉलीथिन तान कर संतों को भीगने से बचाया

**शाही स्नान का शुभ मुहूर्त**

- पहला शाही स्नान — 13 जनवरी
- दूसरा शाही स्नान — 14 जनवरी
- तीसरा शाही स्नान — 29 जनवरी
- चौथा शाही स्नान — 03 फरवरी
- पांचवां शाही स्नान — 12 फरवरी
- छठा शाही स्नान — 26 फरवरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**महाकुंभ नगर।** पृथ्वी पर इंसानों के सबसे बड़े समागम के रूप में चर्चित महाकुंभ की शुरुआत सोमवार को पहले शाही स्नान के साथ होगी। गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम के तट पर आयोजित हो रहे इस महाकुंभ के लिए तीर्थराज प्रयागराज समेत पूरा देश उत्साह से भरा हुआ है। हिंदू धर्म में प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। यह महाकुंभ डेढ़ महीने तक चलेगा। महाकुंभ के लिए रविवार को आखिरी अखाड़े की पेशवाई निकाली गयी। श्री पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े के एक हजार से ज्यादा साधु-संत ऊंट, घोड़े, रथ पर सवार होकर महाकुंभ के लिए निकले। इसी बीच यहां बारिश शुरू हो गयी। भीगते हुए भी 'हर-हर महादेव' और 'जय-जय श्रीराम' के जयकारे लगाते संत आगे बढ़ते रहे। भक्तों ने पॉलीथिन तान कर संतों को भीगने से बचाया। यह पेशवाई रामबाग फ्लाइओवर से भव्य यात्रा के रूप में महाकुंभ पहुंची। अखाड़े के महंत दुर्गादास महाराज ने बताया कि देश भर के साधु-संत इसमें शामिल हुए। महाकुंभ के पहले स्नान से पहले श्रद्धालु मेला क्षेत्र पहुंचने लगे हैं। सड़कों पर श्रद्धालुओं की लाइन लगी है। अधिकारियों ने बताया कि देर शाम तक करीब डेढ़ करोड़ लोग मेला क्षेत्र में पहुंच चुके हैं। मेला अवधि में करीब 40 करोड़ लोगों के महाकुंभ नगर में आगमन की उम्मीद है। इसके लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं पूरे इंतजाम की निगरानी कर रहे हैं।

## न्यूज रील्स

### उत्तराखंड में 100 मीटर गहरी खाई में बस गिरी पांच की मौत, 17 घायल

उत्तराखंड। उत्तराखंड में पौड़ी से सेंट्रल स्कूल जाने वाले मार्ग पर शनिवार को बस हादसा हो गया। दहलचोरी जा रही बस सत्याखाल के पास अनियंत्रित हो गई। इससे बस 100 मीटर खाई में जा गिरी। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हैं। घटना के बाद राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया गया। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। मृतकों के परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# रांची में महिला हॉकी का रोमांच शुरू



राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में हॉकी लीग प्रतियोगिता का उद्घाटन करती विधायक कल्पना सोरेन।

- झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने किया उद्घाटन
- अंतरराष्ट्रीय स्तर की कई खिलाड़ी दिखायेंगी प्रतिभा
- बिना टिकट के ही उठा सकते हैं हॉकी मैच का आनंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में महिला हॉकी लीग प्रतियोगिता शुरू हो गयी है। झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने रविवार शाम को प्रतियोगिता का विधिवत् उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में भव्य आतिशबाजी और रंगारंग कार्यक्रम पेश किया गया। रांची में पहली बार महिला हॉकी लीग का आयोजन हो रहा है। इसमें चार टीमें भाग ले रही हैं। इनमें ओड़िशा वॉरियर्स, बंगाल टाइगर, दिल्ली सीजी और जेएसडब्ल्यू सुरमा शामिल हैं। इन टीमों में कई अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी भी शामिल हैं। इनमें सुरमा हॉकी क्लब की ओर से झारखंड की स्टार हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान खेलेंगी, जबकि दिल्ली सीजी पाइपर्स की ओर से संगीता कुमारी और दीपिका सोरेंग खेलती नजर आयेंगी। बंगाल टाइगर्स की टीम से ब्यूटी डुंगडुंग और विनिमा धान खेलेंगी। इनके अलावा कई विदेशी खिलाड़ी भी मैदान पर अपनी प्रतिभा दिखायेंगी। राउंड रॉबिन तरीके से खेली जानेवाली यह प्रतियोगिता 26 जनवरी तक चलेगी। इस प्रतियोगिता के मैच देखने के लिए कोई टिकट नहीं है। लोग मुफ्त में महिला हॉकी का रोमांचक मुकाबला देख सकते हैं। इस प्रतियोगिता को लेकर हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले झारखंड में भारी उत्साह है, क्योंकि यहां हॉकी खेल नहीं, बल्कि जुनून और उत्साह है। शाम पांच बजे स्टेडियम का गेट खुलने से पहले ही दर्शकों का हुजूम वहां जमा हो चुका था। गेट खुलने के कुछ ही देर बाद स्टेडियम पूरी तरह भर गया था। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने बताया कि बेहतरीन तरीके से हॉकी मैच के आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। ऐसे आयोजनों से झारखंड में हॉकी को और बढ़ावा मिलेगा।

# कोयलांचल में हिंसा और अपराध की नयी दास्तां है पुलिस पर हमला

**आशाकोठी के कारू यादव को करारा झटका दिया प्रशासन ने**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** कोयले के अवैध कारोबार में लिप्त आशाकोठी के दंगाई कारू यादव की बादशाहत को पुलिस प्रशासन ने करारी चोट पहुंचायी है। पुलिस ने कारू यादव के खिलाफ अभियान छेड़ रखा हैं। इस अभियान के दौरान ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, बाघमारा सीओ बाल किशोर महतो और मजिस्ट्रेट डॉ प्रदीप कुमार सहित जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी मौजूद थे। बता दें कि अवैध कोयला व्यापार, गोली-बम और खून-खराबे के लिए बदनाम कारू यादव ने केजीएफ फिल्म की तर्ज पर अपनी हिंसक गतिविधियों से क्षेत्र में दहशत फैला रखी है। बीसीसीएल और पुलिस के भ्रष्ट अधिकारियों के साथ मिल कर वह अपने साम्राज्य विस्तार में लगा रहा। कई बार उसने इलाके में हिंसक वारदातें की। कारू यादव का दबदबा इतना था कि उसने सुरक्षा बलों को भी दबाव में ला दिया था। उसकी ताकत तब और बढ़ी, जब उसे गोविंदपुर एरिया-3 के बाबूडीह में प्रस्तावित हिलटॉप कंपनी की जिम्मेदारी मिली। 9 जनवरी को हुई हिंसक वारदात ने एक बार फिर कारू के साम्राज्य के खौफनाक स्वरूप को उजागर किया। इस घटना में कारू यादव के गुर्गों ने बाघमारा डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार सिंह को घायल कर दिया था। तब पुलिस ने कारू यादव के आशाकोठी स्थित आवास और नावागढ़ तालाब स्थित उसके मार्केट कांप्लेक्स में छापामारी की।

इधर हिंसक घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने उपद्रवियों पर कुल पांच मामले दर्ज किये हैं। इनमें धर्माबांध, खरखरी, आशाकोठी और फुलारीटांड़ आदि के लगभग डेढ़ सौ लोगों को नामजद अरोपी बनाया गया है। प्राथमिकी में धर्माबांध ओपी प्रभारी कमलेश कुमार यादव ने बीसीसीएल महाप्रबंधक गणेशचंद्र साहा द्वारा हिलटॉप कंपनी में कारू यादव को कार्य दिलाने के लिए काम करने का उल्लेख किया है। इसके अलावा चार अन्य प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी है। आरोप है कि कारू यादव के समर्थक घटना के दो दिन पहले से हरवे-हथियार से लैस होकर वहां इकट्ठा थे, लेकिन पुलिस प्रशासन ने उस तरफ ध्यान ही नहीं दिया।

(पेज 11 भी देखें)

## विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 का आयोजन

# युवाओं के बल पर विकसित बनेगा भारत: मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भारत मंडपम में देश के युवाओं से संवाद किया। मंच से उन्होंने नौजवानों पर अपने भरोसे की वजह भी बतायी। मौका था विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का। इसमें पीएम ने कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि युवाओं से उनका नाता पीएम का नहीं, बल्कि परम मित्र का है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति की ऊर्जा से भारत मंडपम भी ऊर्जावान हो गया है। आज पूरा देश स्वामी विवेकानंद जी को याद कर रहा है, उन्हें प्रणाम कर रहा है।

**मैं विकसित भारत की एक तस्वीर देख रहा हूं :** पीएम मोदी ने युवाओं से कहा कि आज आपसे बात करते हुए मैं विकसित भारत की एक तस्वीर भी देख रहा हूं। विकसित भारत में हम क्या देखना चाहते हैं? कैसा भारत देखना चाहते हैं? विकसित भारत, यानी जो आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा। जहां अर्थव्यवस्था भी बुलंद होगी और पारिस्थितिकीय तंत्र भी समृद्ध होगी। जहां अच्छी कमाई और अच्छी पढ़ाई करने के ज्यादा से ज्यादा अवसर होंगे।

**हमारे सामने 25 साल का गोल्डन पीरियड :** प्रधानमंत्री ने कहा कि क्या हम केवल बोलने से ही विकसित हो जायेंगे? जब हमारे हर फैसले की कसौटी एक ही होगी, विकसित भारत। जब हमारे हर कदम की दिशा एक ही होगी, विकसित भारत, तो दुनिया की कोई भी शक्ति हमें विकसित होने से नहीं रोक पायेगी। बहुत पहले लाल किले से मेरे दिल की एक आवाज निकली थी। मैंने कहा था, यही समय है-सही समय है।' हमारे सामने 25 साल का गोल्डन पीरियड है, अमृतकाल है और मैं पूरी तरह से आत्मविश्वास से भरा हूं कि भारत की युवाशक्ति विकसित भारत का सपना जरूर साकार करेगी।

### जब अमेरिका भीषण आर्थिक संकट में फंस गया था

मोदी ने कहा कि 1930 के दशक में अमेरिका भीषण आर्थिक संकट में फंस गया था। तब अमेरिका की जनता ने ठाना कि हमें इससे बाहर निकलना है और तेज गति से आगे बढ़ना है। अमेरिका न केवल उस संकट से निकला, बल्कि उसने विकास की रफ्तार को कई गुना ज्यादा तेज करके दिखाया। एक समय था, जब सिंगापुर बेहाल था। सिंगापुर को सही नेतृत्व मिला और जनता के साथ मिल कर सबने तय किया कि हम अपने देश को विकसित राष्ट्र बनायेंगे। कुछ ही सालों में सिंगापुर एक वैश्विक वित्तीय और व्यापारिक केंद्र बन कर छा गया।

### बिना लक्ष्य के जीवन नहीं हो सकता

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में ऐसी बहुत सारी घटनाएं हैं। हमारे देश में भी अनेक ऐसे उदाहरण रहे हैं। बड़े सपने देखना, बड़े संकल्प लेना और उन्हें तय समय में पूरा करना असंभव नहीं है। बिना लक्ष्य के जीवन नहीं हो सकता है। जब सामने बड़ा लक्ष्य होता है, तो हम पूरी ताकत उसे पाने के लिए लगा देते हैं और आज का भारत यही कर रहा है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि मैंने लाल किले से एक लाख नये युवाओं को राजनीति में लाने की बात कही है। अपने सुझावों को लागू करने के लिए राजनीति भी बहुत शानदार माध्यम हो सकती है। मुझे विश्वास है आपमें से भी अनेकों नौजवान राजनीति में भी भागीदारी के लिए आगे आयेंगे।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 74,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 95,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# महाकुंभ: सनातन का परचम सदा के लिए बुलंद रहे

## ■ दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन के लिए तैयार है प्रथम यज्ञ नगरी
## ■ प्रयागराज सिर्फ तीन नदियों का संगम नहीं, सनातनियों के महाजुटान का गवाह रहा है
## ■ इस महाकुंभ में इतिहास रचनेवाले हैं उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
## ■ 144 साल के लंबे इंतजार के बाद सनातन का महाजुटान फिर से होने वाला है
## ■ प्रयाग में बज रही एक ही धुन महाकुंभ-महाकुंभ-महाकुंभ

आजाद सिपाही विशेष

**13 जनवरी सोमवार को उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुंभ शुरू हो रहा है। प्रयागस्य पवेशाद्वै पापं नश्यतिः तत्क्षणात। यानी प्रयाग में प्रवेश मात्र से ही समस्त पाप कर्म का नाश हो जाता है। प्रयाग जहां सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने सृष्टि कार्य पूर्ण होने के बाद प्रथम यज्ञ किया था। दुनिया के इस सबसे बड़े धार्मिक आयोजन में अगले 45 दिनों तक करोड़ों लोग पवित्र स्नान के लिए संगम में डुबकी लगायेंगे। यह आयोजन सनातन का महाजुटान है। महाकुंभ मेला का हिंदू धर्म में एक प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व होता है। यह आयोजन 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा। महाकुंभ को लेकर यूपी सरकार का अनुमान है कि 40 करोड़ लोग संगम स्नान के लिए प्रयागराज आयेंगे। यानी कई देशों से ज्यादा आबादी। यह भारत की कुल आबादी का लगभग एक चौथाई हिस्सा है। यह विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है। हिंदू धर्म में कुंभ मेला हर 12 साल में चार पवित्र स्थलों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। लेकिन इस बार साल 2025 में कुंभ मेला नहीं, बल्कि महाकुंभ लग रहा है, जो 12 साल बाद नहीं बल्कि 144 साल बाद लग रहा है। यह महाकुंभ इसलिए भी खास है, क्योंकि 144 साल के बाद महाकुंभ का उल्लेख विशेष ज्योतिषीय या खगोलीय घटना की ओर संकेत करता है। प्रयागराज दुनिया के सबसे बड़े जनसमूह की मेजबानी करने के लिए तैयार है। तैयार हैं उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी। यह उनके लिए गर्व का विषय है। योगी आदित्यनाथ इस आयोजन के माध्यम से खुद की नेतृत्व क्षमता का भी परिचय देंगे। इस महाकुंभ में गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर 4 हजार हेक्टेयर में फैला, एक अस्थायी जिला बनाया गया है, जहां अगले 45 दिनों तक देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु पवित्र स्नान के लिए आयेंगे। यानी हर दिन औसतन 90 लाख लोग महाकुंभ में आयेंगे। इस महाकुंभ के लिए लगभग 12,670 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिसमें केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों ने मिल कर 410 से अधिक परियोजनाओं को पूरा किया है। प्रशासन के लिए यह 45 दिनों का समय एक बड़ी परीक्षा होगी, जहां उन्हें बिजली-पानी की आपूर्ति, कचरा प्रबंधन, सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन सेवाएं जैसी चुनौतियों का सामना करना होगा। महाकुंभ मेला को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए योगी सरकार ने सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किये हैं। महाकुंभ, जिसे पहले पूर्ण कुंभ कहा जाता था, हर 12 साल में एक बार आयोजित होता है। जनवरी 2018 में, उत्तर प्रदेश सरकार ने एक कानून पारित करके पूर्ण कुंभ का नाम बदल कर महाकुंभ कर दिया। इसी तरह, हर छह साल में होने वाले अर्ध कुंभ को कुंभ मेला नाम दिया गया। 2018 में ही इलाहाबाद का नाम बदल कर प्रयागराज कर दिया गया। महाकुंभ मेला के बारे में विस्तृत जानकारी दे रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह



कुंभ एक ऐसी आध्यात्मिक यात्रा है, जहां उन सभी सवालों का जवाब मिलता है, जो कइयों के मन में उठते रहते हैं। यह एक विश्वास की यात्रा है, जिसमें संस्कृति, सभ्यता और भक्ति के रंग घुले हुए हैं। न जाने कब से प्रयाग की पवित्र भूमि पर लाखों लोग बिना किसी निमंत्रण के जुटते रहे हैं। कुंभ मेला लोगों का ही संगम नहीं कराता, बल्कि भारतीय भाषाओं और लोक-संस्कृतियों का संगम भी बन जाता है। कुंभ मेले का आयोजन भारत में चार स्थानों पर होता है। इसमें हरिद्वार, नासिक, उज्जैन और प्रयागराज शामिल है। इस दौरान श्रद्धालु गंगा, गोदावरी और क्षिप्रा नदी में आस्था की डुबकी लगाते हैं। वहीं, प्रयागराज में लोग संगम में स्नान करते हैं।

### गजब का आकर्षण, अलौकिक, अद्भुत

दूर-दूर तक संगम की पसरी रेत, त्रिवेणी का आंचल, संतों और साधुओं का रेला, ढलते सूरज की अरुणिमा में दीप्त चेहरे, जो लंबे सफर के बाद क्लांत हो चले हैं। क्या बड़ा, क्या छोटा, क्या वृद्ध, क्या बच्चा, क्या धनाढ्य, क्या गरीब, केवल एक ही कामना श्रद्धा की डुबकी लगानी है। गंगा, यमुना, सरस्वती की त्रिवेणी के साक्षी प्रयागराज में हर तरफ बस एक ही धुन गूंज रही है। महाकुंभ-महाकुंभ-महाकुंभ। महाकुंभ सनातन का परचम बुलंद रखने के लिए महाजुटान है। कुंभ का दर्शन जटिल है, तो बहुत सरल भी। कुंभ में आकर जो भाव मिलता है वैसा और कहीं नहीं। अंधेरा होते ही रेत पर जब हजारों खंभों पर खड़ी रोशनी गंगा में अपना अक्स देखती है, तो ये इलाका आसमान में बुनीं हुई हजारों आकाशगंगाओं सा नजर आता है। यह संतों का उत्सव है। सनातन का उत्सव है। अगले एक महीने यही उनका ठौर है, यहीं उनका ठिकाना है। प्रयाग की वह रेती, जहां 4 हजार हेक्टेयर में महाकुंभ नगर बसाया गया है। बारिशों वाली गंगा सिमट चुकी है। किनारे पर पूरे नगर की बसाहट हो चुकी है। 600 किमी लंबी चकर्डप्लेट की सड़कें हैं। इस छोर को उस छोर से मिलाने वाले 30 पैंटून पुल हैं। आसरा देने लाखों तंबू मजबूती से खड़े हैं। 13 किमी इलाके के 25 सेक्टर में एआइ ऑपरेटेड खंभे और चैट बोट्स के जरिये एक महीने के लिए मानो समुद्र मंथन वाला सतयुग तीर्थराज के डिजिटल युग में उतर आया है। संगम के किनारे अखाड़ों से लाउडस्पीकर पर आवाज। कहीं हनुमान चालीसा बज रहा है, कहीं किसी शिविर में कथा बांची जा रही है। कहीं कोई रामायण तो कहीं महाभारत के प्रसंगों का जिक्र किया जा रहा है। कोई गीता का सार पढ़ रहा है, तो कोई ध्यान में मग्न है। हर तरफ भगवा झंडा बुलंद है। सनातन का परचम बुलंद है। यह संतों का उत्सव है। अगले एक महीने यही उनका ठौर है। चारों ओर संत ही संत। कोई ब्रह्मचारी, कोई कोतवाल, कोई पुजारी, कोई महंत, कोई श्रीमहंत तो कोई पदाधिकारी और महामंडलेश्वर। कोई भगवा, कोई गेरुआ, कोई सफेद तो कोई काली पोषाक पहने। कोई गुरु के आगे दंडवत है, कोई साष्टांग है, कोई टखने तक झुकता है, तो कोई सिर्फ गुरु के पैरों के आगे की जमीन छू लेता है। किसी की आंखों में आंसू हैं, तो कोई आंखें भींचे मंत्र बुदबुदा रहा है। तंबू लग चुके हैं, बचे-खुचे काम को जल्दी पूरा कर देने की जल्दबाजी है। चोंगा पहने साधु, अपना टेंट खुद लगा रहे हैं। नागा अलाव जलाने के लिए लकड़ियां जुटा रहे हैं। सब्जी राम... रोटी राम.. दाल राम...। पंगत में साथ बैठे नागा, साधु, मजदूर, श्रद्धालु और कर्मचारी अपनी-अपनी थाली में परोसने का इशारा करते हैं। पंगत साथ बैठती है और फिर एक साथ भोजन खत्म कर उठती है। अग्नि अखाड़े ने सबसे पहले कुंभ नगरी में अन्नक्षेत्र शुरू किया था। यहां भगवा और सफेद रंग के शिविर में लंबी सी पंगत लगी है। हर दिन इस अन्नक्षेत्र में 1000 लोग खाना खाते हैं। बत्ती वाली गाड़ियों में सिर्फ पुलिस नहीं संत भी घूम रहे हैं। ये सनातन का लग्जरी एंगल है। कुंभ नगरी में बत्ती और हूटर वाली सबसे ज्यादा गाड़ियां संत, महंत, महामंडलेश्वरों की ही हं। आगे फॉर्चूनर पर महामंडलेश्वर जा रहे हैं। पीछे कम से कम 8 गाड़ियां और हैं। ऐश्वर्य और वैभव आभूषणों के हवाले कंठ और ऊंगलियों में कई तोले सोने में गढ़ा हुआ है। मती पत्थर और रूद्राक्ष माथे तक पर सजे हैं। कहीं सर्वसुविधायुक्त कॉटेज बने ह, कहीं इकोफ्रेंडली कुटिया है। वहीं कई कुटिया बमुश्किल घास फूस बांस और मोटे कपड़े से तैयार हुई है।

### 144 साल बाद यानी 12 पूर्ण कुंभ के बाद आता है महाकुंभ

अर्ध कुंभ हर छह साल में हरिद्वार और प्रयागराज में होता है। इसे कुंभ का आधा चक्र माना जाता है। खगोलीय गणनाओं के अनुसार, जब बृहस्पति वृश्चिक राशि में और सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तब अर्ध कुंभ का आयोजन होता है।

कुंभ हर 12 साल में चार स्थलों-हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक में आयोजित होता है। कुंभ मेले की पौराणिक कथा समुद्र मंथन से जुड़ी है, जिसमें अमृत कलश के लिए देवताओं और असुरों में संघर्ष हुआ था।

पूर्ण कुंभ, हर 12 साल में प्रयागराज में आयोजित होता है। इसे कुंभ का पूर्ण रूप माना जाता है और इसका महत्व अन्य कुंभ मेलों से अधिक है।

महाकुंभ : भारतीय धार्मिक आयोजनों का सबसे बड़ा पर्व है, जो 12 पूर्ण कुंभ के बाद हर 144 साल में प्रयागराज में आयोजित होता है। इसे कुंभ मेले का सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण रूप माना जाता है।

### महाकुंभ में स्नान और पूजा करने से कई गुना अधिक पुण्य की प्राप्ति होती है

कुंभ मेले का आयोजन ग्रहों और नक्षत्रों की विशिष्ट स्थिति के आधार पर किया जाता है। कुंभ मेला तब आयोजित होता है, जब सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति एक विशिष्ट स्थिति में होते हैं, लेकिन जब बृहस्पति मकर राशि में और सूर्य और चंद्रमा अन्य शुभ स्थानों पर होते हैं, तब महाकुंभ का समय बनता है और यह संयोग हर 144 वर्षों में एक बार आता है। इस संयोग को विशेष रूप से शुभ और दिव्य माना जाता है। हर 144 साल में एक दुर्लभ खगोलीय घटना होती है, जो कुंभ मेले को विशिष्ट बना कर महाकुंभ बना देती है। हिंदू ज्योतिषीय गणनाओं में 12 और 144 वर्षों के चक्र का महत्व बताया गया है। 12 साल के चक्र को एक सामान्य कुंभ मेला कहा जाता है और 12 कुंभ मेलों के बाद (12 गुणा 12=144 साल) महाकाल कुंभ या विशेष महाकुंभ आता है। शास्त्रों में कहा गया है कि महाकुंभ में स्नान और पूजा करने से कई गुना अधिक पुण्य की प्राप्ति होती है। इसे देवताओं और ऋषियों द्वारा भी अत्यधिक पवित्र माना गया है। पौराणिक कथाओं में अमृत मंथन की कथा में कुंभ मेले का उल्लेख मिलता है। यह माना जाता है कि हर 144 साल में अमृत कलश से विशेष ऊर्जा या दिव्यता पृथ्वी पर उतरती है, जिससे यह मेला और अधिक पवित्र हो जाता है।

### शाही स्नान को असंख्य यज्ञों, तपस्याओं और दान के बराबर माना जाता है

साल 2025 में 144 साल बाद प्रयागराज में महाकुंभ मेले का आयोजन किया जा रहा है। महाकुंभ मेले में सबसे खास होता है शाही स्नान। शाही स्नान से प्राप्त पुण्य को असंख्य यज्ञों, तपस्याओं और दान के बराबर माना जाता है। महाकुंभ मेले में स्नान करना केवल शरीर को धोने का कार्य नहीं है, बल्कि यह आत्मा और मन की शुद्धि का भी प्रतीक है। महाकुंभ में स्नान करना एक विशेष खगोलीय स्थिति में अमृत के जल से स्नान करने के बराबर है। इसलिए इस समय स्नान करने का लाभ बाकी समयों में स्नान करने की तुलना में कई गुणा बढ़ जाता है। लेकिन महाकुंभ में सिर्फ स्नान नहीं बल्कि शाही स्नान (राजयोग स्नान) भी होता है, जो सबसे प्रमुख और विशेष धार्मिक अनुष्ठान है। यह स्नान महाकुंभ मेले का मुख्य आकर्षण होता है और इसे अखाड़ों के साधु-संतों, महंतों और महामंडलेश्वरों द्वारा किया जाता है। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि कुंभ मेले के शुभारंभ का प्रतीक भी माना जाता है।

### कब होगा शाही स्नान

प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ का पहला शाही स्नान 13 जनवरी, सोमवार को होगा। लाखों की संख्या में भक्त संगम पहुंच रहे हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, पौष पूर्णिमा की शुरूआत 13 जनवरी 2025 को सुबह 5 बज कर 03 मिनट पर होगी। वहीं, इसका समापन अगले दिन यानी 14 जनवरी को रात 3 बज कर 56 मिनट पर होगा। स्नान मुहूर्त- ब्रह्म मुहूर्त सुबह 5 बज कर 27 मिनट से 6 बजकर 21 मिनट तक रहेगा। फिर विजय मुहूर्त दोपहर 2 बज कर 15 मिनट से 2 बज कर 57 मिनट तक रहेगा। इसके बाद गोधूलि मुहूर्त शाम 5 बज कर 42 मिनट से 6 बज कर 09 मिनट तक रहेगा, जबकि निशिता मुहूर्त रात 12 बज कर 03 मिनट से 12 बज कर 57 मिनट तक रहेगा। महाकुंभ में कुल 6 शाही स्नान होते हैं, जिसमें पहला स्नान पौष पूर्णिमा यानी 13 जनवरी को किया जायेगा। वहीं, दूसरा शाही स्नान 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन होगा। इसके बाद 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन तीसरा और 02 फरवरी को वसंत पंचमी के दिन चौथा शाही स्नान किया जायेगा। इसके अलावा आखिर के दो शाही स्नान 12 फरवरी, माघ पूर्णिमा और 26 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन आयोजित होंगे। कहते हैं कि शाही स्नान में भाग लेने से सभी पापों का नाश हो जाता है। साथ ही सभी इच्छाएं पूरी होती हैं।

### 13 हजार से ज्यादा ट्रेनें, 25 शहरों के लिए फ्लाइट

महाकुंभ के दौरान 3 हजार स्पेशल ट्रेनें शुरू की गयी हैं। ये ट्रेनें 13 हजार से अधिक फेरे लगायेंगी। जिले में प्रयागराज जंक्शन के अलावा 8 सब-स्टेशन हैं। ये कुल तीन जोन उत्तर मध्य रेलवे, उत्तर रेलवे और पूर्वोत्तर रेलवे में बांटे गये हैं। प्रयागराज से दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, लखनऊ, इंदौर, अहमदाबाद, कोलकाता, जयपुर, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, हैदराबाद, भोपाल, चेन्नई, पुणे, गोवा, नागपुर, जम्मू, पटना, गोवा, अयोध्या, रायपुर, देहरादून, जबलपुर, चंडीगढ़, बिलासपुर के लिए फ्लाइट रहेगी। इसी तरह से कानपुर, वाराणसी, जौनपुर, मिर्जापुर, चित्रकूट से आने वाली बसों को भी संगम से करीब 10 किलोमीटर पहले रोक दिया जायेगा। निजी वाहनों को सुविधानुसार ही आगे आने दिया जायेगा। प्रशासन ने पूरे जिले में कुल छोटी और बड़ी 102 पार्किंग बनायी हैं। इनमें 70% पार्किंग स्नान घाट से 5 किलोमीटर के अंदर हैं। बाकी 30% पार्किंग 5 से लेकर 10 किलोमीटर की दूरी पर हैं। 24 सैटेलाइट पार्किंग हैं, इनमें से 18 मेला क्षेत्र में और 6 प्रयागराज शहर में। यहां पीने का पानी, शौचालय, प्राथमिक इलाज, पब्लिक एड्रेस सिस्टम मौजूद है।

### महाकुंभ में रुकने की व्यवस्था

महाकुंभ में आने वाले लोगों के लिए ठहरने की व्यापक व्यवस्था की गयी है। मेले में 10 लाख लोगों के रुकने की व्यवस्था की गयी है। इनमें फ्री और पेड दोनों तरह की व्यवस्था है। जैसे आप लग्जरी व्यवस्था चाहते हैं तो संगम के ही किनारे बस सकते हैं। वहां डोम सिटी बसायी जा रही। इसका किराया प्रतिदिन का 80 हजार रुपये से लेकर सवा लाख रुपये तक है। इसके आसपास 2000 कैंप की टेंट सिटी बनायी गयी है। यहां रहने पर आपको 3 हजार से लेकर 30 हजार रुपये तक देना होगा। इसके लिए बुकिंग भी पहले करानी होगी। पूरे शहर में 42 लग्जरी होटल हैं। सभी की अपनी वेबसाइट है, जिसके जरिए आप उनके बारे में जान सकते हैं और बुक कर सकते हैं। इसके अलावा मेला क्षेत्र में 100 आश्रयस्थल हैं, हर आश्रयस्थल में 250 बेड हैं। 10 हजार से अधिक स्वयंसेवी संस्थाओं ने श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की है। संगम के अलावा आप लेटे हनुमान मंदिर, श्री अक्षयवट मंदिर, पातालपुरी मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, नागवासिकी मंदिर, शंकर विमानमंडपम, चंद्रशेखर आजाद पार्क, स्वराज भवन, खुसरो बाग, निषादराज पार्क भी घूम सकते हैं।

### सुरक्षा घेरा

महाकुंभ मेला को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए योगी सरकार ने कड़े सुरक्षा का इंतजाम किये हैं। इस बार एआइ तकनीक को पुलिस ने अपना हथियार बनाया है। करीब 3 हजार एआइ सीसीटीवी महाकुंभ नगर में लगाये गये हैं, जिससे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी। महाकुंभ मेले के दौरान 37 हजार पुलिसकर्मी और 14 हजार होमगार्ड तैनात किये गये हैं। इसके साथ ही एनएसजी, एटीएस, एसटीएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी चौकसी बरत रही हैं। सीसीटीवी और खुफिया एजेंसियों की निगरानी में हर कोना सुरक्षित है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.5 °c | 9.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.22 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.32 बजे |



# तीर आइइडी बम बना रहे हैं नक्सली

## चाइबासा में बरामद हुआ आइइडी बम, होश उड़े अफसरों के

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाइबासा।** झारखंड में तेजी से नक्सली सिमट रहे हैं। नक्सली घटनाओं में भी भारी गिरावट है। जो भी नक्सली बचे हैं, उन्होंने चाइबासा और लातेहार के कुछ इलाकों में अपना अड्डा बना रखे हैं। रविवार को चाइबासा के टोंटो थाना क्षेत्र में जिला बल और सीआरपीएफ के जवान सर्च अभियान पर निकले थे। इन लोगों ने तीर वाला आइइडी बम बरामद किया है। नक्सली अब जंगल में छुप कर धनुष से इस आइइडी बम को चला सकते हैं। अधिकारियों के बम बरामद करने के बाद होश उड़ गये। पुलिस को यह सूचना थी कि नक्सली मिसिर बेसरा, अनमोल, अनल, अजय महतो अपने दस्ते के साथ इलाके में सक्रिय हैं। इसी सूचना पर गोइलकेरा और टोंटो के कई गांवों में अभियान चलाया गया। पुलिस को पहाड़ी क्षेत्र में तीर से बना आइइडी बम मिला है। इस पर अगर जवानों के पैर पड़ जायें तो भी यह ब्लास्ट हो सकता है। पुलिस का दावा है कि जवानों पर हमला के लिए नक्सलियों ने तीर वाला आइइडी तुंबाहाका और बगान गुलगुदान जंगली क्षेत्र में लगा रखा था। पुलिस ने बरामद आइइडी को विनष्ट कर दिया है।

# आज मोराबादी मैदान में टुसू महोत्सव

### तैयारी समिति बनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टुसू पर्व की पूर्व संध्या पर 13 जनवरी को मोराबादी मैदान में टुसू महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो ने बताया कि महोत्सव की तैयारी के लिए एक समिति बनायी गयी है। इसमें भूदेव चंद्र महतो, भुवनेश्वर महतो, अंकित महतो, राजकुमार महतो, नीरज महतो, मुकेश महतो, प्रवर कुमार महतो, श्रवण कुमार महतो, असुल गुप्ता, रीतेश महतो, सनी कपूर, ईश्वर महतो, विक्रम महतो, परमानंद महतो, अनिल महतो, राजू महतो, नरेश महतो, चितरंजन महतो, जितेंद्र महली और आकाश महतो शामिल हैं। इसके अलावा सलाहकार समिति में डॉ एचएन सिंह, सहोदर महतो, संजय मेहता, ब्रजेंद नाथ महतो, प्रदीप महतो, सुशील महतो, प्रो बीएन प्रमाणिक, डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, उपेंद्र नारायण सिंह, सत्यनारायण महाते, विंग कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह, गौरांग महतो, प्रभात चंद्र महतो, परमानंद महतो, प्रो गोवर्धन मेहता, डॉ पंचानन महतो, डॉ विष्णु चरण महतो, रमेश कपूर, एम प्रसाद, विपिन रत्न शामिल हैं। पीठा प्रतियोगिता के लिए महिलाओं की समिति भी बनायी गयी है। बता दें कि इस महोत्सव में सुदूर देहात, ग्रामीण क्षेत्रों से लोग हर्षोल्लास के साथ पहुंचते हैं।

# सीएम हेमंत ने स्वामी विवेकानंद को जयंती पर किया नमन

## राष्ट्रीय युवा दिवस की दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारत के आध्यात्मिक गुरु और युवा वर्ग के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती है। हर साल इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वामी विवेकानंद को नमन किया है। सीएम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा है कि देश की समृद्ध संस्कृति को विश्व पटल पर ले जाने वाले, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर शत-शत नमन। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार।

# राज्यपाल और बाबूलाल मरांडी ने किया स्वामी विवेकानंद को याद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारत के आध्यात्मिक गुरु और युवा वर्ग के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती है। हर साल इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष गंगवार और भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने स्वामी विवेकानंद और उनके सिद्धांतों को याद किया है। साथ ही सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दीं हैं। इसे लेकर राज्यपाल संतोष गंगवार ने एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, सभी देशवासियों को राष्ट्रीय युवा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। स्वामी विवेकानंद के आदर्श हमें सिखाते हैं कि हर युवा के भीतर बदलाव लाने की शक्ति है। आइए, इस दिन पर हम अपनी जिम्मेदारियों को समझें और एक समृद्ध, शक्तिशाली और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लें।

# ओटीसी मैदान में नमो पतंग उत्सव आज

- नमो पतंग उत्सव की शुरुआत सांसद और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ करेंगे
- सभी धर्म प्रेमियों को नमो पतंग उत्सव में शामिल होने का किया गया आग्रह
- श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति सुबह 8:30 बजे से नमो पतंग का करेगी वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति की ओर से सोमवार 13 जनवरी को ओटीसी ग्राउंड (रातू रोड) में नमो पतंग उत्सव का आयोजन किया गया है। नमो पतंग उत्सव की शुरुआत सांसद और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा किया जायेगा।

भारतीय संस्कृति में आने वाली पीढ़ियों को जागृत करने के लिए, हिंदू धर्म के संग हमारी भारतीय संस्कृति का पूर्ण निर्वाह करते हुए आज भी पतंग उत्सव, मकर संक्रांति, लोहड़ी, टुसु सहित अन्य त्योहारों को बड़े ही धूमधाम से समिति मनाते आ रही है। समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि नमो पतंग उत्सव का भव्य आयोजन 13 जनवरी को रातू रोड के ओटीसी ग्राउंड में किया जायेगा। जिसके अंतर्गत समिति लोगों के बीच नमो पतंग का वितरण करेगी साथ ही जरूरतमंद के बीच कंबल वितरण किया जायेगा। साथ ही आयोजन में शामिल लोगों के लिए खिचड़ी के महाभोग सहित दही, चूड़ा, गुड़ का भी वितरण किया जायेगा। श्री काबरा ने बताया कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रभारी बनाये गये हैं। इनमें संरक्षक : संजय सेठ, अध्यक्ष मुकेश काबरा, सचिव, रवींद्र मोदी

मंच व्यवस्था : अमित चौधरी, मनीष लोढ़ा, संतोष सेठ, नीतू सिंह, पूनम आनंद, कंबल वितरण सुबेश पांडे, नीलम चौधरी। पतंग व्यवस्था : नीरज कुमार, सोनू भारद्वाज, प्रकाश, सुबेश पांडेय, कुमुद झा, संजय गोयल, आयोजन स्थल प्रभारी सत्येंद्र सिंह गुड्डू, संजय सिंह लल्लू, बैजू सोनी, विकास कुमार। टेंट एवं साउंड व्यवस्था : नीरज चौधरी, राज वर्मा, ललन श्रीवास्तव, मनोज चौधरी, विषम सिंह, विजय ओझा। खिचड़ी व्यवस्था एवं वितरण, मारवाड़ी युवा मंच। प्रेस एवं मीडिया: प्रमोद सारस्वत एवं संजय पोद्दार को बनाया गया है।



## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | कर्मक्षेत्र में कठिनाईयों का सामना होगा,इस समय शत्रु हावी हो सकता है। |
| वृष | भौतिक सुख-सम्पन्नता में वृद्धि होगी,कारोबार की स्थिति में सुधार,आर्थिक लाभ। |
| मिथुन | कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मान-यश-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। |
| कर्क | शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी। |
| सिंह | रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में विरोधियों पर विजय मिलेगा,आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा, आर्थिक लाभ। |
| कन्या | पुराने मित्रों से मुलाकात होगी.अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी। |
| तुला | नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने में उलझन होने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलने में बिलम्ब होगा। |
| वृश्चिक | नौकरी की क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा,मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। |
| धनु | सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी,सरकारी कार्य में प्रगति होगी। |
| मकर | नये जॉब का ऑफर मिलने की संभावना,रोजगार संबंधी समस्यायें हल होगी। |
| कुंभ | आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है,घर में कोई शुभ कार्य संपन्न कर सकते हैं। |
| मीन | नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं। |

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

## स्वामी विवेकानंद और बीके बिरला को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** स्वामी विवेकानंद और बसंत कुमार बिरला की जयंती के अवसर पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन बड़े धूमधाम से किया। इस अवसर पर मैं भी विवेकानंद विषय पर एक विशेष सभा आयोजित की गयी। सभा की शुरुआत विचार और प्रार्थना से की गयी। इसके बाद विद्यालय की छात्रा ने स्वामी विवेकानंद की तरह परिधान धारण कर और उनके व्यक्तित्व को जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। प्राचार्या ने अपने उद्घाटन भाषण में स्वामी विवेकानंद के उपदेशों की आज के समय में अहमियत को रेखांकित किया और छात्रों से उनके आर्दशों पर चलने की प्रेरणा दी। छात्रों ने एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें गीत, नृत्य और प्रेरणादायक भाषणों के द्वारा उन्होंने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का परिचय दिया।

इसके साथ ही एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके विचारों पर छात्रों का ज्ञान परखा गया। साथ ही, छात्रों ने हमारे प्रेरणास्त्रोत, मार्गदर्शक और गुरु बसंत कुमार बिरला की जयंती को भी सादर स्मरण किया। इस आयोजन के माध्यम से विद्यालय ने छात्रों में सकारात्मक मूल्य और चरित्र निर्माण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। प्राचार्या परमजीत कौर ने स्वामी विवेकानंद और बसंत कुमार बिरला द्वारा प्रतिपादित आदर्शों और मूल्यों का महत्व बताया और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके पदचिन्हों पर चलें, ताकि वे जीवन में सफलता और आंतरिक शांति प्राप्त कर सकें।

# स्वामी विवेकानंद के बताये मार्ग पर चलें : राजीव रंजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को झारखंड छात्र परिषद के द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती ज्योति पब्लिक स्कूल बड़ा तालाब रांची में मनायी गयी। इस अवसर पर झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा एवं वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे मुख्यरूप से उपस्थित थे। इस मौके पर श्री मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिछाया पर पुष्प अर्पित किया। श्री मिश्रा ने झारखंड छात्र परिषद के सदस्यों से स्वामी विवेकानंद के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया एवं उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया। झारखंड छात्र परिषद ने केंद्र सरकार से स्वामी विवेकानंद की जीवनी को पाठ्यक्रम में जोड़ने की मांग की एवं कहा कि देश को जानना है तो स्वामी जी की जीवनी को जानना जरूरी है। इस अवसर पर लंकेश सिंह, राजीव सिंह, मनीष सिन्हा, सत्येंद्र वर्मा, ज्योति शंकर साहू, पीयूष आनंद, राकेश सिंह ने परिचर्चा में भाग लिया एवं अपने विचार व्यक्त किये।

## मोरहाबादी में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम आयोजित

# युवा शक्ति ही राष्ट्र का भविष्य : सीपी सिंह

### विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित हुआ कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** नेहरू युवा केंद्र, रांची (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में एवं विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के सहयोग से स्वामी विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम मोराबादी, रांची में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची के विधायक सीपी सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गयी। सीपी सिंह ने कहा कि हम सभी स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को नमन करते हैं। युवा शक्ति ही राष्ट्र का भविष्य है, और इसका सदुपयोग कर हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। हर युवा के प्रत्येक कार्य का उद्देश्य राष्ट्र प्रथम होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में रोड सेफ्टी मैनेजर जमाल अशरफ भी उपस्थित रहे। उन्होंने सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा नियम से सभी युवाओं को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने किया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार इस वर्ष स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नयी दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 आयोजित कर रही है। इसके जरिए युवा सशक्तिकरण और नेतत्व पर जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार के निर्देश में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रौशन कुमार, आइशा फातिमा, रजनीश रंजन, श्रवण कुमार एवं अन्य युवा उपस्थित रहे।

# रश्मि प्रकाश राजद की झारखंड प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत

## झारखंड के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू भी हैं रश्मि

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने पार्टी मुख्यालय, रांची में चतरा विधानसभा से राजद प्रत्याशी रहीं रश्मि प्रकाश को प्रदेश महिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस दौरान राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव भी मौजूद थे। मौके पर कैलाश यादव ने बताया कि रश्मि प्रकाश अत्यंत जनप्रिय युवा नेत्री हैं। वह झारखंड के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू भी हैं। रश्मि प्रकाश एक होनहार शिक्षित कर्मठ संघर्षशील एवं प्रखर वक्ता के रूप में जानी जाती हैं। इनके कुशल व प्रखर कार्यशैली से प्रभावित होकर राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने विगत विधानसभा चुनाव में इन्हें चतरा विधानसभा का प्रत्याशी बनाया था। लोजपा उम्मीदवार जनार्दन पासवान से काफी कम वोटों से वह पराजित हुईं थीं। रश्मि प्रकाश के प्रदेश महिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय यादव, राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान, विधायक नरेश सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गौतम सागर राणा सहित प्रदेश के समस्त राजद पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

सभी ने उम्मीद की है कि नये सोच की महिला नेत्री रश्मि प्रकाश राज्य के 24 जिलों में धारदार संगठन बनायेंगी। आधी आबादी महिलाओं के हक और अधिकार के लिए अपनी राजनीतिक कार्यशैली से युवा वर्ग एवं महिलाओं को राजद की धर्मनिरपेक्ष विचारधारा, लालू यादव और तेजस्वी यादव के नीति सिद्धांत के प्रति प्रेरित करेंगी।

### ट्रैफिक एसपी ने जारी किया व्हाट्सएप नंबर

# दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मी की करें शिकायत

**रांची (आजाद सिपाही)।** यातायात से जुड़ी समस्याओं और ट्रैफिक पुलिस के जवानों के व्यवहार को लेकर रांची ट्रैफिक एसपी ने बड़ा कदम उठाया है। ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया है। जिसकी मदद से लोग ट्रैफिक पुलिस के खिलाफ किसी भी तरह की शिकायत इस व्हाट्सएप नंबर पर दर्ज करा सकें। अगर किसी ट्रैफिक पुलिसकर्मी के द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है या पैसे की मांग की जाती है तो आम नागरिक ट्रैफिक एसपी द्वारा जारी किये गये इस नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। अगर किसी पुलिसकर्मी द्वारा बदसुलूकी की जाती है तो उसकी फोटो भी खींचकर भेजी जा सकती है। यह व्हाट्सएप नंबर 8987790601 है। जिस पर लोग अपनी शिकायतें भेज सकते हैं। इस कदम से रांची में ट्रैफिक पुलिस के कार्यों में पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है। इस कदम के जरिए आम लोगों को अपनी शिकायतें जल्दी और आसानी से दर्ज कराने का एक नया प्लेटफॉर्म मिल गया है। ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने कहा कि यह कदम नागरिकों की मदद के लिए उठाया गया है।

# नगर निकाय के चुनाव में कुशवाहा समाज की होगी भागीदारी : प्रो जय प्रकाश वर्मा

## कुशवाहा समाज चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, रांची और गोड्डा में अपना प्रत्याशी उतारेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कुशवाहा राजनीतिक मंच की बैठक मंच के संस्थापक अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रो जय प्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में होटल जेड स्क्वायर रांची में हुई। बैठक का संचालन मंच के महामंत्री विजय महतो ने किया। बैठक में कुशवाहा समाज को सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से जागरूक करने पर जोर दिया गया। साथ ही आने वाले दिनों में नगर निकाय के चुनाव में कुशवाहा समाज की मजबूती के साथ भागीदारी हो, नगर निकाय में ज्यादा से ज्यादा कुशवाहा समाज के लोग चुनकर आयें इसके लिए मंच भरपूर प्रयास करेगा। आज से ही कुशवाहा समाज चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, रांची और गोड्डा में अपना प्रत्याशी खड़ा करने की तैयारी शुरू किया ताकि समाज का राजनीतिक और सामाजिक पहचान को उभर कर सामने आ सके। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक प्रो जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि अब झारखंड के कुशवाहाओं को एक होने का समय आ गया है। सामाजिक एकता के बल पर ही कुशवाहा समाज को अपना सांसद और विधायक बनने में कामयाबी मिल सकती है। लक्ष्य तय कर एवं एक होकर सकारात्मक प्रयास हमारी सफलता तय करेगी। उपाध्यक्ष राजेश महतो ने कहा हम संपूर्ण झारखंड में सशक्त संगठन का निर्माण करेंगे। तब जाकर सांसद और विधायक बन सकेंगे। कुमुद कुशवाहा ने कहा कि कुशवाहा समाज सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक शैक्षणिक क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है इसके लिए आने वाले दिनों में हम कुशवाहा समाज को सशक्त बनायेंगे और अपना हक अधिकार लेकर रहेंगे। महामंत्री विजय महतो ने कहा कि हम रांची जिला से शुरूआत करेंगे ताकि हम राजधानी में मजबूत हों। मंच के उपाध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए मंच का गठन हुआ है उसे पूरी तरह हासिल करने के लिए मजबूती के साथ लगना पड़ेगा। बैठक को अशोक कुमार मेहता, महेंद्र वर्मा, बबलू कुशवाहा, राजेश खन्ना, विकास कुशवाहा, धर्मेंद्र महतो, प्रो गोपाल महतो, एडवोकेट अजीत सिंह, राम प्रवेश कुशवाहा, सिद्धनाथ सिंह, प्रो सुरेंद्र कुशवाहा, रंजीत कुशवाहा, अमरलाल महतो, सतीश कुमार, हरेंद्र सिंह, नवल महतो, पंचम महतो, प्रताप कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद वर्मा, अनिल वर्मा इत्यादि ने भी संबोधित किया। बैठक के अंत में अशोक कुमार मेहता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# हजारीबाग की ऐतिहासिक झील जलकुंभी से ढंकी

## दो करोड़ की विंड हार्वेस्टिंग मशीन मूर्ति की तरह खड़ी है

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग शहर का धड़कन कहे जाने वाला झील पर फिर से जलकुंभी ने कब्जा जमा लिया है। इस झील की धड़कन से पूरा हजारीबाग धड़कता है। लोग बाहर से झील की खूबसूरती देखने आते है। सुबह शाम वॉक करने वालों की कतार लगी रहती है। मगर झील को जलकुंभी के कब्जे के कारण इसकी सुंदरता खोती जा रही है। जलकुंभी के कारण झील का पानी भी सड़ सकता है। झील की साफ सफाई के लिए दो करोड़ की लागत से तत्कालीन नगर आयुक्त रहे प्रेरणा दीक्षित की पहल पर विंड हार्वेस्टिंग मशीन खरीदा गया था। जैसे झील में मशीन नहीं मूर्ति खड़ी हो। स्थिति यह है कि यह मशीन जलकुंभी के बीच घिर गया है। जब यह मशीन हजारीबाग में नहीं था तो साफ सुथरा झील रहा करता था। मजदूर और स्वयंसेवी लोग इसकी सफाई करते थे। मशीन आने के बाद इस झील की तस्वीर खराब हो गयी है। छठ पूजा के समय इस मशीन को बनवाया भी गया, लेकिन वह भी कारगर नहीं हुआ। कुछ दिन बीतने के बाद यह मशीन फिर से खराब हो गया, जिसे झील के किनारे रस्सी के सहारे बांध दिया गया है।





## ज्ञान समर्थ पाठशाला में मनायी गयी स्वामी विवेकानंद की जयंती



**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक थाना रोड, लोहार टोली स्थित कोचिंग ज्ञान समर्थ पाठशाला में विवेकानंद जयंती मनायी गयी। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर उपस्थित कोचिंग के संचालक सुजीत शर्मा ने कहा कि चरित्र मनुष्य की प्रवृत्तियों का समुच्चय है, उसके मन की प्रवृत्ति का योग है। इसलिए शिक्षा का उद्देश्य हमारे मन की बुरी प्रवृत्तियों को समाप्त करना होना चाहिए। स्वामी जी ने कहा था हमें वह शिक्षा चाहिए जिसे चरित्र का निर्माण हो, मन की शक्ति बढ़े, बुद्धि का विकास हो और जिससे व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा हो सके। शिक्षक गौरव कुमार और रंजीत शर्मा ने भी अपनी बातों को रखा। उन्होंने कहा कि शिक्षा का एक और महत्वपूर्ण उद्देश्य मनुष्य में ईश्वर की सेवा करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने अपनी महती भूमिका निभाई।

## राष्ट्रीय नाई समाज की प्रतिभा प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न, 64 छात्राएं हुई शामिल



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरकट्ठा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में राष्ट्रीय नाई महासभा बरकट्ठा के द्वारा बच्चियों को शिक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा दिये उपदेश। 'बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओं' अभियान को जारी रखने के उद्देश्य से बरकट्ठा प्रखंड के समस्त नाई समाज के लिए एक प्रतिभा प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। मौके पर परीक्षा संचालन सह केंद्राधीक्षक बहादुर ठाकुर, प्रखंड सचिव भागीरथ ठाकुर मौजूद थे। परीक्षा ओ एम आर प्रश्न पत्र के द्वारा लिया गया जिसमें समाज के 64 छात्राएं शामिल हुई। परीक्षाफल का प्रकाशन 24 जनवरी को किया जायेगा। उसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले बेटियों को पुरुस्कृत किया जायेगा। वही प्रखंड अध्यक्ष बालेश्वर ठाकुर ने बेटीयों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्षक राजेश ठाकुर, मनोज ठाकुर, मुकेश कुमार शर्मा, राजेंद्र ठाकुर, सुरेश ठाकुर, सुरज ठाकुर, रिंकी देवी समेत उपेंद्र कुमार शर्मा, सुरेंद्र ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, कारु ठाकुर का योगदान सराहनीय रहा।

## अभाविप ने स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग नगर इकाई के द्वारा जिला संयोजक के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया। मुख्य रूप से प्रांत उपाध्यक्ष प्रो मनोज कुमार, प्रांत सह मंत्री रोहित पांडे, विभाग संगठन मंत्री विक्रम राठौड़, जिला संयोजक बाबूलाल मेहता उपस्थित रहे। सर्वप्रथम एसपी आवास के समीप स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए प्रांत उपाध्यक्ष प्रा मनोज कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति को पूरे विश्व में फैलाने का काम किया था। मंत्री रोहित पांडे ने कहा कि आज के युवाओं को स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में नगर मंत्री यशवंत कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रुद्र राज, हिमांशु सिंह, राज प्रिंस, नगर सह मंत्री शाहील सिंह, शाश्वत सिन्हा, लालजीत यादव, विवेक यादव, पियूष पासवान, दीपक पांडे, अभय मेहता, गोलू मेहता, रितेश मेहता, विवेक कुमार, संतोष सिंह, केशव कुमार, टिंकू, राजकुमार, राहुल अग्रवाल, प्रदीप कुमार, विशाल कुमार, बिट्टू पांडे, सनी कुमार, रौशन पांडे, अजय कुमार समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिला महामंत्री और मंडल अध्यक्ष ने नये सदस्यों से की मुलाकात, कंबल भी बांटे



**इचाक (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला महामंत्री सुनील मेहता और पूर्वी मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार मेहता ने पुर्वी मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्र जाकर सदस्यता अभियान पूर्ण करने हेतु सक्रिय सदस्य बनने वालों कार्यकर्ताओं से मिलकर क्षेत्र में प्राथमिक सदस्य बनने पर जोर दिया। इस दौरान सांसद सह मंत्री अन्नपूर्णा देवी के सौजन्य से मिले कंबल को जरूरतमंद के बीच बांटा गया। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री सुनील कुमार मेहता ने कहा कि भाजपा द्वारा चलाए सदस्यता अभियान में बड़ी संख्या में युवा स्वेच्छा से जुड़ रहे हैं। साथ ही कहा कि स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के द्वारा जरूरतमंदों के लिए कम्बल भिजवाया गया है, उसे जरूरतमंद तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। पूर्वी मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार मेहता ने कहा कि हर दिन बड़ी संख्या में नए युवा पार्टी से जुड़ रहे है। मौके पर महामंत्री राजकुमार राम, मुखलाल प्रसाद मेहता, प्रेम लाल मेहता, नवलेश कुमार समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति की सात सूत्री मांगों को लेकर बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** भाजपा खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति के बैनर तले सात सूत्री मांगों को लेकर बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गोबिंद महतो एवं संचालन मो बरकतुल्लाह ने किया । बैठक में सात सूत्री मांगों को लेकर चर्चा की गई ,जिसमें मुख्य रूप से आंदोलन करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, उप प्रमुख वचनदेव कुमार, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, आजसू जिला उपाध्यक्ष लीलाधन साव,कामेश्वर महतो, भोला महतो, रामचंद्र साव, उपेंद्र कुमार, आजसू जिला उपाध्यक्ष गिरेंद्र प्रसाद, भीखन महतो, मुखिया सीकरी प्रभु महतो, रामदुलार साव ,अमित यादव ,राकेश मिश्रा ,हरदयाल राम, अनवर अली,मो साबिर,मो सैफुल्लाह,बलदेव महतो, पप्पू सिंह,गणेश राणा,श्याम महतो एवं अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने यमुनिया डैम में वनभोज किया

### पूर्व मंत्री जय प्रकाश भाई पटेल हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**विष्णुगढ़।** यहां के यमुनिया डैम में इंडिया गठबन्धन की समीक्षा बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्बास अन्सारी ने की, और संचालन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी ने किया। वनभोज में विष्णुगढ़ और टाटीझरिया प्रखंड के विभिन्न पंचायतो से आये इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव में हुई हार की समीक्षा को लेकर अपने अपने विचार रखे। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने हार की समीक्षा करते हुए कहा कि आजादी के बाद से एक समाज के इतने प्रत्याशी आज तक खड़ा नहीं हुए, इसी में मतों का बिखराव हुआ। पूर्व मंत्री ने कार्यकर्ताओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि राज्य में सरकार इंडिया गठबंधन की बनी है सारा काम होगा। मैं चुनाव हारा जरूर हु पर छेत्र नहीं, हमेशा जनता के बीच रहूंगा, आमजनों को लेकर रात दिन तैयार हूं जब कभी जरूरत पड़े आप आये आपका काम जरूर होगा। पूर्व मंत्री ने इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं से आम चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र में एक वर्ष के अंदर पुनः चुनाव होगा।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन हित मे लगातार काम करने की बात कहते हुवे नव वर्ष की बधाई दी। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो पूर्व जिलाध्यक्ष शम्भू लाल यादव, टेकोचंद महतो, जानकी शर्मा, सुरेंद्र मिश्र, देवकी महतो, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, संजय प्रजापति, मुखिया उत्तम कुमार महतो, अनिल कुमार राय, नंहकू महतो, रामचंद्र यादव, इबरार अंसारी, गुरु प्रसाद साव, हिरामन महतो, महादेव मंडल, चेतलाल महतो, महताब हुसैन, चुन्नूलाल सोरेन, छोटीलाल साव, राणा इकबाल खान, घनश्याम पाठक, गणपति स्वर्णकार, जगदीश वर्मन, विश्वजीत कुमार कसेरा, सुनील कुमार कसेरा, जोधि यादव, छोटेलाल बेसरा, नासिर अंसारी, देवशरण यादव, चेतलाल महतो, गणपति स्वर्णकार, अनुराग बर्मन, पूरण महतो, रामजन्म राय, किशोर यादव, गंगाधर महतो, हरि यादव, सुरेंद्र यादव, महेंद्र महतो, बासुदेव महतो, अख्तर अंसारी, गुलाब राम, अम्बिया देवी, उमा देवी समेत बड़ी संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता है।

## हजारीबाग यूथ विंग ने ठंड से बचाने के लिए 1100 कंबल बांटे



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कड़ाके की ठंड से जूझ रहे जरूरतमंदों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से हजारीबाग यूथ विंग ने अपने शीतकालीन राहत अभियान के तहत सिरसी और ढेंगुरा गांव में 100 जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबलों का वितरण किया। इस अभियान के माध्यम से संस्था अब तक 1100 कंबलों का वितरण कर चुकी है। हजारीबाग यूथ विंग का यह अभियान केवल दिन तक सीमित नहीं है। अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा की हमारा उद्देश्य जरूरतमंदों तक हरसंभव सहायता पहुंचाना है। कम्बल वितरण में संस्था के सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केसरी, कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य विकाश तिवारी, शम्पा बाला, उदित तिवारी, मोहम्मद ताजुद्दीन, सत्यनारायण सिंह, सिद्धार्थ कुमार उर्फ सिद्धू, पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय साहू, पीयूष राणा का भी सहयोग रहा।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने किया विवेकानंद की जयंती, मकर संक्रांति मिलन समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई हजारीबाग युवा प्रकोष्ठ के द्वारा स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती राष्ट्रीय युवा महोत्सव सह मकर संक्रांति मिलन समारोह का आयोजन प्रधान कैफेटेरिया में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 10:30 बजे एसपी कोठी के पास स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय और युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बप्पी करण के द्वारा माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त की वंदना के साथ किया गया। तत्पश्चात स्वामी जी के उद्देश्य को आगे बढ़ते हुए आर्ष कन्याओं के द्वारा लव कुश लघु कथा मंचन की सुंदर प्रस्तुति की गयी। उसके बाद उपस्थित मुख्य अतिथियों के द्वारा स्वामी विवेकानंद व्यक्तित्व और विचार विषय पर संगोष्ठी व सेमिनार का आयोजन किया। युवा प्रकोष्ठ के जिलाअध्यक्ष बप्पी करण द्वारा स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर विकास कुमार ने स्वामी विवेकानंद की संपूर्ण जीवनी उनके आदर्श दर्शन, विचार और उनकी शिक्षाओं से सभी श्रोतागण को अवगत कराया। जिला अध्यक्ष दीपक नाथ सहाय ने अपने संबोधन में सभी को स्वामी विवेकानंद के पद चिन्हों पर चलने के लिए आवाहन किया। साथ ही साथ सनातन संस्कृति से जुड़े जिला अध्यक्ष में सिख समाज के अवतार सिंह, वैश्य समाज के राजेंद्र प्रसाद ,ठाकुर समाज के अध्यक्ष छेदी ठाकुर, चंद्रवंशी समाज के अजीत कुमार, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव विजय किशोर प्रसाद और अमित कुमार, डॉ विकास कुमार, डॉ प्रदीप प्रधान, डॉ संजीव कृष्ण जमुआर, आशुतोष सिन्हा, दीपक सिन्हा को अंग वस्त्र शॉल और स्वामी जी का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, जिला कमेटी से अनिल कुमार लाल, नवल किशोर प्रसाद, डॉ प्रभात कुमार प्रधान, राजीव रंजन, ललित मोहन प्रसाद, शशिकांत श्रीवास्तव, शशि भूषण प्रसाद, दिलीप वर्मा,प्रमोद कुमार सिन्हा, राज प्रकाश संजीव कुमार बॉबी, मुरारी प्रसाद, शुभम प्रकाश, अनुपम सिन्हा, दीप नारायण आदि उपस्थित थे।

## यमराज को लेकर सड़कों पर निकले एसपी

### कहा, नियमों की अनदेखी करने पर कभी भी हो सकता है सामना

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** वाहन चालकों के लिए यातायात नियमों का पालन करना बेहद आवश्यक होता है, लेकिन कई बार लोग जल्दीबाजी और लापरवाही में इसे दरकिनार कर दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष अभियान की शुरूआत की गयी है। जिला परिवहन कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के द्वारा विभिन्न इलाकों में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के नेतृत्व में रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया। मौके पर एसपी ने कहा कि जिले के सभी थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया जायेगा। इसमें संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी भी मुख्य रूप से शामिल रहेंगे। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा। उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों से वैध ड्राइविंग लाइसेंस के साथ हमेशा हेलमेट पहन कर वाहन चलाने की अपील की।

वहीं उन्होंने दो पहिया वाहन के पीछे बैठने वाले लोगों को भी अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की अपील की। इसके अलावा चार पहिया और बड़े वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाने, शराब के नशे में वाहन नहीं चलाने, यातायात नियम के तहत निर्धारित स्पीड लिमिट में वाहन चलाने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से निकली सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ में एक पुलिस का जवान यमराज की वेशभूषा में दिखा। एसपी ने कहा कि जागरूकता रथ में यम की शक्ल में पुलिस जवान को शामिल कर-के लोगों को यह भी संदेश दिया जा रहा है कि यदि लोग नियमों की अनदेखी करेंगे तो उनका यमराज से कभी भी सामना हो सकता है। उन्होंने बताया कि यदि लोग नियमों का पालन नहीं करेंगे तो जागरूकता अभियान के बाद लोगों से परिवहन अधिनियम के तहत जुमार्ना वसूलने की भी कार्यवाही की जायेगी।

## होलंग में आंगनबाड़ी से पैसा आया बोल साइबर अपराधी ने ठगे 14 हजार रुपये

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत होलंग गांव के सुरेंद्र कुमार महतो पिता बिशुन महतो के खाते से साईबर अपराधी ने फोन पे के माध्यम से 14 हजार रुपये की ठगी। मुक्तभोगी की पत्नी नीलम देवी ने बताया की शुक्रवार शाम को मेरे मोबाईल में साईबर अपराधी ने 7070142834 नंबर से फोन किया। अपराधी ने फोन पर कहा कि आपके पति का नाम सुरेंद्र महतो है। आपकी लड़की एक फरवरी को हुई है, उसका नाम स्नेहा कुमारी है। उसका आंगनबाड़ी के तरफ से 1500 रूपया आया है। तब इधर से नीलम देवी बोली आया है तो एकाउंट में आ जायेगा। साईबर अपराधी बोला की आपके बैंक में पैसा नहीं जा रहा है, आप फोन पे नंबर आ फिर गुगल पे नंबर दीजिये पैसा उसी में जायेगा। नीलम देवी ने अपने पति के का फोन पे नंबर 9653211582 उस अपराधी को दे दिया। उस नंबर को पाकर वह उसके पति सुरेंद्र को फोन कर यही बात बताया। पहले अपराधी ने एक रूपया भुक्तभोगी के खाते में भेजकर देखा पैसा आने के बाद अपराधी ने सुरेंद्र को ओटीपी बताने को कहा और कहा की ओके कर दीजिये तब सुरेंद्र ने जैसे ही ओके किया उसके खाते से 14 हजार रुपये उड गये। इसके अलावे शनिवार को होलंग के ही बासमती देवी पति महादेव महतो के घर में भी उसी नंबर से साईबर अपराधी ने फोन कर ठगी करने का प्रयास किया। जब फोन पे नंबर मांगा गया तब बासमती देवी ने नंबर देने से साफ मना कर दिया। उसके देवर को भी फोन कर प्रलोभन दिया, लेकिन एक दिन पहले हुई ठगी से सभी सजग हो गये थे। भुक्तभोगी ने साईबर अपराधियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## कोयला खदान संघर्ष समिति की बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कोयला खदान संघर्ष समिति ट्रेड मजदूर यूनियन की बैठक लंगातू में की गयी। जिसकी अध्यक्षता ओमकार शर्मा ने किया। वहीं बड़कागांव एवं केरेडारी के सदस्य मौजूद थे। बैठक में काफी बिंदुओं पर चर्चा किया गया। केरेडारी के लोगों को कहना है कि एनटीपीसी सीएसआर फंड का उपयोग केरेडारी प्रखंड में नहीं किया जा रहा है। ऐसा करना उचित नहीं है और रित्विक और बिजीआर कंपनी जो मीनिंग कर रही है वह सरासर गलत तरीके से कर रही है। बीजीआर और ऋतिक ग्रामीण रैयत्तो को सही मुआवजा नहीं दे रही है रैयत और विस्थापितों के रोजी रोजगार नहीं दिया जा रहा है। ऋतिक और बीजीआर सरा सर गलत कर रही है, अगर बिजीआर और ऋतिक का यही रवैया रहा तो कोयला खदान संघर्ष समिति ट्रेड मजदूर यूनियन बाध्य होकर आंदोलन करेगी। मौके पर केंद्रीय महामंत्री ओंकार शर्मा, राज बीरेंद्र राज, गणेश तूरी, मीडिया प्रभारी संजय कुमार पासवान, प्रमोद कुमार, कुलेश्वर प्रजापति, किशन तूरी, सागर कुमार, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष विवेक कुमार, ममता देवी, नितेश कुमार, हेमंती देवी, खुशबू कुमारी, प्रदीप साहू ,प्रकाश साव, दीपक मिर्जा, कुलेश्वर साव, अनिल कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बरकट्ठा अंचलाधिकारी ने कर्मियों के साथ की बैठक, सभी कार्य जल्द निपटाने का दिया निर्देश



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मियों के साथ बैठक की।बैठक में आगामी 13 तारीख को उपायुक्त कार्यालय हजारीबाग में निर्धारित बैठक को लेकर सभी रिपोर्ट समेकित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यालय आदेश निकालते हुए सभी कर्मी को प्रखंड मुख्यालय में रहने तथा मुख्यालय छोड़ने से पहले बीडीओ से अनुमति प्राप्त करने का आदेश जारी किया। उन्होंने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि दिनांक 10.1.2025 को अधिकतर कर्मी मुख्यालय और कार्यालय में उपस्थित नहीं थे जो चिंताजनक है। वहीं विभिन्न विभाग के कर्मियों को फटकार लगाते हुए कहा कि आप लोग अपने-अपने कार्य को शीघ्र पूरा करें। किसी भी आम पब्लिक को उनके कार्य के लिए अंचल कार्यालय दोबारा बुलाने का प्रयास न करें, उनका काम जल्द से जल्द करें ताकि उन्हें समस्या न हो। इस दौरान उन्होंने लोगों से कार्य में सुधार लाने की अपील करते हुए कहा कि अच्छे कार्य होने से आपका इस क्षेत्र में नाम रोशन होगा। सरकार आप लोगों को पेमेंट देती है ताकि आप लोग निस्वार्थ भाव से पब्लिक का सेवा करें।

## इचाक की बुढ़िया माता मंदिर में कल चूड़ा-दही कार्यक्रम का आयोजन

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला महामंत्री सुनील मेहता के द्वारा इचाक प्रखंड के ऐतिहासिक बुढ़िया माता मंदिर में चुड़ा दही कार्यक्रम का आयोजन कल किया गया है। सुनील मेहता ने जानकारी देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से एक साथ मिल बैठ खाने और त्यौहार मनाने का मौका मिलता है। साथ ही क्षेत्र के सभी लोगों से इस अवसर पर आने का आग्रह किया है।

## बर्नवाल (मोदी) सेवा समिति के परिवार मिलन समारोह में हजारीबाग विधायक हुए शामिल



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सामाजिक एकता और सेवा के उद्देश्य से बर्नवाल (मोदी) सेवा समिति, हजारीबाग द्वारा आयोजित परिवार मिलन समारोह में हजारीबाग के विधायक प्रदीप प्रसाद ने मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। समारोह का शुभारंभ परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ हुआ, जिसमें दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण ने वातावरण को और भी आध्यात्मिक बना दिया। विधायक प्रदीप प्रसाद का समारोह में पहुंचने पर से स्वागत किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया। प्रदीप प्रसाद ने कहा की बरनवाल समाज ने हमेशा सामाजिक एकता और परोपकार के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। यह परिवार मिलन समारोह न केवल आपसी सौहार्द्र को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज को संगठित और सशक्त बनाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। उन्होंने आगे कहा कि समाज की प्रगति के लिए सभी वर्गों का साथ और समर्पण आवश्यक है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे क्षेत्र की जनता के हित में काम करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे, और समाज के विकास के लिए हर संभव सहयोग देंगे।

## श्री श्याम मंदिर पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने किया स्वागत



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर के नेहरू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे। यहां उन्होंने श्री बाबा के दरबार में मत्थाटेक कर क्षेत्र की जनता की खुशहाली की कामना की। मंदिर के निर्माण कार्य को देखकर उन्होंने प्रशंसा की। इसके उपरांत उन्होंने मंदिर का निरीक्षण कर ट्रस्ट के पदाधिकारी को भरोसा दिलाया कि मंदिर के लिए जो भी सहयोग यथासंभव जो भी होगा पूरा कराया जाएगा। इस दौरान श्री श्याम सेवा ट्रस्ट समिति ने उन्हें प्राण प्रतिष्ठा में उपस्थित होने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष सांवर कुमार अग्रवाल, सचिव अनिल कुमार गोयल, उपाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, भवन निर्माण मंत्री रमेश कुमार अग्रवाल, कमल बगड़िया जी, सुशील गर्ग जी, शिव कुमार अग्रवाल, दीपक मंगलम, शंभू अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, श्री श्याम परशुरामपुरिया, बाल किशन जलान, इंद्र अग्रवाल, प्रकाश पटवारी, मुन्ना अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, राजीव जायसवाल, रॉबिन गुप्ता, अनमोल सिंह, राजीव जायसवाल आदि शामिल थे।

## राधा गोविंद पब्लिक स्कूल में 25वें स्थापना दिवस पर पूजा का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** राधा गोविंद पब्लिक स्कूल के मंदिर परिसर में रविवार को स्कूल का 25वां स्थापना दिवस और स्वामी विवेकानंद की जयंती पर पूजा और हवन का आयोजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। इस अवसर पर राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के संस्थापक स्व गोविंद साह एवं स्व राधा देवी व स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन विद्यालय के चेयरमैन बीएन साह, सचिव प्रियंका कुमारी द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन बी एन साह ने 25 वें स्थापना दिवस पूरे होने पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं और बधाई दी। मौके पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के वित्त और लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुजीत कुमार मोहंती, प्रशासक के एन सिंह सहित शिक्षकवृंद और कर्मचारी उपस्थित थे।

## पंजाबी हिंदू बिरादरी की सांझी लोहड़ी आज

**रामगढ (आजाद सिपाही)।** पंजाबी हिन्दू बिरादरी रामगढ़ के तत्वावधान में आज सोमवार को सांझी लोहड़ी समारोह का आयोजन किया जायेगा। उक्त बातों की जानकारी पंजाबी हिन्दू बिरादरी के महासचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश मारवाह ने दी। उन्होंने बताया कि सांझी लोहड़ी समारोह शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर प्रांगण में होगी। रात्रि 7 बजे माता वैष्णों देवी की महाआरती और 8 बजे बिरादरी के जिन सदस्यों के घरों में इस वर्ष शादियां या नवजात शिशुओं ने जन्म लिया है, वैसे दम्पतियों को माता वैष्णों देवी का आशीर्वाद बिरादरी के बुजुर्गों के कर कमलों से दिया जायेगा। मारवाह ने बताया कि इससे पहले रात्रि साढ़े सात बजे अलाव में चूड़ा, तिलकुट, काला तिल डालकर अग्नि देव की पूजा अर्चना की जायेगी।

## पतरातू में मनायी गयी विवेकानंद की जयंती



स्वामी विवेकानंद के बताये मार्ग पर चलने की जरूरत : रोशन लाल चौधरी

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीटीपीएस कटिया में सोमवार को स्वामी विवेकानंद का 162वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य राजाराम प्रजापति पीटीपीएस महाविद्यालय के प्राचार्य कुमार मनोज सहित कई लोगों ने स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मना रहे हैं । इसलिए जयंती के अवसर पर हम सभी को संकल्पित होकर उनके दिखाये गये मार्ग को साकार करने के लिए कार्य करना चाहिए। इस मौक पर मुखिया किशोर महतो पंसस अनिता जैन भाजपा के युवा नेता गणेश वारिस खान सीमा राय सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## मणिपाल स्कूल में शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन

**कुजू (आजाद सिपाही)।** मणिपाल सीडलिंग्स प्ले स्कूल और मणिपाल इंटरनेशनल स्कूल भरेचनगर में शिक्षकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों के बीच उच्च गुणवत्ता शिक्षा बच्चों को देने की महता पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही, शिक्षकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमे अर्पिता कुमारी सफल रही। जबकि अंग्रेजी भाषा के महत्वों पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अंजन कुमार मंडल सफल रहे। वही, महिला आधारित शिक्षा की महता में सीमा मंडल सफल रही। कार्यशाला के दौरान मुख्य रूप से मौजूद विद्यालय निदेशक गया। प्रसाद राय ने कहा कि शिक्षकों के बीच ऐसे कार्यशाला के आयोजनों से गुणवत्ता शिक्षा बच्चों के बीच प्रदान करने का अवसर मिलता है। वही, शिक्षकों में आपसी समन्वय बनाकर एक दूसरे के बीच सकारात्मक सोच की उत्पति होती है। उन्होंने शिक्षकों से कार्यशाला में मिले निर्देश का पालन कर बच्चो को बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का टिप्स दी। उन्होंने कहा कि आगामी 13 जनवरी को वाद विवाद प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित के बाद समापन किया जायेगा। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## एनडीपीएस फॉरेस्ट एक्ट केस में सात अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में रविवार को एनडीपीएस और फॉरेस्ट एक्ट केस में सात अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जिसमे मुंद्रिका यादव, पिता दशरथ यादव उम्र 33 वर्ष, रोहित कुमार यादव, वीरेंद्र यादव उम्र 20 वर्ष, प्रमेशवर गंझू, पिता हुद गंझू उम्र 41 वर्ष, बिनोद भारती पिता लट्टू भारती उम्र 25 वर्ष, हरनाथ गंझू पिता रामलाल गंझू उम्र 35 वर्ष, प्रदीप कुमार यादव पिता राजेंद्र यादव उम्र 22 वर्ष, व्रजेश यादव सभी अभियुक्त ग्राम दारी थाना कुंदा के निवासी थे। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि एनडीपीएस एवं फॉरेस्ट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था, जिसके तहत सातों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेज दिया गया।

# एनकाउंटर स्थल पर आकाश करमाली उर्फ अधिराज सिंह को लेकर पहुंची पुलिस

### पुलिस का सर्च अभियान, रामगढ़ और हजारीबाग के वरीय पुलिस अधिकारियों का रहा जमावड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/कुजू।** कुजू में आतंक का दूसरा नाम राहुल तुरी उर्फ आलोक जी का एनकाउंटर के दूसरे दिन गिरफ्तार अपराधी आकाश करमाली को लेकर पुलिस घटनास्थल पहुंची। जिसके बाद आकाश के निशानदेही पर एक पिस्टल बरामद किया गया। जिसके बाद पूरे इलाके का गहन तलाशी ली है। जिसमें एनकाउंटर में चली गोलियां का खोखा बरामद किया गया।

**एसपी ने बताई सर्च अभियान की पूरी कहानी :** एसपी अजय कुमार ने बताया कि राहुल तुरी की मौत हो गयी, लेकिन उसका साथी आकाश करमाली गिरफ्तार कर लिया गया था। शनिवार की देर रात तक उस कुजू ओपी क्षेत्र के मुरपा बस्ती में सुनसान इलाके में भी छापेमारी चल रही थी, लेकिन अंधेरा होने की वजह से पुलिस को सर्च अभियान रोकना पड़ा। रविवार की सुबह से ही आकाश करमाली की निशानदेही पर एक बार फिर सर्च अभियान शुरू हुआ। हजारीबाग और रामगढ़ जिले के जिन स्थानों पर वह रुका था और जिन-जिन स्थानों पर हथियार छुपा कर रखा था उसकी जानकारी उसने दी है। फिलहाल मुठभेड़ के स्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर 7.62 एमएम का पिस्टल और मैगजीन से जिंदा गोली बरामद की गयी है। साथ ही राहुल तुरी के हथियार से चली गोली के खोखे बरामद किये गये हैं। हजारीबाग जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में भी सर्च अभियान चल रहा है, लेकिन अभी तक वहां कोई सफलता हासिल नहीं हुई है।

**मोस्ट वांटेड राहुल तुरी की गले में लगी गोली सिर से हो गयी पार :** तीन जिलों का मोस्ट वांटेड अपराधी राहुल तुरी उर्फ आलोक जब पुलिस के साथ मुठभेड़ कर रहा था, तो झाड़ियों में छुप गया था। दो दर्जन से अधिक गोलियां दोनों तरफ से चली। राहुल तुरी की मौत तब हुई जब पुलिस की गोली उसके गले में लगी और सिर से पार हो गयी। उसे एक और बोली पैर में भी लगी थी। इन सब का खुलासा रविवार को तब हुआ जब मजिस्ट्रेट के मौजूदगी में तीन डॉक्टरों की टीम ने उसके शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पर रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने भी पूरी निगाह रखी थी।



## राहुल के शव से मामा ने झाड़ा पल्ला, पोस्टमार्टम कराने नहीं पहुंचा भाई

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मोस्ट वांटेड अपराधी राहुल तुरी उर्फ आलोक के एनकाउंटर में मौत के बाद परिवार वालों ने उससे अपनी दूरी बना ली। राहुल के मामा गणेश तुरी भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के कुर्से गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने सबसे पहले अपना पल्ला झाड़ लिया है। उन्होंने कहा कि भांजे राहुल से उसका कोई लेना देना नहीं है। ना ही उनकी बहन संगीता देवी और उनके बच्चों से उनका कोई लेना देना है। पुलिस जब उन्हें पोस्टमार्टम हाउस के पास बुलाई तो वे वहां पहुंचे और राहुल के परिवार वालों से अपना नाता तोड़ने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा कि वह ना तो राहुल तुरी का शव स्वीकार करेंगे और ना ही वह उसके अंतिम संस्कार में शामिल होंगे।

**जेल में बंद है बाप, पोस्टमार्टम कराने नहीं पहुंचा भाई :** राहुल की लाश का पोस्टमार्टम हो रहा था, तब मां तो पहुंच गयी, लेकिन उसकी बहन बरखा और छोटा भाई सत्यम नहीं आया। उन दोनों ने भाई की हरकतों से परेशान होने की बात कह डाली। राहुल तुरी का बाप छोटन तुरी भी एक बड़ा अपराधी ही है। उसपर एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। वर्तमान समय में छोटन तुरी भी जेल में बंद है। वह अपने मृत बेटे का मुंह भी नहीं देख सकता। इन सब के बीच रिश्तेदारों और समाज के लोगों ने भी इस परिवार से अपना नाता रिश्ता तोड़ लिया है।

### पोस्टमार्टम हाउस के बाहर भी बिलखती रही मां और मौसी

कहते हैं बेटा कितना बड़ा भी अपराधी हो, मां की ममता कम नहीं होती। बेटे की मौत की सूचना पाकर राहुल की मां संगीता देवी अपनी बहन के साथ रामगढ़ पहुंची। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस के बाहर जमीन पर बैठकर बिलखना शुरू किया, लेकिन उनका साथ देने वाला कोई नहीं था। मूल रूप से बालूमाथ की रहने वाली संगीता देवी वर्तमान में रांची जिले के खलारी क्षेत्र में रहती हैं। दूसरे घरों में झाड़ू, पोछा और बर्तन धोकर वह अपना पेट पाल रही हैं, लेकिन जब बेटे की मौत की खबर उनके कानों में पहुंची। वह सब छोड़कर यहां आ गयी, लेकिन उनके सामने एक बड़ी विडंबना यह थी कि उनके बेटे के अंतिम संस्कार में कोई भी शामिल होने को तैयार नहीं था। यहां तक की उनके गांव समाज के लोगों ने पहले ही उनका बहिष्कार कर रखा था।

## कुजू में पुलिस इनकाउंटर मामले में एक और खुलासा

## राहुल तुरी छह साथियों के साथ पहुंचा था कुजू , बड़ी वारदात की थी प्लानिंग

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** कुजू में पुलिस इनकाउंटर में मारा गया आतंक का दूसरा नाम राहुल तुरी उर्फ आलोक जी मामले में कई खुलासे सामने आ रहे है। पुलिस हर बिंदु पर बारीकी से काम कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार राहुल तुरी अपने 6 साथियों के साथ मुरपा के मांझी टोला के निकट जंगल में जुटा था। सभी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए जुटे थे। सभी अपराधी के पास पर्याप्त हथियार थे। प्लानिंग तैयार कर आगे बढ़ने के लिए घटनास्थल जुटा था, लेकिन इसकी भनक पुलिस को लग गयी और अपराधी अपनी रणनीति में विफल हो गया।

**एक साथ महुआ पेड़ के नीचे बैठा था आकाश और राहुल :** सूत्रों ने बताया कि पुलिस जब मोटरसाइकिल पर सवार होकर मांझी टोला के खुले मैदान में प्रवेश की तो राहुल तुरी उर्फ आलोक जी और आकाश करमाली एक साथ महुआ पेड़ के नीचे बैठा था। जबकि अन्य चार अपराधी दूरी बनाकर बैठे थे। यानी की दूर से दोनों अपराधी का निगरानी कर रहा था। इसी बीच राहुल की नजर पुलिस पर पड़ी। जिसके बाद राहुल और आकाश भागने लगा। पुलिस की दबिश देख राहुल ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दिया। पुलिस अपनी बचाव में जबावी कार्रवाई शुरू कर दिया। जिसमें राहुल तुरी मारा गया। जबकि आकाश करमाली पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

**आकाश करमाली को लेकर कई जिलों में छापामारी कर है पुलिस**

इधर बताया जाता है कि गिरफ्तार आकाश करमाली को लेकर हजारीबाग पुलिस ताबड़तोड़ छापामारी शुरू कर दी। हालांकि अभी तक कोई सफलता नहीं मिला है, लेकिन पुलिस को पूरा उम्मीद है कि बड़ी संख्या में अपराधी पकड़े जायेंगे। साथ हथियार का जखीरा बरामद होगा।

### एक सप्ताह पहले हुई थी राहुल तुरी के घर की कुर्की

राहुल तुरी के मां संगीत देवी ने बताया की राहुल घर नहीं आता था, लेकिन पूरा परिवार का जीना दुशवार हो गया था। एक सप्ताह पहले ही मेरे घर की कुर्की पुलिस की थी। घर का एक एक चीज खोलकर ले है। दरवाजे का चौखट तक ले गयी। उन्होंने बताया कि राहुल एक एक साल तक घर नहीं आता था, लेकिन पुलिस लगातार आकर पूछताछ करती थी।

# कराटे कलर बेल्ट टेस्ट का सफल समापन 150 कराटेकारों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के गोरियारीबाग स्थित 'द टेम्पल ऑफ वॉरियर्स' में रविवार को कराटे कलर बेल्ट टेस्ट का समापन हुआ। यह कार्यक्रम शोतोकान कराटे-डो फेडरेशन ऑफ इंडिया और रामगढ़ ब्रांच के संयुक्त तत्वाधान में संचालन आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में 150 कराटेकारों ने भाग लिया, जिन्होंने अपनी प्रतिभा और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों की मुख्य प्रशिक्षक मानस सिन्हा (ब्लैक बेल्ट 8वीं डैन) ने ली, जिन्हें तकनीकी सहयोग शिहान नरेंद्र सिन्हा (ब्लैक बेल्ट 7वीं डैन) ने प्रदान किया। आयोजन का समग्र संचालन और मार्गदर्शन शिहान शशि पांडे (ब्लैक बेल्ट 6वीं डैन) द्वारा किया गया।



**अतिथियों ने युवाओं में आत्मरक्षा और अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया**

कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रधान परमदीप सिंह कालरा, रामगढ़ जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय मेवाड़, शोतोकान कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया के तकनीकी निदेशक क्योशी नरेंद्र सिन्हा, समाजसेवी अमित साहू, संजय साह, गणेश पांडे और सुशांत पांडये ने युवाओं में आत्मरक्षा और अनुशासन के महत्व को रेखांकित किया।

**कराटेकारों में किया बेहतर प्रदर्शन**

कराटेकारों ने कराटे के विभिन्न काता (फॉर्म्स) और कुंभाइट (फाइटिंग) तकनीकों का प्रदर्शन किया। उनके अनुशासन, शक्ति और तकनीकी दक्षता को देखकर अतिथि और दर्शक प्रभावित हुए। अतिथियों और प्रशिक्षकों ने आत्मरक्षा के महत्व और इसकी आवश्यकता पर अपने विचार साझा किये। सफल कराटेकारों को उनकी मेहनत और प्रदर्शन के आधार पर नई बेल्ट और प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

**कराटे और आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक बड़ा कदम : शशि**

कार्यक्रम के दौरान शिहान शशि पांडे ने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों और अतिथियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह आयोजन कराटे और आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे हमें भविष्य में और भी अधिक छात्रों को प्रेरित करने की प्रेरणा मिली है।

## अवैध खनन के विरुद्ध जिला प्रशासन की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

**चतरा (आजाद सिपाही)।** अवैध खनन,परिवहन और भंडारण के विरुद्ध जिले में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार और गुप्त सूचना के आधार पर चतरा अनुमंडल क्षेत्र के मयूरहंड प्रखंड में अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा द्वारा संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान सोकी पंचायत भवन के बगल खाली जमीन पर कुल एक लाख 35 हजार सीएफटी अवैध बालू भंडारण पाया गया। जिसे जिला खनन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चतरा, खान निरीक्षक द्वार जब्त कर लिया गया है। एक सप्ताह के अंदर लगभग 185000 सीएफटी बालू को किया गया जब्त, जिले के सिमरिया अनुमंडल क्षेत्र से कुल एक सप्ताह के अंदर अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स और प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स के संयुक्त छापेमारी अभियान के दौरान सिमरिया प्रखंड क्षेत्र में 4500 सीएफटी अवैध बालू भंडार, टंडवा में 6800 सीएफटी, लावालौंग में 2200 सीएफटी कुल 13500 सीएफटी माफियाओं द्वारा किये गये बालू भंडारण को जब्त किया गया है। छापेमारी अभियान के क्रम में जिले भर से 450 सीएफटी बालू लोड 05 ट्रैक्टर को भी किया गया है जब्त। उपायुक्त रमेश घोलप पूर्व में आयोजित जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में जिला खनन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारियों और सभी थाना प्रभारियों को किसी भी सूरत में अवैध बालू, पत्थर, एवं कोयला का खनन परिवहन ना हो इसके लिए सभी जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स टीम लगातार 247 छापेमारी अभियान चलाएं। अगर किन्हीं व्यक्ति की संलिप्तता प्रमाणित होती है तो उनके ऊपर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# झारखंड सरकार की लापरवाही से केंद्र की योजनाओं की रफ्तार धीमी पड़ गयी है : मनीष जायसवाल

### सांसद ने प्रेस मीट में सात महीने में किये गये कार्यों से कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल रविवार को रामगढ़ में प्रेस मीट में शामिल हुए। यहां उन्होंने सात महीने में किये गये कार्यों से लोगों को अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने झारखंड में केंद्र की योजनाओं की धीमी पड़ी रफ्तार का ठीकरा हेमंत सरकार पर फोड़ा। उन्होंने कहा कि हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में तीन महत्वाकांक्षी योजनाएं झारखंड सरकार के द्वारा भूमि अधिग्रहण नहीं किये जाने के कारण पूर्ण नहीं हो पा रही है। सबसे बड़ा मुद्दा हजारीबाग में एयरपोर्ट का है। एयरपोर्ट को स्वीकृत हुए 6 साल से अधिक हो गये, लेकिन जमीन अधिग्रहण नहीं होने से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। इसके अलावा कोलकाता से बनारस सुपर एक्सप्रेस-वे और रायपुर से धनबाद एक्सप्रेस-वे का निर्माण भी इसीलिए धीमा पड़ा है क्योंकि भूमि अधिग्रहण समय पर नहीं हो पाया है।




**संसद में रही 100% उपस्थिति , उठाये 63 सवाल**

सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि शपथ ग्रहण सत्र मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र में उन्होंने 63 सवाल उठाये हैं। सात बार उन्हें संबोधन का मौका मिला जिसमें उन्होंने हजारीबाग की जनता के लिए एम्स अस्पताल का निर्माण करने की मांग उठाई। रोड सेफ्टी के लिए चुट्टूपालू घाटी, चरही घाटी और चौपारण घाटी में ब्लैक स्पॉट को सुधारने की बात कही। इन घाटियों में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करने की बात उठाई। चुट्टूपालू घाटी को छोड़कर चौपारण और चरही घाटी में स्ट्रीट लाइट जल रही है। बंगाल से आलू का ट्रेड बंद होने पर भी उन्होंने सवाल उठाया तब जाकर झारखंड में फ्री ट्रेड शुरू हो सका। रामगढ़ में इंडियन स्कूल ऑफ माइंस स्कूल खोलने को लेकर भी उन्होंने सवाल उठाये हैं ताकि यहां के लोगों को रोजगार मिल सके।

**बांग्लादेशी घुसपैठ पर भी उन्होंने रखा है अपना मंतव्य**

सांसद ने कहा कि झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ एक बड़ा मुद्दा है। इसके अलावा यहां विद्यालय में रविवार की जगह शुक्रवार को छुट्टी देना बड़ा मामला है। स्कूलों के रंग बदल दिए जा रहे हैं, जिससे सांप्रदायिक बू आ रही है। उन्होंने माइनॉरिटी के विद्यालयों में राइट टू एजुकेशन एक्ट के फ्री एजुकेशन एक्ट को लागू करने की भी मांग उठाई।

**बरकाकाना में राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का हो ठराओ**

सांसद ने कहा कि रांची दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन को बरकाकाना में ठहराव कराने के लिए उन्होंने सवाल उठाये हैं। पहले यह ट्रेन इसी रूट से होकर जाती थी, लेकिन यह नियमित हो जिससे हजारीबाग संसदीय क्षेत्र की जनता को सहूलियत हो सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अमृत भारत के तहत इस संसदीय क्षेत्र में बरकाकाना स्टेशन का चयन हुआ है। लेकिन इस संसदीय क्षेत्र के अन्य रेलवे स्टेशनों का जीर्णोद्धार हो इस पर भी उन्होंने मांग रखी है।


## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 24392 दिनांक 10.01.2025 मैं रतनी मिंज, पति-शिव शंकर मिंज, निवास स्थान -गाड़ी गांव, पाहन टोली, पोस्ट-होटवार, थाना-सदर, जिला- रांची, राज्य- झारखण्ड- 835217 शपथ पूर्वक निम्न व्यान देता हूँ कि- 1. यह कि मैं भारतिय नागरिक हूँ एवं उक्त पते की निवासी हूँ। 2. यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम सुषमा मिंज (SUSHMA MINZ) है जो जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है, जन्म तिथि-01.08.2012 (पंजीकरण संख्या -B20252090032000434) जो सही है। 3. यह कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड में भूलवश सुशान्त मिंज (SUSHANT MINZ) अंकित हो गया है जो गलत है आधार नं०-(4770 2768 5100) 4. यह कि सुषमा मिंज (SUSHMA MINZ) एवं सुशान्त मिंज (SUSHANT MINZ) दोनों एक हीं बच्ची का नाम है जो मेरी पुत्री है। 5. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपनी पुत्री के नाम संबंधित सत्यापित करने हेतु दे रही हूँ। 6. यह कि उपरोक्त वर्णित कथन सही एवं सत्य है । यह शपथ पत्र आज दिनांक-10.01.2025 ई0 को रांची में सम्पन्न किया गया।

# परीक्षाओं की स्पष्टता पर सवाल

बिहार प्रशासनिक सेवा आयोग यानी बीपीएससी की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा शनिवार 4 जनवरी को दोबारा करायी गयी। इससे पहले बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 13 दिसंबर को यह परीक्षा करायी गयी थी। उस समय पटना के बापू परीक्षा केंद्र पर इस परीक्षा में हंगामा हुआ था। इस परीक्षा के कई वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुए थे। छात्रों ने आरोप लगाया था कि इस परीक्षा में गड़बड़ी हुई है। 16 दिसंबर को इस मुद्दे पर बीपीएससी ने एक प्रेस वार्ता आयोजित की। इस प्रेस वार्ता में बीपीएससी के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई ने यह कहा था कि आयोग की तरफ से कोई लापरवाही नहीं हुई है। उन्होंने कहा था कि बिहार में 912 केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गयी थी। इनमें से बापू परीक्षा केंद्र में हुई परीक्षा को रद्द किया गया। छात्र मांग कर रहे थे कि सभी परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा दोबारा हो, लेकिन सरकार और बिहार प्रशासनिक सेवा आयोग ने छात्रों की मांग न मानते हुए शनिवार 4 जनवरी को सिर्फ पटना के बापू परीक्षा केंद्र के छात्रों के लिए यह परीक्षा दोबारा आयोजित करायी। पटना के 22 केंद्रों पर इस परीक्षा का आयोजन कराया गया। पटना में अभी भी छात्र इस मुद्दे पर आंदोलन कर रहे हैं।


**मेडिकल कॉलेजों में धांधली की शिकायतें पहले से ही मिलती रही हैं। इन शिकायतों को दूर करने के लिए ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए के माध्यम से प्रवेश परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया था, लेकिन एनटीए भी सवालों के घेरे में आ गयी थी।**

बीपीएससी की परीक्षाओं में पहले भी कई बार गड़बड़ी की शिकायतें मिली हैं। पिछले साल शिक्षक भर्ती परीक्षा को पेपर लीक होने के कारण रद्द करना पड़ा था। बिहार में परीक्षाओं में पेपर लीक होने की शिकायतें पहले भी मिलती रही हैं। इससे पहले अमीन भर्ती, सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, सिपाही भर्ती जैसी कई परीक्षाओं के पेपर लीक होने की घटनाएं प्रकाश में आयी हैं। पिछले कुछ वर्षों में प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं में धांधली की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड में अनेक प्रतियोगी परीक्षाएं इसलिए रद्द करनी पड़ीं, क्योंकि उनके पेपर पहले ही लीक हो चुके थे। कुछ समय पहले नीट की परीक्षा में कथित तौर पर धांधली का मामला सामने आया था। मेडिकल कॉलेजों में धांधली की शिकायतें पहले से ही मिलती रही हैं। इन शिकायतों को दूर करने के लिए ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए के माध्यम से प्रवेश परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया था, लेकिन एनटीए भी सवालों के घेरे में आ गयी थी। नीट परीक्षा में धांधली के बाद यूजीसी नेट परीक्षा में भी धांधली की खबर प्रकाश में आयी थी। इस दौर में परीक्षाओं में धांधली आम हो गयी है। एक तरफ भारत में नये-नये विश्वविद्यालय बन रहे हैं, तो दूसरी तरफ लगातार विभिन्न परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं। बड़े-बड़े दावे पेश करने वाली सरकारें यदि परीक्षाओं के पेपर भी ठीक तरह से न करवा पायें, तो ऐसे विकास का क्या लाभ है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

पिछले दस वर्षों में मौसम और जलवायु सेवाओं और बुनियादी ढांचे में सुधार की दिशा में जबरदस्त प्रगति हुई है। 2024 में मिशन मौसम के शुभारंभ का लक्ष्य आने वाले दो वर्षों में हमें और भी बड़ा और बेहतर बनाना है। देश का अवलोकन नेटवर्क, डेटा रिजॉल्यूशन, सूचना प्रसार और लीड टाइम सभी का उद्देश्य हमारे लोगों के लिए अधिक उपयोगी बनना है। हमें अपनी कृषि-मौसम सेवाओं को अधिक किसान-विशिष्ट और सटीक बनाने के लिए प्रयास जारी रखना चाहिए तथा ओलावृष्टि, विमानों में बर्फ जमना, चरम मौसम-आधारित भूस्खलन, बाढ़ आदि जैसी घटनाओं के लिए पूर्वानुमान और शमन क्षमताओं को बढ़ाना चाहिए।

# मौसम पूर्वानुमान से लेकर प्रबंधन तक-भारत ने एक लंबा सफर तय किया है



**डॉ पीएस गोयल**

जुलाई 2006 में, जब पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय अस्तित्व में आया, तो भारत पृथ्वी प्रणाली विज्ञान के लिए समर्पित मंत्रालय रखने वाला पहला देश था। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय को देश में पृथ्वी प्रणाली विज्ञान से संबंधित ज्ञान उत्पन्न करने और सेवाएं प्रदान करने का कार्य सौंपा गया था: मौसम, जलवायु, महासागर और तटीय स्थिति, जल विज्ञान, भूकंप विज्ञान और प्राकृतिक खतरे; समुद्री सजीव और निर्जीव संसाधन; और पृथ्वी के ध्रुवों (आर्कटिक, अंटार्कटिक और हिमालय) के लिए सार्वजनिक लाभ के लिए। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपति की अधिसूचना के माध्यम से महासागर विकास विभाग को पुनर्गठित करके बनाया गया था।

प्रोफेसर रोधम नरसिम्हा द्वारा समुद्र और वायुमंडल को एक युग्मित प्रणाली के रूप में मानने और ठोस पृथ्वी और क्रायोस्फेयर को सोखने के द्वारा मौसम के पूर्वानुमान को बेहतर बनाने की आवश्यकता का हवाला देते हुए, मैं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय को तैयार करने के सावधानीपूर्वक कार्य का नेतृत्व करने के लिए सहमत हुआ। जुलाई 2005 में महासागर विकास विभाग का कार्यभार संभालने से पहले, मैं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन सेटेलाइट सेंटर, बेंगलुरु में था। फिर, जब 2006 में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय अस्तित्व में आया, तो मैं (आधिकारिक रूप से) पहला सचिव था, जिसने मंत्रालय के समग्र संस्थागत ढांचे में वायुमंडलीय विज्ञान को महासागर विज्ञान घटक में एकीकृत करने का विशाल कार्य निष्पादित किया। उस समय, सीएसआइआर-राष्ट्रीय समुद्र

**भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 150 वर्ष पूरे हुए**



विज्ञान संस्थान, गोवा और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की समुद्री शाखा को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में शामिल करना भी विचाराधीन था विस्तृत अंतर-मंत्रालयी परामर्श के बाद, मंत्रिमंडल ने 12 जुलाई, 2006 को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और पृथ्वी आयोग के गठन को मंजूरी दे दी। पृथ्वी आयोग ने चार सफल बैठकों के साथ अच्छा काम किया, जिनमें से दो प्रधानमंत्री कार्यालय में आयोजित की गयीं। दुर्भाग्य से मंत्रिमंडल ने घोषणा की कि पृथ्वी आयोग को कैबिनेट नोट का मसौदा तैयार करने में मामूली चूक के कारण एक वर्ष के फलदायी कामकाज के बाद मंजूरी नहीं मिली। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिवों और प्रतिष्ठित पृथ्वी विज्ञान विशेषज्ञों ने आर्कटिक और अंटार्कटिक में बर्फ पिघलने के कारण जलवायु परिवर्तन और बदलती विश्व व्यवस्था को प्रभावी ढंग से संबोधित करने के लिए एक पृथ्वी आयोग की स्थापना की आवश्यकता महसूस की है।

1982 में, महासागर विकास विभाग मुख्य रूप से अंटार्कटिका में भारत की उपस्थिति को चिह्नित करने के लिए बनाया गया था। यह गोवा में राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केंद्र (एनसीपीओआर) की स्थापना का अग्रदूत भी बना, जो भारत का एकमात्र वैज्ञानिक संस्थान है, जो अंटार्कटिका, आर्कटिक और हिमालय में भारतीय वैज्ञानिक अभियानों की सुविधा प्रदान करता है, इन भौगोलिक क्षेत्रों में भारतीय अनुसंधान केंद्रों की स्थापना और रखरखाव करता है, और पृथ्वी के ध्रुवों में देश की रणनीतिक उपस्थिति और गतिविधियों को सुनिश्चित करता है। महासागर विकास विभाग (तत्कालीन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय) के संस्थापक सचिव डॉ एसजेड कासिम ने 1981-82 में अंटार्कटिका में पहले भारतीय वैज्ञानिक अभियान का नेतृत्व किया और 1983 में अंटार्कटिका में 'दक्षिण गंगोत्री' नाम से पहला भारतीय अनुसंधान स्टेशन स्थापित किया। 1990 के दशक के उत्तरार्ध में महासागर विकास विभाग ने राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान, चेन्नई और भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र, हैदराबाद को अपने अधिकार क्षेत्र में ले लिया, जिससे अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन में महासागर प्रौद्योगिकी और महासागर आधारित सेवाओं के महत्वपूर्ण महत्व को रेखांकित किया गया, जिसकी महासागर विकास विभाग के तत्कालीन सचिव डॉ एइ मुथुनायगम ने पुरजोर वकालत की थी। उनके पूर्ववर्ती और उत्तराधिकारी डॉ वीके गौर और डॉ एचके गुप्ता प्रसिद्ध भूकंपविज्ञानी थे, जिन्होंने राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में प्रतिष्ठित पदों पर कार्य किया था। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) को 2006 में ही पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन लाया गया था, हालांकि यह भारत सरकार के सबसे पुराने विभागों में से एक है। 1875 में स्थापित और भारत की स्वतंत्रता तक अंग्रेजों के नेतृत्व में, आइएमडी 14 जनवरी, 2025 को अपनी 150वीं वर्षगांठ मना रहा है। पिछले दस वर्षों में मौसम और जलवायु सेवाओं और बुनियादी ढांचे में सुधार की दिशा में जबरदस्त प्रगति हुई है। 2024 में मिशन मौसम के शुभारंभ का लक्ष्य आने वाले दो वर्षों में हमें और भी बड़ा और बेहतर बनाना है। देश का अवलोकन नेटवर्क, डेटा रिजॉल्यूशन, सूचना प्रसार और लीड टाइम सभी का उद्देश्य हमारे लोगों के लिए अधिक उपयोगी बनना है। हमें अपनी कृषि-मौसम सेवाओं को अधिक किसान-विशिष्ट और सटीक बनाने के लिए प्रयास जारी रखना चाहिए तथा ओलावृष्टि, विमानों में बर्फ जमना, चरम मौसम-आधारित भूस्खलन, बाढ़ आदि जैसी घटनाओं के लिए पूर्वानुमान और शमन क्षमताओं को बढ़ाना चाहिए। हम जल-घाटे वाले क्षेत्रों में कृत्रिम वर्षा के लिए क्लाउड सीडिंग जैसे मौसम प्रबंधन के नवीन तरीकों का अध्ययन और परीक्षण करने के लिए उन्नत सुविधाएं भी स्थापित कर रहे हैं।

मौसम एक अव्यवस्थित प्रणाली है, इसलिए दीर्घकालिक पूर्वानुमान केवल संख्यात्मक मॉडलिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) के माध्यम से किए जा सकते हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण होने वाले परिवर्तनों का अध्ययन करने के लिए भी सामान्य एआइ तकनीकों की आवश्यकता होती है। आइएमडी के पास एक विशाल डेटाबेस है, जो एआइ-आधारित पूर्वानुमान के लिए एक परिसंपत्ति साबित हो सकता है। मंत्रालय के उच्च-प्रदर्शन वाले सुपरकंप्यूटर को 2024 में 22 पेटाफ्लॉप (संयुक्त क्षमता में) (6 पेटाफ्लॉप से) में अपग्रेड किया गया था, और पिछले दशक में रिजॉल्यूशन 70 किलोमीटर से 12 किलोमीटर तक सुधर गया है। हालाँकि, उच्च कंप्यूटिंग कौशल और बेहतर रिजॉल्यूशन मौसम पूर्वानुमान के पहलुओं का केवल एक अंश है। मंत्रालय कंप्यूटर में अगली बड़ी चीज का भी सबसे अच्छा उपयोग कर सकता है: एक क्वांटम कंप्यूटर, जिसकी 50क्यूबिक क्षमता सेकंड में एन्क्रिप्शन को डिकोड कर सकती है, जिसे निष्पादित करने में एक पारंपरिक सुपर कंप्यूटर को अरबों साल लगेंगे।

भारतीय मौसम विभाग के 150 वर्ष, पूरे पिछले वर्ष में सार्वजनिक आउटरीच और जुड़ाव के साथ कई गतिविधियों के माध्यम से मनाये गये, जो हमारी अमिट भावना, समृद्ध इतिहास और हमारे लोगों की सेवा करने के उत्साह की याद दिलाते हैं। हम अपने उद्देश्य एस3ः समाज के लाभ के लिए अपने लोगों की सेवा के लिए विज्ञान, को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।

**(लेखक : भारत सरकार के पूर्व सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों ने 3 नक्सली मार गिराये

## शवों के पास ऑटोमेटिक वेपन मिले, सर्चिंग जारी

**डिविजनल कमेटी मेंबर कैडर के हैं नक्सली**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को फोर्स ने तीन नक्सलियों को मार गिराया है। घटनास्थल से तीनों के शव के साथ ऑटोमेटिक वेपन बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्चिंग जारी है। बीजापुर रढ जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ की पुष्टि की है। घटना मद्देड़ इलाके के बन्देपारा क्षेत्र की है। बताया जा रहा है कि नेशनल पार्क एरिया कमेटी के माओवादियों को रविवार सुबह से जवानों ने घेर रखा था। मारे गए नक्सलियों में से कुछ डिविजनल कमेटी मेंबर कैडर के बताए जा रहे हैं। इस कैडर के नक्सलियों पर छत्तीसगढ़ में 8 लाख रुपए का इनाम है।



**नक्सलियों ने जवानों पर की फायरिंग :** जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि नेशनल पार्क एरिया के जंगल में भारी संख्या में नक्सली मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर जवानों को माओवादियों के कोर इलाके में ऑपरेशन के लिए निकाला गया था। वहीं जवान मौके पर पहुंचे। जहां नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी।

**नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन जारी :** जवानों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि फोर्स ने नक्सलियों को घेर रखा है। फिलहाल नो नेटवर्क जोन होने की वजह से जवानों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। पुलिस अफसरों का कहना है कि बड़े नक्सली लीडरों की मौजूदगी की सूचना थी। फिलहाल ऑपरेशन जारी है।

# भारत ने सीमा पर बढ़ायी तैनाती तो भड़क गया बांग्लादेश, उच्चायुक्त को किया तलब

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार हटने के बाद से ही भारत के साथ तनातनी बढ़ती ही जा रही है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर होने वाले हमले को लेकर भारत ने कई बार आपत्ति जाहिर की है। वहीं अब सीमा पर बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश और बीएसफ के बीच तनाव बढ़ गया है। आम तौर पर भारत और बांग्लादेश की सरहद पर शांति रहती थी। हालांकि घुसपैठ, कंटीले तारों की बाड़ की वजह से तनाव की खबरें। इसी बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने सीमा पर तनाव को लेकर भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है। यह घटनाक्रम बांग्लादेश द्वारा यह आरोप लगाए जाने के कुछ घंटों बाद सामने आया है कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है। वर्मा को दोपहर लगभग तीन बजे मंत्रालय में प्रवेश करते देखा गया। विदेश सचिव जशीम उद्दीन के साथ उनकी बैठक लगभग 45 मिनट तक चली। अधिकारियों ने पुष्टि की कि उच्चायुक्त को तलब किया गया है।**

# पेडेक्स मिशन : इसरो ने डॉकिंग ट्रायल किया

**बेंगलुरु (आजाद सिपाही)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट (एसपीएडीइएक्स) का सफल ट्रायल किया। इसरो ने 2 स्पेस सैटेलाइट के बीच दूरी पहले 15 मीटर, फिर 3 मीटर तक रखी। इसके बाद दोनों सैटेलाइट को वापस सुरक्षित दूरी पर ले जाया गया। इसरो ने बताया, डॉकिंग ट्रायल का डेटा एनालिसिस किया जा रहा है। इसके बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। दरअसल स्पेडेक्स मिशन की डॉकिंग दो बार टल चुकी है। पहले 7 जनवरी फिर 9 जनवरी को डॉकिंग किया जाना था। इसरो ने 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से रात 10 बजे स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लॉन्च किया था। इसके तहत पीएसएलवी-सी60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी से 470 किमी ऊपर डिप्लॉय किये गये थे। यदि मिशन आगे सफल रहता है, तो रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत ऐसा करने वाला चौथा देश बन जायेगा।**

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का शपथ ग्रहण 20 को, जयशंकर जायेंगे

**चीनी राष्ट्रपति को भी न्योता, प्रोग्राम कमेटी ने 1400 करोड़ जुटाये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**वॉशिंगटन/ नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर 20 जनवरी को अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। वे यहां नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे। शपथ ग्रहण आयोजन समिति ने इसके लिए भारत को न्योता भेजा है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी एक्स पर पोस्ट के जरिये दी। इसके साथ ही चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई और अल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले को भी निमंत्रण भेजा गया है। ट्रंप की प्रवक्ता कैरोली लेविट ने चीनी राष्ट्रपति को निमंत्रण भेजने की पुष्टि की है। उन्होंने



फॉक्स न्यूज से कहा : ट्रंप सभी देशों के नेताओं से खुलकर बातचीत करना चाहते हैं, फिर वो चाहे हमारे सहयोगी हों या हमारे विरोधी। ट्रंप के शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए दुनिया भर के अरबपतियों में होड़ लगी है।

**जयशंकर अन्य देशों के डेलिगेशन से मिलेंगे :** अमेरिका पहुंच कर भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ट्रंप प्रशासन में शामिल हो रहे मंत्रियों और दूसरे तमाम देशों से आये नेताओं के साथ मुलाकात भी करेंगे। ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस को हरा कर जीत हासिल की है। डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव में 312 इलेक्टोरल वोट जीते, जबकि कमला हैरिस को 226 वोट ही मिले।

**वॉशिंगटन डीसी में होगा शपथ ग्रहण**

20 जनवरी को अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में दोपहर 12 बजे ट्रंप का शपथ ग्रहण होगा। इस दौरान अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स उन्हें राष्ट्रपति पद की शपथ दिलायेंगे। 21वीं सदी में ऐसा पहली बार होगा, जब कोई अमेरिकी राष्ट्रपति छुट्टी वाले दिन पद की शपथ लेगा। ट्रंप के अलावा जेडी वेंस को उपराष्ट्रपति पद की शपथ दिलायी जायेगी। आमतौर पर उपराष्ट्रपति को राष्ट्रपति से पहले शपथ दिलायी जाती है।

# पटना में पप्पू यादव के समर्थकों ने मचाया उत्पात

**पुलिस ने पप्पू यादव और उनके समर्थकों पर केस दर्ज किया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार के एकमात्र निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने रविवार को राज्यव्यापी बंद का एलान किया था। सुबह नौ बजे से ही पप्पू यादव के समर्थक पटना समेत बिहार के कई जिलों में सड़क पर उतर गये। जम कर प्रदर्शन किया। नीतीश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इतना ही नहीं, पटना के अशोक राजपथ पर पप्पू यादव के कार्यकर्ताओं ने जम कर बवाल किया। सड़क पर




आगजनी की। दुकानों को बंद करवा दिया। सरकारी वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। इनके बाद आगे बढ़ते हुए डाकबंगला चौराहा पर आये और यहां पर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान पप्पू यादव भी अपने आवास से निकले और इनकम टैक्स गोलंबर से डाकबंगला चौराह पहुंचे। इनकी मांग हैं कि नीतीश सरकार बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा रद्द को दुबारा एग्जाम ले। साथ ही प्रतियोगी परीक्षा में रही गड़बड़ियों की जांच करवाये।

इधर, पटना डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह के निर्देश पर पटना में उग्र प्रदर्शन और कानून का उल्लंघन करने के आरोप में सांसद राजीव रंजन उर्फ. पप्पू यादव और उनके समर्थकों पर प्राथमिकी दर्ज कर ली। 150 लोगों द्वारा अशोक राजपथ से कारगिल चौक होते हुए डाक बंग्ला चौक तक जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया गया तथा सड़क यातायात में व्यवधान डाला गया। सड़क यातायात को बाधित करने, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, अनधिकृत रूप से जुलूस निकालकर लोक-व्यवस्था भंग करने के कारण पप्पू यादव तथा उनके समर्थकों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए 15 उपद्रवियों को निरुद्ध किया गया है तथा वीडियो और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शेष लोगों की पहचान की जा रही है।

# समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए आचार संहिता महत्वपूर्ण : चुनाव आयोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सरकार की तरफ से एक साथ चुनाव कराने के लिए जोर देने के पीछे एक प्रमुख कारण यह बताया गया है कि बार-बार आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य और सामान्य जन-जीवन बाधित होता है, लेकिन इस पर चुनाव आयोग ने कहा है कि यह चुनावों में समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से एक 'महत्वपूर्ण साधन' है।

'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लागू करने के लिए सरकार की तरफ से लाये गये विधेयकों के




अनुसार चुनाव महंगे और समय की खपत होने समेत कई कारणों से एक साथ चुनाव कराने की अनिवार्य आवश्यकता है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक में कहा गया है कि देश के चुनाव वाले हिस्सों में आदर्श आचार संहिता लागू होने से पूरे विकास कार्यक्रम रुक जाते हैं और सामान्य जन-जीवन में व्यवधान उत्पन्न होता है। इसमें कहा गया है कि बार-बार आचार संहिता लागू होने से सेवाओं का कामकाज भी प्रभावित होता है और लंबे समय तक जनशक्ति अपने मूल कार्यों से हटकर चुनाव ड्यूटी में लग जाती है, लेकिन चुनाव प्राधिकरण का मानना है कि 'आचार संहिता के अनुप्रयोग को व्यवधान के रूप में देखना सही नहीं होगा क्योंकि यह अभियान में शामिल सभी हितधारकों को समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण साधन है'।

## डीएवी में मनायी गयी स्वामी विवेकानंद की जयंती



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय युवा दिवस 2025 के उपलक्ष्य में भवनाथपुर टाउनशिप स्थित डीएवी विद्यालय के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम के शुभारंभ प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा, वरिष्ठ शिक्षक ओम प्रकाश सिंह, संजय राय भट्ट, जेएस तिवारी, बीबी शाहू, बृजेंद्र कुमार, उज्जवल कुमार एवं अभिभावक प्रतिनिधी पुष्पा गुप्ता ने संयुक्त रूप से विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि युवाओं के लिए उनका संदेश था उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक कि तुम्हें तुम्हारा लक्ष्य प्राप्त न हो जाये। इस वाक्य को अपने जीवन में आत्मसात करना है।

## विकास डी की टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत प्रावि हरिजन टोला अधौरा के खेल मैदान में युवा क्रिकेट टूर्नामेंट अधौरा के तत्वाधान में खेले जा रहे टूर्नामेंट के खिताब पर विकास डी की टीम ने कब्जा जमाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि अरुण राम थे। मैन ऑफ द मैच का खिताब दानिश को मिला, जबकि मैन ऑफ द सीरीज का खिताब घटहुआं टीम के खिलाड़ी पियूष को मिला। मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नंद कुमार राम,इसराइल अंसारी,उमेश विश्वकर्मा, उमेश, रामध्यान, अविनाश सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बालू लदा ट्रैक्टर पलटा, युवक की मौत

भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगडी के धसनी गांव कनहर नदी घाट व जनेवा के लीलापथर व बंगाली डेरा और फकीराडीह पंचायत कुरुण गांव के सपही नदी से अवैध बालू का उत्खनन कर परिवहन कर रहे ट्रैक्टर और अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में ट्रैक्टर पर सवार रामकंडा थाना निवासी बाबूलाल भुइया के 21 वर्षीय पुत्र संतोष भुइया की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने बताया कि सूचना प्राप्त हुआ कि गुरुवार की रात भंडरिया थाना क्षेत्र के धसनी कनहर नदी बालू घाट से बालू का अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टर से परिवहन किया जा रहा था इसी क्रम में बालू से लदे ट्रैक्टर पलट जाने से नीचे दबने के कारण रामकंडा निवासी संतोष भुइया की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी है। इसके बाद बालू माफियाओं द्वारा घटना अस्थल से संतोष भईया के सव को लेकर फरार हो गयी।

## शादी के लिए मटकोड़वा रोकने का आरोपी गिरफ्तार

मेराल (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने क्षेत्र के सोहवरिया गांव निवासी दिनेश चौधरी और मनोज चौधरी को एक पुराने केस में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जून 2024 में सोहवरिया गांव के एक पिता द्वारा अपनी पुत्री की शादी के लिए मटकोडवा नहीं करने देने का आरोप लगाते हुए गांव के ही मनोज चौधरी एवं दिनेश चौधरी सहित कई अज्ञात लोगों पर प्राथमिक की दर्ज कराया गया था। उक्त मामले में आरोपियों पर मजमा लगाकर भुक्तभोगी के साथ मारपीट करने, जाति सूचक शब्द कहकर अपमानित करने तथा धार्मिक भावना भड़काने को लेकर किस दर्ज किया गया था।

## ओला इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का उद्घाटन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। खरौंधी मोड़ के नजदीक पांडेय कॉप्लेक्स में रविवार को ओला इलेक्ट्रिक स्कूटी शॉ रुम का उद्घाटन नंदकुमार पांडेय द्वारा फीता तथा केक काटकर किया गया। मौके पर स्टोर मैनेजर ज्योति प्रकाश चौहान ने बताया कि बहुत ही खुशी की बात है, कि भवनाथपुर में आज ओला कंपनी के द्वारा इलेक्ट्रिक स्कूटी का शो रुम खोला गया। कहा कि ओला कंपनी के इलेक्ट्रिक स्कूटी की आठ वर्ष या एक लाख किमी की वारंटी है। इस मौके पर सुनील कुमार पांडेय, दिनेश दुबे, आलोक शर्मा, रामप्रवेश, सुरेंद्र दुबे, विनय गुप्ता, संजय, साक्षी, शिवांश, बसंत पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## आश्रम परिसर में 101 कंबल का वितरण



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटारी के सदस्यों के द्वारा आश्रम परिसर में वृद्ध, असहाय, विकलांग के बीच 101 कंबल का वितरण किया गया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता साकेत प्रताप देव और उनकी पत्नी अधिवक्ता ज्योति देव ने विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात अघोरेश्वर महाप्रभु और गुरु पद बाबा संभव राम जी की आरती कर कंबल वितरण प्रारंभ किया। मौके पर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने बताया कि भीषण ठंड को देखते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया गया है। इसके पूर्व 25 दिसंबर को भी 151 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया था। मौके अधिवक्ता ज्योति देव, कुमकुम देव, दुर्गावती कुमारी, नीलम, प्रिया, आनंद, मनोज, नागेंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन, गुप्तेश्वर बने अध्यक्ष



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। आर्य प्रतिनिधी सभा ट्रस्ट द्वारा संचालित वैदिक ज्ञान पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय में कक्षा शिशु से लेकर कक्षा आठ तक की सफल संचालन हेतु विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष गुप्तेश्वर प्रसाद, सचिव डॉ स्कंद कुमार भारती तथा निदेशक वेद प्रकाश आर्य का चयन किया गया। इससे पूर्व पंचायत के मुखिया बेबी देवी, प्रो अनेश सिंह, प्रो वीरेंद्र विश्वकर्मा और वेद प्रकाश आर्य ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर बैठक की शुभारंभ की। इस मौके पर डॉ आरएस दास, डॉ आरएल गुप्ता, सीताराम पाठक, जीवधन साह, पारसनाथ साह, भृगुण ठाकुर, लालचंद राम, बृजनाथ आर्य, राजमोहन यादव, बजरंगी साह, मनदीप सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एसडीओ ने मुसहर समुदायों के बीच किया गर्म कपड़ों का वितरण

## जैकेट, स्वेटर, शाल पाकर खिल उठे सभी बच्चे-बूढ़ों के चेहरे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने स्थानीय व्यवसायियों की मदद से रविवार को मेराल प्रखंड के तीन अलग अलग इलाकों में अवस्थित मुसहर टोलियों में पहुंचकर यहां बच्चे, बूढ़े तथा महिलाओं को उपहार स्वरूप गर्म कपड़े उपलब्ध करवाये। गर्म कपड़े और अन्य उपहार पाकर बच्चे बूढ़े सभी के चेहरे खिल उठे। दरअसल पिछले दिनों 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम में पहुंचे स्थानीय व्यवसायियों से उन्होंने अपील की थी कि सभी लोग यथाशक्ति गर्म कपड़े इकट्ठा कर जरूरतमंदों के बीच में वितरित करवायेंगे। उसी क्रम में व्यापारियों की ओर से गर्म कपड़े उपलब्ध करवाने का सिलसिला चल पड़ा है। एक जनवरी को नव वर्ष के अवसर पर भी जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े वितरित किये गये थे।

एसडीओ की मौजूदगी में रविवार को इन मुसहर परिवारों के बीच जो ऊनी जैकेट, स्वेटर, शाल, गर्म टोपी, ऊनी पैजामे आदि बांटे गये हैं वे उसी मुहिम के तहत प्राप्त हुए हैं। एसडीओ ने बताया कि आज के इस नेक कार्यक्रम के प्रायोजक बाबा कमलेश प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर कमलेश अग्रवाल तथा राजघराना प्रतिष्ठान के रवि केसरी संयुक्त रूप से थे। इस दौरान कमलेश अग्रवाल, रवि केसरी एवं एसडीओ कार्यालय के कुछ कर्मचारी भी उनके साथ मौजूद थे।

**मकर संक्रांति पर सक्षम लोग अपने-अपने स्तर से जरूरतमंदों में बाटें गर्म कपड़े :** संजय कुमार ने समाज के सक्षम लोगों से अपील की है कि वे इस कड़ाके की सर्दी में जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े बांटने के लिए अपने-अपने स्तर से अपने क्षेत्रों में मुहिम चलाएं। कहा कि 2 दिन बाद मकर संक्रांति का पर्व है इसमें वे सभी लोग जो थोड़ा सा भी सक्षम हैं अपने आसपास रह रहे कम से कम एक जरूरतमंद को गर्म कपड़े जरूर उपलब्ध करवायें।

## अच्छी सेहत सबसे बड़ी दौलत : डॉ पातंजलि

**जाटा गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सह दवा वितरण कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर प्रखंड के जाटा गांव अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय में रविवार को एकल विद्यालय एवं आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच सह दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पातंजली केशरी और अब्दुल मन्नान सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉक्टर पातंजलि केशरी ने कहा कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में फास्ट फूड और तनावपूर्ण कार्य का विपरीत असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। बीपी, शुगर सहित अन्य स्वास्थ्य जांच कराते रहने से व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार होने से बच सकता है। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया है।

मौके पर डॉक्टर कुमार आदित्य प्रकाश, डॉक्टर इश्तियाक अंसारी, अब्दुल मन्नान, दामोदर राम, राहुल कुमार, खुशी कुमारी, संगीता कुमारी, प्रीतिला तिर्की, अमित कुमार, विद्यानंद पाल, नौशाद आलम, प्रमोद कुमार, राहुल कुमार सुदामा प्रजापति, प्रेम नारायण प्रजापति सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## तीसरी बार उमेश बने कसौधन समाज गढ़वा के अध्यक्ष

गढ़वा (आजाद सिपाही)। कसौधन समाज गढ़वा के द्वारा डॉक्टर भोला कश्यप के आवास पर आम सभा का आयोजन किया गया। इस निमित तीन चुनाव पदाधिकारी का घोषणा की गयी। जिसमें गोपाल कश्यप, संतोष कश्यप एवम सुरेंद्र कश्यप को चुनाव पदाधिकारी बनाया गया। जिसमें पुनः उमेश कश्यप को अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया। तीसरी बार उमेश कश्यप निर्विरोध निर्वाचित हुए अध्यक्ष पद पर उपाध्यक्ष सुरेंद्र कश्यप संतोष कश्यप सचिव दिनेश कश्यप कोषाध्यक्ष मनोज कश्यप मंत्री मनीष कश्यप ईश्वर प्रसाद कश्यप संगठन मंत्री रवींद्र कश्यप निर्विरोध निर्वाचित हुए बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित डॉक्टर भोला प्रसाद कश्यप आदि उपस्थित थे।

## अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यों में करें : अलखनाथ पांडेय

**गोविंद और ज्ञान निकेतन स्कूल लगातार दूसरी बार फाइनल में**

**विवेकानंद अपने आदर्शों और विचारों के लिए दुनियाभर में जाने जाते हैं: एसडीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग के सेमीफाइनल मैच में गोविंद हाई स्कूल ने बीपीडीएवी को 36 रन से हरायी, वहीं दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन ने रामा साहू को 55 रन से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल प्रवेश किया। मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार गोविंद के इमरान को और ज्ञान निकेतन के शुभम को सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय, गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी दीपक, अनूप तिवारी, नवनीत शुक्ला, नितिन तिवारी, कमलेश कुमार दुबे, प्रिंस सोनी, प्रणव शंकर झा, ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। मैच से पूर्व स्वामी विवेकानंद की जयंती मैदान में मनाया गया। सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय ने कहा कि कम संसाधन में बेहतर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद अपने आदर्शों और विचारों के लिए भारत ही नहीं दुनियाभर में जाने जाते हैं। काफी कम उम्र उन्होंने अपने विचारों से अपनी एक अलग पहचान कायम कर ली थी। प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में 1984 से ही हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जा रहा आप सभी लोग भी युवा है। विवेकानंद जी ने कहा था, 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।' उन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। उनका कहना था कि 'शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और आत्मनिर्भरता भी है।' उन्होंने कहा था कि 'युवाओं को अपनी ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक कार्यों में करना चाहिए।

## अलग-अलग बाइक दुर्घटना में तीन घायल

केतार (आजाद सिपाही)। भरतपुर थाना क्षेत्र में रविवार की शाम अलग-अलग हुई बाइक दुर्घटना में तीन लोग हुए घायल। राहगीरों द्वारा सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को रेफर कर दिया गया। पहली घटना भवनाथपुर बाजार में घटी। बाइक दुर्घटना में शारदा निवासी आशीष रजक एवं अरसली उत्तरी निवासी राजन बैठा घायल हो गया। दूसरी घटना भवनाथपुर खरौंधी मार्ग के जिरहुल्स मोड पर हुई। माईधीया निवासी संतोष कुमार यादव बाइक से घर जा रहे थे कि विपरीत दिशा से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी और वे घायल हो गये। एमपीडब्ल्यू प्रसाद द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

## डंडई में जंगल की अंधाधुंध कटाई, लकड़ी माफियाओं को रोकने वाला कोई नहीं

जितेंद्र यादव



**डंडई (आजाद सिपाही)।** स्वस्थ्य जीवन के लिए पर्यावरण का स्वच्छ रहना अनिवार्य है। इसके लिए हमारे आसपास पेड़ पौधों की अधिकता बेहद जरुरी है। वृक्षों की अंधाधूंध कटाई से पर्यावरण पर इसका बुरा असर पड़ने की संभावना तीव्र हो गयी है। जहां एक ओर सरकार द्वारा हरियाली के लिए पेड़ लगाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर चंद लोग अपनी निजी आर्थिक लाभ के कारण हरे भरे पौधों को भी काटने से बाज नहीं आ रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों के लापरवाही के कारण प्रखंड के वन क्षेत्र में वृक्षों की कटाई बदस्तूर जारी है। जब मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में पहुंच जाता है तो थोड़ा-बहुत जुर्माना लगाकर मामला रफादफा कर दिया जाता है। जिससे पेड़ माफिया में लगातार हौसले बुलंद होते जा रहा है। बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र के जिस वन भूमि पर कभी घना जंगल बसा करता था, आज वो सब जंगल मैदान व बिरान सा पड़ा हुआ नजर आने लगा है। प्रखंड क्षेत्र में बड़े पैमाने पर लकड़ी की कटाई धड़ल्ले से की जा रही है लेकिन वन विभाग मौन है। डंडई प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्र पनघटवा डैम के अगल-बगल लगे पेड़ों की कटाई लकड़ी माफिया द्वारा धड़ल्ले से की जा रही है। वहीं रारो, तसरार, महुडंड़ के घने जंगल अब खत्म होने के कगार पर है। रारो गांव के दक्षिण साइड स्थित चिनुखरा और लामी जंगल, सूअरजंघा गांव स्थित बईगादह जंगल मे धड़ल्ले से सीधा चिलबिल, निम, पराश जैसे कई संख्या में लकड़ी पेड़ों को काटी जा रही है। वहीं कई साल पहले पनघटवा डैम के अगल-बगल लगे पेड़ों से जंगल हरभरा दिख रहा था लेकिन आज जंगलों को लकड़ी माफिया नष्ट करने में लगे हुए हैं।

वहीं वर्षो पूर्व रारो गांव के तुमिया टोला, भोलादामर के अवस्थित जंगल और फुलवार के जंगल में वन विभाग द्वारा नर्सरी पेड लगाया गया था। पिछले कुछ दिनों से कुछ चंद लोगों के द्वारा अवैध रूप से पेड़ को काट कर ले जाया जा रहा है। जिस वजह से प्राकृतिक सौंदर्य तो बिगड़ ही रहा है। जबकि सरकारी नर्सरी को भी नुकसान हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्ष पूर्व गांव के कई जंगलों में सरकार द्वारा लगाया गया नर्सरी का पेड़ आज नष्ट होने के कगार पर है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार फॉरेस्ट गार्ड को भी इसकी सूचना दिए हैं पर सूचना पर आकर जुर्माना लेकर छोड़ देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जो भी वन संपदा है वह धीरे-धीरे नष्ट होती जा रही है। अगर इसी तरह हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई का सिलसिला जारी रहा तो आने वाले दिनों में क्षेत्र की हरियाली और वन संपदा पूरी तरह समाप्त हो जायेगी और इसके जिम्मेदार वन महकमे के अफसर होंगे।

**क्या कहते हैं रेंजर**

मामले में पूछे जाने पर रेंजर गोपाल चंद्रा ने बताया कि जंगल कटाई करने वालों के खिलाफ जांच कर उचित कारवाई कि जायेगी।

## बालू के लिए लोग त्रस्त, झामुमो सरकार मस्त : रितेश



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने झामुमो सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि झामुमो सरकार में जनता को घर बनाने के लिए बालु नहीं मिल पा रहा है। यह गढ़वा जिले सहित पूरे झारखंड का अपमान है। प्रधानमंत्री अबुआ आवास भी इससे काफी प्रभावित हैं। जनता परेशान हो चुकी है, बालु जैसे चीजों पर प्रतिबंध लगा कर हेमंत सरकार जनभावनाओं का अपमान कर रही है। उन्होंने कहा कि आम जनता को घर बनाने के लिए बालु नहीं मिल पा रहा है। वहीं पुल पुलीया सरकारी भवन का निर्माण कार्य कैसे किया जा रहा है। इससे यह साबित होता है कि जब बालु पर हेमंत सरकार रोक लगाकर रखी है तो फिर जो भी निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें सरकार के बिना अनुमति ठीकेदार के द्वारा अवैध बालू लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार गरीबों के घर बनाने के लिए बालु पर से तत्काल प्रभाव से रोक हटाये, और घर निर्माण के लिए मुफ्त बालु जनता को उपलब्ध कराये। बालु समस्या को लेकर राज्यपाल एवं झारखंड सरकार को त्राहिमाम पत्र भेजा जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नेता नवीन जायसवाल, ब्रजेश धर दुबे, संजय तिवारी, संजय, बंधु राम, अशोर्क सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आरपी नर्सिंग एंड फार्मेसी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी



गढ़वा(आजाद सिपाही)। शहर के कल्याणपुर स्थित आरपी नर्सिंग एंड फामेर्सी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पातंजली केशरी और प्रबंध निदेशक के एल लाल ने स्वामी विवेकानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। निदेशक डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हमारे प्रेरणा स्रोत हैं। भारतीय संस्कृति को सर्वोच्च शिखर तक पहुंचनेवाले ऐसे महापुरुष से हम सभी को सीख लेकर उनके बताये गये मार्ग पर चलना चाहिए। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य मनु जेम्स, प्रद्युम्न कुमार, ओमप्रकाश चौरसिया, अशर्फी चौधरी, अंचल कार्यालय प्रमुख संजय चंद्रवंशी, ज्योति प्रकाश, उपेंद्र राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कोचिंग सेंटर में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय स्थित केडी गुरु कोचिंग सेंटर में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रंका प्रखंड प्रभारी प्रमुख अनुभा सिंह, जायंट्स ग्रूप के किशोर कुमार शौंडिक और पुलिस सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर कोचिंग सेंटर के छात्र-छात्राओं के द्वारा गीत संगीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया। इस मौके पर संस्था के मोहित चौधरी, अंकित सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एंटी क्राइम जांच अभियान में 10 बाइक जब्त

मझिआंव (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर माझिआव के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी के द्वारा दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट व कागजात के 10 दो पहिया वाहन जब्त कर थाना ले जाया गया था। इस संबंध में वाहन जांच कर रहे एसआई चंदन प्रधान ने बताया कि आये दिन मोटरसाइकिल दुर्घटनाएं हो रही है और बिना हेलमेट पहने लोग मौत के मुंह में समा रहे हैं। बार-बार चेतावनी के बाद भी लोग हेलमेट नहीं पहन रहे हैं।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने विस्थापित संघर्ष समिति को दिया समर्थन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। जेएलकेएम भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र के क्रांतिकारी युवा नेता शिवपारस बियार विस्थापितों की हर मांग जायज है। इनकी लड़ाई संवैधानिक है। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द सेल प्रबंधक इस विषय को गंभीरता से लेने का कार्य करे, नहीं तो हमारी पार्टी सुप्रीमो टाईगर जयराम महतो के नेतृत्व में हम सभी पार्टी के साथीगण एक उग्र आंदोलन की शुरूआत करेंगे। आगे विस्थापित संघर्ष समिति के सदस्यो ने पार्टी सुप्रीमो सह डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो के नाम से 8 सूत्री मांग पत्र जेएलकेएम भवनाथपुर विधान सभा नेता शिवपारस बियार, पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप मेहता ने मौके पर मौजूद वरीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश पासवान एवं पलामू प्रमंडल सचिव सोनू पटेल को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर बिकास कुमार यादव, दीपू, केतार प्रखंड अध्यक्ष श्याम बिहारी, नगर अध्यक्ष अमरेश, जिला सचिव अभय कुमार आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## मुखिया फूलमती ने मैट्रिक परीक्षा में भाग लेनेवाले पंचायत के 200 विद्यार्थियों के बीच बांटे बर्मा गेस



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के हासनदाग पंचायत की मुखिया फूलमंती देवी के द्वारा रविवार को अपने आवास पर मैट्रिक परीक्षा 2025 की तैयारी कर रहे 200 छात्र-छात्राओं के बीच वर्मा गेस का वितरण किया गया। इस मौके पर मुखिया फूलमंती देवी ने कहा कि जब तक मेरा कार्यकाल रहेगा तब तक प्रत्येक वर्ष छात्र-छात्राओं को पढ़ाई मैं मदद करती रहूंगी। पुरे पंचायत में जितने भी छात्र-छात्राएं हैं उन सभी को अपनी तरफ से बर्मा गेस दिया जा रहा है, ताकि परीक्षा की तैयारी में कोई दिक्कत ना हो। मौके पर लगभग 200 विद्यार्थियों के बीच वर्मा गेस का वितरण किया गया है। मौके पर ज्ञान गंगा कोचिंग केंद्र के निर्देशक हरेंद्र चौधरी, प्रधानाध्यापक रमेश चंद्रवंशी, शिक्षक शिवदत्त चौधरी, संतोष चौधरी, अरुण चौधरी, अभिभावक महेंद्र, राजेंद्र चौधरी के अलावे विद्यार्थियों में पूजा, साबित, प्रीति सहित कई लोग थे।

## युवा दिवस पर एबीवीपी ने निकाली शोभायात्रा



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लातेहार के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के शुभ अवसर पर शोभा यात्रा एवं छात्र सभा का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम बाजार ताड़ से होकर लातेहार के सड़क मुख्य मार्ग होते हुए जिला मुख्यालय से होते हुए स्टेडियम के मैदान में छात्र सभा का कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार सदर के थाना प्रभारी दुलार चौड़े उपस्थित हुए। अखिल भारतीय विद्यार्थी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव प्रदेश कार्यकरणी नागमणि यादव, नगर मंत्री मुकेश यादव कमलेश उरांव एवं सैंकड़ो एबीवीपी के कार्यकर्ता ने भाग लिया। शोभायात्रा में अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास लातेहार एवं अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास लातेहार एवं कई कोचिंग संस्थान के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी ने कहा कि अभाविप के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम करना एक समाज में अच्छा संदेश जाता है और छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी छात्रों को कोई समस्या होता है तो आपके लिए हम लोग 24 घंटा खड़ा है और आपके भविष्य का सुरक्षा और आपकी सुरक्षा करना हम सभी प्रशासन के जिम्मेवारी है।

## जय श्रीराम समिति के लोगों ने दो यूनिट रक्तदान किया



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्वामी विवेकानंद जयंती पर जय श्रीराम समिति के द्वारा दो पीड़ित मरीजों को ब्लड दिया गया। जानकारी के अनुसार किस्को प्रखंड के डटमा गांव निवासी प्रदीप नायक की पत्नी सावित्री देवी सदर अस्पताल में एवं गुमला जिला के सिसई प्रखंड स्थित कुलंग केरी पतराटोली निवासी स्वर्गीय बिरसा उरांव की पत्नी चारों उरांव मधुर क्लिनिक पतराटोली में इलाजरत थी। डॉक्टर ने दोनों को खून की कमी बताई। परिवार के लोग काफी परेशान जय श्रीराम समिति से संपर्क किया। समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य सनेह कुमार सुमन एवं संदीप केसरी ने एक-एक यूनिट ब्लड दिलाया। मौके पर जीवन राज मेहता ने कहा की स्वामी विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर पीड़ित परिवार का सेवा सौभाग्य की बात है। मेरे थोड़े से प्रयास से किसी के परिवार की खुशियां लौटे इससे ज्यादा खुशी क्या हो सकती है। प्रेमचंद भगत ने कहा जय श्री राम समिति के कार्य की जितनी सराहना करू कम है। ऐसा सामाजिक एवं धार्मिक संगठन मैंने सुना था परंतु आज करीब से देखने का मौका मिला। समिति के लोगो का मैं आभार प्रकट करता हूं। मौके पर जीवन राज मेहता, प्रमोद सहदेव,राजेश भगत, प्रेमचंद भगत, विकास,रंजीता, गुंजन भारती,ललन नायक मुकेश नायक समेत आदि लोग मौजूद थे।

## पेड़ से टकरायी बाइक, दो युवक घायल

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143 ए पर ननतीलो झखरा टोली के समीप शनिवार रात लगभग साढ़े सात बजे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकरा गयी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में रांची जिले मांडर थाना अंतर्गत सुरसा गांव निवासी अनिल कुमार भगत 33 पिता का कंदन भगत और हेसमी गांव निवासी मिथिलेश कुमार साहू 35 पिता राम पूजन शामिल है। घायल अवस्था मे सड़क पर पड़े दोनों युवकों को कुडू सिएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रिम्स रेफर कर दिया गया।

### नेतरहाट में जनता मिलन सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन

# डीसी ने अधिकारियों को समस्याओं पर अविलंब कार्रवाई का दिया निर्देश

मुकेश कुमार सिंह



**लातेहार।** लातेहार जिला के महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत पंचायत सचिवालय, नेतरहाट में जनता मिलन सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, जन प्रतिनिधियों, जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसी सोच को साकार करने के उद्देश्य से आज पूरा जिला प्रशासन यहां उपस्थित है। जनता मिलन सह संवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने तथा योजनाओं के लाभ हेतु आवेदन प्राप्त करने हेतु स्टॉल लगाया गया है। उन्होंने आमजनों से कहा कि विभागों के द्वारा लगाये गए स्टॉल में जाकर योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लें। कार्यक्रम में जो भी शिकायतें व समस्याएं दर्ज हो रही हैं, उनका निराकरण त्वरित गति से करने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इसमें किसी भी दशा में कोई विलंब न किया जाये। उन्होंने कई समस्याओं पर स्थलीय निरीक्षण कर अधिकतर समस्याओं के संबंध में दो एवं तीन दिन के भीतर कार्रवाई करते हुए की गयी कार्यवाही से जानकारी जिला कार्यालय एवं संबंधित शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से अवगत कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि जिला प्रशासन सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लोगों को प्रदान करने के लिए सतत प्रयत्नशील है। उन्होंने लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने जीवन को बेहतर बनाने की अपील किया।

## केपीटीएल कंपनी और पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** रुको रुको बरवाडीह पुलिस की अनहोखी पहल जी हां, बिना हेलमेट के चलने वाले लोगों को फूल पहनाकर और टॉफी खिलाकर बरवाडीह पुलिस व जागरूकता अभियान चला रही केपीटीएल कंपनी के द्वारा स्वागत किया जाता है। ये उक्त वाक्या तब हुआ जब बरवाडीह पुलिस व केपीटीएल कंपनी भगत सिंह चौक से अंबेडकर चौक तक सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता अभियान चला रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल सवार बिना हेलमेट पहने वाहन चला रहा था। तभी उसे रोककर स्वागत किया गया। बता दें कि बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार और केपीटीएल कंपनी के द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत रविवार को जागरुकता अभियान निकाला गया। इस दौरान थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान का मुख्य उद्देश्य आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं. लोग सड़क सुरक्षा मानकों को नहीं अपना रहे हैं, नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। जिसे देखते हुए लोगों को जागरूक किया जायेगा। इस कार्यक्रम के तहत लोगों से वाहन धीरे चलाने, नशा का सेवन कर गाड़ी न चलाने सहित हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की जायेगी।

केपीटीएल कंपनी के सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि बरवाडीह पुलिस ने अपनी निष्ठा और कर्तव्य परायणता से न केवल अपराध पर अंकुश लगाया है, बल्कि समाज में पुलिस की सकारात्मक छवि भी स्थापित की है।

## आजसू पार्टी ने वनभोज के साथ चुनावी समीक्षा की



### नीरू शांति भगत के खिलाफ केंद्रीय समिति को प्रस्ताव भेजा गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सीठियों तट पर आजसू पार्टी का वनभोज कार्यक्रम सह चुनावी समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान बहुत सारी बातें सामने लायी गयी। जो भी आजसू के कार्यकर्ता पार्टी में रहकर पार्टी विरोधी कार्य किये हैं उन पर कार्रवाई की जायेगी। कहा गया कि स्वर्गीय कमल किशोर भगत के विश्वास को आगे बढ़ाते हुए उनकी धर्मपत्नी नीरू शांति भगत को आजसू पार्टी ने तीन बार लोहरदगा विधानसभा से प्रत्याशी बनाकर चुनाव लड़ाया परंतु 78000 मतदाताओं का अपमान करते हुए नीरू शांति भगत अपने स्वार्थ के लिए झामुमो जाने की पहल कर रही है। साथ में आजसू के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को तोड़ने का प्रयास कर रही है। पार्टी विरोधी कार्य करने को लेकर नीरू शांति भगत के खिलाफ केंद्रीय समिति को प्रस्ताव भेजा गया। नीरू शांति भगत पर पार्टी अनुशासनात्मक कार्रवाई करें यह प्रस्ताव लाया गया। चुनाव के दरमियान कई कार्यकर्ताओं के वाहन, डीजल, कार्यालय, साउंड, सिस्टम आदि का भुगतान नीरू शांति भगत के द्वारा नहीं किया जा रहा है और आजसू पार्टी को बदनाम किया जा रहा है। इस पर भी अनुमंडल पदाधिकारी से मिल कार्रवाई करने की बात कही गयी। वनभोज कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता डॉक्टर देवशरण भगत, केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, राम लखन प्रसाद आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## रोड अधूरा, आवागमन में लोगों को हो रही परेशानी

आशीष गोस्वामी



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा रांची मुख्य पथ पर बरही ग्राम के समीप से घाटा गगेया होते हुए कोरांबे तक लगभग 10 किलोमीटर पथ का निर्माण का कार्य करोडों की लागत से विकेएस कंट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है। वहीं कंट्रक्शन द्वारा करीब डेढ़ वर्ष पूर्व पथ निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। परंतु आज तक पथ निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा कोई रुचि नहीं होने और लापरवाही के कारण पथ निर्माण नहीं हो पा रहा है। रास्ता बनाने के नाम पर मेटल बिछाया हुआ है। जिस के करण ग्रामीणों को आवागमन में काफी असुविधा हो रही है। साथ ही पथ निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण राह चलते लोग धूल फांकने को मजबूर हैं। वहीं पूर्व मुखिया यसमनी उरांव, वार्ड सदस्य रामदास गोस्वामी, विश्वनाथ गोप, देवलाल उरांव, जयप्रकाश उरांव, नीतीश गोस्वामी, चंचल यादव, सत्यम सिंह, रामलखन गोप सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि रास्ता बन जाने से झलजमीरा और उगरा पंचायत का विकास होता और इस क्षेत्र के ग्रामीणों को प्रखंड व जिला मुख्यालय आने जाने में काफी सुविधा होता। साथ ही कहा कि सड़क का स्थित खराब होने के कारण बिमार व्यक्ति और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में काफी परेशानी होती है। वही सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ होने से ग्रामीणों में आश जगी थी कि बदहाल सड़क बन कर तैयार होगा तो ग्रामीणों की परेशानी दूर होगी और क्षेत्र का विकास होगा। परंतु संवेदक का लापरवाही के कारण लगभग डेढ़ वर्षों से सड़क निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। जिससे ग्रामीणों को और राह चलने वाले राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी हो रहा है।

## मकर सक्रांति पर होगा अखंड हरि कीर्तन का आयोजन



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के भक्सो गांव में स्थित पौराणिक शिव मंदिर परिसर में मंदिर समिति हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के शुभ अवसर अखंड हरि कीर्तन का आयोजन का निर्णय लिया गया है। मंगलवार को सुबह 6:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक अखंड हरि कीर्तन, भंडारा और भव्य मेला का आयोजन होगा। जिसमें पूजा के बाद अखंड हरि कीर्तन का शुभारंभ आरकोसा टीम के द्वारा किया जायेगा। पूजा एव कीर्तन का समापन रामपुर टीम और भक्सो टीम के द्वार किया जायेगा। विशेष पूजा में आये मेहमान टीम मुकुंद आर्य भटजारी इत्यादी शमिल होंगे। इस संदर्भ में आयोजन समिति के उदय कुमार साहू एवं दीपक कुमार साहू ने बताया कि, उक्त धार्मिक आयोजन की तैयारी लगभग पूरी कर ली गयी है। ग्रामीणों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह है। ग्रामीणों की अलग-अलग मंडली जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र देकर लोगों को आयोजन में आने के लिए प्रेषित कर रहे हैं। समिति द्वारा अलग-अलग दायित्व का बंटवारा कर दिया गया है।

## जुआ खेलते तीन गिरफ्तार, आठ हजार रुपये बरामद

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला पंचायत अंतर्गत चंदकोपा ग्राम स्थित मैदान के पास से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा छापामारी कर जुआ खेलते तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 8 हजार रूपये नगद, 8 पैकेट तास का और बिखरा 136 पीस तास का पत्ता बरामद किया गया है। जुआरियों की पहचान शहरी थाना क्षेत्र के लोहरदगा निवासी अफसर कुरैशी, फैसल अंसारी एवं अफरोज अंसारी किया गया है। वहीं थाना प्रभारी अजीत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जुआ खेलते तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है।

**कोल्हान की खबरें**

## कांड्रा में चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांड्रा।** एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान कांड्रा पुलिस ने घोड़ानेगी निवासी बृहस्पति महतो को चोरी का बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। रविवार को आरोपी से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया।मौके पर थाना प्रभारी विनोद मुर्मू ने बताया एसपी के निर्देश पर कांड्रा मुख्य सड़क पर एंटी क्राइम चेकिंग चलाया गया।चेकिंग के दौरान चांडिल की ओर से आ रहा एक युवक पुलिस को देख भागने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस बल खदेड़ कर युवक को पकड़ा।उन्होंने कहा बाइक में नम्बर प्लेट भी नहीं था। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम घोड़ानेगी निवासी बृहस्पति महतो बताया। उन्होंने स्वीकार किया खूंटी से दशहरा मेला के दौरान बाइक चोरी की थी। इससे पहले भी बाइक चोरी के मामले में बुंडू थाना से जेल जा चुका है। सत्यापन के बाद युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए विधायक संजीव सरदार

## 330 मरीजों का किया उपचार, 200 बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण


आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** दुर्गा दास दत्ता मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा शहर के धतकीडीह कम्युनिटी सेंटर में मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि पोटका विधायक संजीव सरदार और विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी शामिल हुए। मौके पर संस्था के द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया गया। शिविर में जनरल फिजिशियन, स्त्री रोग, नेत्र, हड्डी, शिशु और चर्म रोग के 20 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 330 मरीजों का उपचार किया। शिविर में ब्लड जांच और निशुल्क दवाओं का भी वितरण किया गया। मौके पर पोटका विधायक संजीव सरदार ने ट्रस्ट के द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की। श्री सरदार ने कहा दुर्गा दास दत्ता मेमोरियल ट्रस्ट का प्रयास से वंचित वर्ग को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना समाज के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इससे समाज में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलती है। मौके पर विधायक ने ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ दत्ता व उनकी माता रीना दत्ता को बधाई दी। मौके पर 25 बार प्लाज्मा डोनेट करने वाले युवा समाजसेवी इंदरजीत सिंह को सम्मानित किया गया। वहीं शिविर में लगभग 200 जरूरतमंद वृद्धों के बीच कंबल का वितरण किया गया। दुर्गा दास दत्ता मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ दत्ता ने कहा ट्रस्ट शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। शिविर का संचालन डॉ. शाज़िया परवीन ने की। मौके पर शहजाद कुरैशी सहित सभी डॉक्टरों की टीम ने अहम भूमिका निभायी।

## अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरायी पिकअप वैन, केबिन काट कर चालक को निकाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** बीते देर रात सरायकेला कांड्रा मार्ग में साहेबगंज के समीप एक पिकअप वैन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। सड़क दुर्घटना में वैन के आगे हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वही वैन का चालक शान शर्मा केबिन में ही फंसे रह गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सरायकेला पुलिस मौके पर पहुंची। वही ने एंबुलेंस कर्मी के साथ लगभग ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाल कर सरायकेला सदर अस्पताल पहुचाया। जहां चालक का इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है चालक शान शर्मा पश्चिम बंगाल के आसनसोल का रहने वाला है। शनिवार देर रात पिकअप वैन से रेलवे का तिरपाल लेकर आसनसोल से बड़बिल जा रहा था। वैन का हैडलाइट खराब होने के पेड़ से टकरा गयी। गैस कटींग कर चालक को बाहर निकाला गया। फिलहाल चालक की स्थिति सामान्य है।

## बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी घुतिया में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर से सटे घुतिया के बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालोजी सभागार में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवश हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। रविवार को आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवश में मुख्य अथिति कॉलेज के चेयरमैन डॉ एसके सिंह सम्मानित अथितियों में कॉलेज के प्राधानाचार्य डॉएसकेराय, एनआइटी जमशेदपुर कम्पुटर सांइस विभाग के सहायक प्राचार्य डॉ केके सिंह, इलेक्ट्रानिक्स विभाग के डॉ. कुणाल सिंह, यान्त्रीकि विभाग के प्रोफेसर डॉ सतीस कुमार और राजिस्ट्रार कर्नल डॉ एनके राय उपस्थित हुए। मौके पर कॉलेज प्रबंधन व छात्रों के द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभागार में कॉलेज के प्राधानाचार्य डॉ एसके राय ने स्वागत भाषण में सभी का स्वागत करते हुए स्वामी विवेकानंद जी के संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेने का सुझाव दी।वही कॉलेज के चेयरमैन डॉ एसके सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के समाज के प्रति योगदान को याद दिलाया। उन्होंने कहा स्वामी विवेकानन्द वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उनका वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में सन 1893 में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी जो आज भी अपना काम कर रहा है। चेयरमैन डॉ एसके सिंह ने सभागार में उपस्तित भावी इंजीनियरो को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्श से प्रेरणा लेने की सुझाव दी। मौके पर अन्य वात्काओ ने भी विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति तक सधर्ष करने की बात कही।

## बिस्टूपुर में फ्रूट एंड फूड गुरु कैफे का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



बिस्टुपुर में फ्रूट एंड फूड गुरु नामक फ्रूट कैफे के नया आउटलेट का शुभारंभ किया गया।

**जमशेदपुर।** शहर के बिस्टुपुर जीएसटी भवन के सामने फ्रूट एंड फूड गुरु नामक फ्रूट कैफे के नए आउटलेट का शुभारंभ किया गया। रविवार को फ्रूट एंड फूड गुरु नामक कैफे के नए आउटलेट का उद्घाटन संचालक पवन अग्रहरि के माता रानी लीलाबती देवी के द्वारा फीता कटिंग कर किया गया। मौके पर शहर का सैकड़ो लोग शामिल रहे।इस अवसर पर आउटलेट के संचालक पवन अग्रहरि ने बताया शहर के लोगो को फ्रेश फ्रूट कम कीमतों पर उपलब्ध कराने के लिए श्री अग्रहरि ने कहा आम तौर पर शहर के बाजारों मे पोलिश फ्रूट उपलब्ध होता है। लेकिन फ्रेस फ्रूट खाने से लोग सेहतमंद रहते है। इसके लिए पूर्व एक और आउटलेट साकची मे भी खोला गया। आने वाले समय मे देश के अलग अलग हिस्सों मे भी आउटलेट खोलने का प्रयास रहेगा।ताकि शहरवासियों को कम कीमतों पर आसानी से फ्रेश फ्रूट उपलब्ध हो सके। मौके पर यस अग्रहरि, शुभम बाजपेई, एकता जायसवाल, सुनीता जायसवाल, सुधांशु साव, सुरजीत सिंह, हिमांशु, प्रदीप कुमार, सोमु सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

## स्वामी विवेकानंद के आदर्श को जीवन में अपनायें : आदित्य साहू

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लोहरदगा नगर में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। मौके पर उपस्थित जिला संयोजक आदित्य साहू ने कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद जी के बतायें मार्ग पर चलना चाहिए। स्वामी विवेकानंद जी ने अपने पूरे जीवन को समाज में समानता और जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित कर दिया। वह सभी धर्म को समान मानते थे और गीता के ज्ञान को आत्मसात करने पर जोर देते थे।

# लायंस क्लब ने गरीबों के बीच बांटे कंबल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा रविवार को सिसई प्रखंड स्थित पंडरीया पचायत के जामगाई ग्राम में विवेकानंद जयंती के अवसर पर गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल चाकलेट और बिस्कुट वितरण किया गया। इस अवसर पर एकल अभियान के बच्चों एवं बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर एकल अभियान के समिति और पदाघिकारीगण भी इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी निभायी। बच्चों और ग्रामीणों को अपनी योग्यतानुसार शिक्षा और स्वास्थ्य संस्कार देने पर प्रकाश डाला। लायंस क्लब के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में लायंस क्लब के द्वारा किये जा रहे कार्यक्रम के संबंध में लोगों को विस्तार पूर्वक जानकरी दी और 26 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम आइ कैंप की भी जानकारी दी। लायंस क्लब के सचिव अशोक कुमार जयसवाल ने लोगों को अपने संबोधन में कहा हम 35 वर्ष से सेवाभाव से कार्य कर रहे हैं। हमारा संस्था अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करता है।

# हमें मिल कर आदिवासी समुदाय के विकास के लिए प्रयास करना है : सुखदेव भगत

**उरांव सरना कल्याण समिति का वार्षिक सम्मान समारोह संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उरांव सरना कल्याण समिति गुमला का सामाजिक मिलन सह वनभोज समारोह रविवार को दक्षिणी कोयल नदी के गुमला स्थित नागरेनी के तट पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष दीपनारायण उरांव ने किया। वहां उपस्थित लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि हम चाहे जिस सरकारी या निजी विभाग मे हों, चाहे जिस राजनीतिक दल का हिस्सा हों, लेकिन समाज की चटाई पर एक हैं। हमे मिल कर आदिवासी उरांव समाज का उत्थान और उसके विकास के बारे में सोचना पड़ेगा। हमे मिल कर समाज की कुरुतियों को दूर करना होगा।

सम्मानित सदस्यों में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, झारखंड के विधानसभा पूर्व अध्यक्ष दिनेश उरांव, पूर्व राज्य सभा संसद समीर उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड की विशेष सचिव नयनतारा केरकेट्टा, कोषागार पदाधिकारी गुमला। प्रदीप कुमार टोप्पो , प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा वीरेंद्र किंडो। कोषागार पदाधिकारी बोकारो गुलाब चंद्र उराव, पूर्व आयुक्त गुमला गौरी शंकर मिंज, पूर्व पुलिस पदाधिकारीजगन्नाथ उरांव, रिटायर्ड आइएएस उपेंद्र नारायण उरांव। मोटरयान निरीक्षक डाल्टनगंज गौतम उरांव, जिला कृषि पदाधिकारी गुमला। विजय कुजूर, रिटायर्ड आइएएस। चंद्र किशोर उरांव, जीएसटी पदाधिकारी लोहरदगा धर्मेंद्र कुमार भगत, सहायक आयुक्त हजारीबाग। विनोद कुमार मिंज, सेवानिवृत्त वन पदाधिकारी बन्ने उरांव आदि के नाम शामिल हैं। मंच का संचालन कमल उरांव एवं देवेंद्र लाल उरांव ने किया ।

उरांव सरना कल्याण समिति गुमला के अध्यक्ष दीप नारायण उरांव, कमलेश उरांव, सागर उरांव सुखबिहारी उरांव, प्रद्युम्न उरांव, मंगलाचरण उरांव, बसंत उरांव, भैयाराम उरांव, महेश उरांव, महावीर उरांव, सोनो मिंज, देवाराम भगत, प्रकाश उरांव, मीणा उरांव, गोविंदा उरांव, जितेश उरांव, सुकरा उरांव, सन्नी उरांव सहित हजारों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# करंज पुलिस ने सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया



**भरनो (आजाद सिपाही)।** करंज थाना अंतर्गत बटकुरी गांव में थाना प्रभारी आशीष केशरी की नेतृत्व में पुलिस सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बटकुरी मे जागरूकता अभियान चलाया गया, जहां थाना प्रभारी आशीष केशरी ने गांव के लोगो को नशा पान, डायन बिसाही, अंधविश्वास, मानव तस्करी, साइबर क्राइम, बाल विवाह, ट्रैफिक रूल्स डाइल 112 के बारे मे विस्तार पूर्वक बताते हुए जागरूक किया गया। अभी तक यह अभियान 19 गांव तक पूर्ण हो चूका है। थाना प्रभारी ने बतलाया कि यह जागरूकता अभियान लगातार चालू रहेगा। मौके पर ग्रामीण सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे।

# श्रीराम लला की प्रथम वर्षगांठ प्रतिष्ठा के अवसर पर समारोह का आयोजन



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में राम जन्मभूमि की प्रथम वर्षगांठ में बस्ती स्थित हनुमान मंदिर में शनिवार को श्री राम लला की प्रथम वर्षगांठ प्रतिष्ठा के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। जिसमें श्री सूक्तं, पुरुष सूक्तं, सुंदर कांड एवं 108 हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पूजा के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जो कि भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना। दिनभर मंदिर में भक्तों का शैलाब लगा रहा, जिन्होंने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ इस समारोह में भाग लिया। इस आयोजन में कई प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें आचार्य रमाकांत मिश्रा, संजय गुप्ता, विनोद साहू, मुन्ना गुप्ता, मनोहर केशरी, प्रवीण सोनी, शक्ति गुप्ता, सतीश केशरी, नीतीश मिश्रा, शुभम गुप्ता, सुधांशु केशरी, हर्ष केशरी, प्रिंस साहू, प्रिंस गुप्ता, हर्षित केशरी, आशीष केशरी और आयुष केशरी शामिल थे। इन सभी ने इस उत्सव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायी। इस भव्य समारोह ने सभी भक्तों को एकत्रित किया और धार्मिकता एवं एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भक्तों ने एक-दूसरे को आशीर्वाद दिया और श्री राम लला के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। इस प्रकार, श्री राम लला की प्रथम वर्षगांठ प्रतिष्ठा एक यादगार और भव्य आयोजन के रूप में याद की जायेगी।

# भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** भारतीय जनता पार्टी सिसई मंडल द्वारा रविवार को बरगांव में सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुर्व राज्यसभा सांसद सह पुर्व विधायक समीर उरांव उपस्थित हुए। समीर उरांव ने बरगांव निवासी 61 वर्षीय किसान पांडू साहु को भाजपा सदस्य बनाकर सदस्यता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं अभियान की शुरूआत होते ही समीर उरांव के हाथों भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने और सदस्यता पर्ची लेने के लिए स्थानीय ग्रामीणों का तांता लग गया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रुप में स्थापित भाजपा संगठन महापर्व के रूप में सत्र-2024-2030 का सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड में आगामी 15 जनवरी तक 25 लाख नये प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य है। प्रतिदिन हजारों-हजार की संख्या में लोग भाजपा के सदस्य बन रहें हैं। जनसंघ काल से सिसई के बरगांव क्षेत्र के लोग भाजपा विचारधारा का समर्थन करते आए है। इसी को देखते हुए आज बरगांव में सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई है। वहीं उन्होंने लोगों को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ की शुभकामना देते हुए कहा कि माननीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बना। जो विश्व भर के करोड़ों हिन्दू सनातनियों का आस्था का केंद्र है। उन्होंने सभी से भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाने के लिए अपने-अपने मोबाइल से 8800002024 मिस्ड कॉल करके आनलाइन सदस्यता ग्रहण करने और अन्यों को कराने की बात कही। वहीं दुसरी ओर भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा के नेतृत्व में सिसई बाजार टांड में सदस्यता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव,अनिल कुमार साहु, रविन्द्र साहु, बसंत यादव, चरवा उरांव, सुखलाल राय,संजय महतो, तारकेश्वर साहु, सुनील कुमार साहु, बसंत गिरि, नारायण साहु, सीताराम बैठा, शंकर लाल गुप्ता,संत कुमार, अनिल साहु, सुधीर साहु, अनिल गोप, रोहित कुमार शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

# 66.89 करोड़ खर्च के बाद भी नहीं बना गुमला बाइपास, 20.79 करोड़ रुपये का दुबारा टेंडर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला बाइपास रोड का निर्माण कार्य 24 साल के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। शेष काम के लिए नए सिरे से हुए टेंडर का समय भी छह माह बीत गया है। इसके बावजूद अब तक काम आरंभ नहीं किया गया है। प्रतिदिन गुमला में जाम की स्थिति का लोगों को सामना करना पड़ता है। मंगलवार और शनिवार को साप्ताहिक बाजार होने के कारण घंटो जाम की स्थिति बनी रहती है। राष्ट्रीय उच्च पथ के सहायक अभियंता सुमन शेखर ने बताया कि सिलम स्थित पुल में काम आरंभ कर दिया गया है। पुल निर्माण के बाद सड़क का काम आरंभ किया जायेगा। ज्ञात हो कि गुमला में बाइपास रोड का मुद्दा गुमला के लोगों का लगभग 40 वर्ष पुराना है। झारखंड गठन के बाद प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बाइपास का शिलान्यास किया था। लेकिन काम कुछ भी नहीं हुआ। दूसरी बार वर्ष 2016 में शिलान्यास हुआ और 66.89 करोड़ के लागत से काम आरंभ किया गया। प्राक्कलन के आधार पर वर्ष 2018 में काम पूरा कर लेना था लेकिन अब तक काम पूरा नहीं हुआ। कालीकरण सड़क भी जगह-जगह टूटने और उखड़ने लगा है। कई पुल के समीप दोनों ओर हुए गड्ढे में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। तेज रफ्तार वाहन को जब अचानक ठोकर और गड्ढा मिलता है जहां बाइक चालक गिरते रहे हैं। लोगों की जान भी जाते रही है। बड़े मालवाहक ट्रक को भी अचानक पड़ने वाले ठोकर में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। तर्री जोराग सीमा पर लगभग एक किलोमीटर बाइपास में काली करण भी नहीं हुआ है। काम पूरा भी नहीं हुआ कि फिर से नया टेंडर निकला है। जिसका अवधि 11 जून 2024 से है। नया टेंडर का प्राक्कलित राशि 20.79 करोड़ है और इसे एक साल में पूरा करना है। एमयू तिथि से छह माह बीत गए हैं लेकिन सड़क निर्माण काम आरंभ नहीं हुआ है। 24 साल बीतने के बाद गुमला के लोगों की पुरानी मांग कम पूरा होगा भगवान ही मालिक है। बाईपास सड़क में स्ट्रीट लाइट और सड़क के किनारे पेड़ पौधा लगाने का भी प्रावधान है। साथ ही मोड में सुरक्षा गार्ड रेलिंग भी लगाया जाना है।

# कामडारा में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा ब्लॉक चौक पर रविवार को विमल केरकेट्टा के नेतृत्व पर झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें उपस्थित चिन्हित झारखंड आंदोलनकारियो ने आगामी 18 जनवरी को रायडीह प्रखंड मे आयोजित चिंतन शिविर मे शामिल होने का निर्णय लिया। इस दौरान राजकुमार सिंह, फिरन साहु, नवीन कुमार, बिरसू लोहरा सहित अन्य झारखंड आंदोलनकारी काफी संख्या मे मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ में घाघरा के प्राचार्य नितेश रंजन का हुआ सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाघरा।** एजुकेशनल एक्सीलेंस कांक्लेव 2025 का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य स्थित रायपुर के बेबीलोन कैपिटल में किया था। जिसमें गत शनिवार को हुए उक्त कार्यक्रम में शिक्षा जगत की हस्तियों को कई कैटेगरी में सम्मानित किया गया। इस दौरान घाघरा के देवी मंडप रोड स्थित भास्कर एजुकेशनल एकेडमी के प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर को एजुकेशन कॉन्क्लेव में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए समानित किया गया। गौरतलब है कि नितेश रंजन भास्कर द्वारा पढ़ाए गए छात्र आज देश-विदेश के उच्च पदों पर आसीन है। घाघरा जैसे सुदूरवर्ती आदिवासी बहुल इलाके में शिक्षा के स्तर को सुधारने में इनका योगदान सराहनीय है। कार्यक्रम के संबंध में नितेश रंजन भास्कर ने बताया कि एजुकेशन एक्सीलेंस कॉन्क्लेव 2025 के पीछे का उद्देश्य ज्ञान का आदान-प्रदान, पॉलिसी एडवोकेसी, नवाचार को बढ़ावा देना, समस्या को सुलझाना और इंस्पिरेशन एंड मोटिवेशन को बढ़ावा देना था। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित एमिटी यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर प्रकाश पांडेय, ओडिशा राज परीवार की राजकुमारी मंजुला श्रॉफ, ईयू मीडिया के निदेशक गगन दीप सिंह हैरी और छत्तीसगढ़ शासन के कई लोग सम्मिलित थे।

# नाले में डूबने से डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरसी गांव में नाले में डूबने से राजेंद्र केरकेट्टा का डेढ़ वर्षीय पुत्र रोहन केरकेट्टा की मौत हो गयी। परिजन शनिवार की रात 9 बजे बच्चे को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बच्चे की मां गांव के समीप खलिहान में पुआल जमा कर रही थी। वही उसके दोनों बच्चे बेटा और बेटी पास ही अन्य बच्चों के साथ खेल रहे थे। तभी रोहन चलते-चलते समीप के नाले के पास पहुंच गया। बच्चे खेलने में मगन थे। तभी उसकी मां पहुंची और बच्चे को खोजने लगी। साथ ही सभी बच्चे रोहन को खोजने लगे। लेकिन वह नहीं मिला। थोड़ी देर बाद एक बच्चे की नजर नाले के पानी पर गयी। जहां रोहन पानी के ऊपर था। तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर ले जाया गया।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती

**राष्ट्र को महान बनाने में हमारे पूर्व छात्र का अहम योगदान : प्राचार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में स्वामी विवेकानंद जयंती सह युवा दिवस कार्यक्रम पुरातन छात्र परिषद के सदस्यों एवं प्रबंधन समिति की उपस्थिति में उत्साह पूर्वक मनाया गया। मौके पर उपस्थित पुरातन छात्र के अधिकारी, सचिव विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने स्वामी जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भैया आशुतोष ने मंचासीन अधिकारियों का परिचय करवाया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए कहा राष्ट्र को महान बनाने के वाक्य को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्व छात्र परिषद का सम्मेलन आयोजित की जाती है पूर्व छात्र की शक्ति को प्रमाणित करना भी इस सम्मेलन का उद्देश्य है। पूर्व छात्र के अध्यक्ष राजेश कुमार ने स्वामी जी के जीवन आदर्शो पर चलते हुए वर्तमान भारतवर्ष के युवाओं को उत्साह के साथ राष्ट्रीय चरित्र को आत्मसात करते हुए संस्कृति के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। इनके अलावा भैया आर्यन कुमार एवं सचिन कुमार ने भी अपने विचार रखें। प्रबंधन समिति के सचिव विजय बहादुर सिंह ने स्वामी जी के जीवन व्यक्तित्व को दृढ़ता पर आधारित व्यक्तित्व की संज्ञा देते हुए कहा धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण की दृढ़ता की भावना के कारण ही 1893 ईस्वी में स्वामी जी ने शिकागो धर्म सम्मेलन में हिंदू धर्म एवं हिंदुत्व के दर्शन को विश्व पटल पर रखकर विश्व को हिंदू धर्म का लोहा मनवाया। कार्यक्रम का संचालन आशा कुमारी ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रभात कुमार दास ने कहा कि हमारे पूर्व छात्र विद्यालय के प्रति सपनों को अपने आगे की पीढ़ी तक प्रेषित करें।

# उद्योगिनी संस्था ने 12 दीदी को दी सिलाई मशीन



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उद्योगिनी संस्था के कार्यालय मे रविवार को संस्था की ओर से कुल 12 दीदीयों के बीच सिलाई मशीन शतप्रतिशत अनुदान दर पर वितरण की गयी। उक्त आशय की जानकारी देते हुये उद्योगिनी संस्था संदीप कुमार ने बताया कि संस्था से जुड़े महिलाओं के विकास के लिये उद्योगिनी संस्था की ओर से मचान खेती, लाह की खेती के अलावे अन्य कार्यक्रम चलाये जाने की तैयारी की जा रही है। सिलाई मशीन का वितरण कामडारा के उपप्रमुख शकुंतला देवी के कर कमलों से किया गया। इस दौरान पवन कुमार, नारायण साहू, कृष्णा साहू , अमन कुमार के अलावे लाभूक बालमती देवी, क्रांति देवी, उर्मिला कुमारी, प्रिया तोपनो, फुलकुमारी, बसंती कुमारी, सुगंति देवी, पुनीता कुमारी, करिश्मा देवी, अलविना तोपनो, मोनिका बरला और अंजली केरकेट्टा मौजूद थे।

# वर्तमान में मनुष्य का मन बहुत भटक रहा है और यही तनाव का मुख्य कारण है : राजयोगिनी शांति




**गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रजापिता ब्रहमा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला के घाटो बगीचा स्थित शाखा द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला गया। मौके पर संस्था की संचालीका राजयोगिनी शांति दीदी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जीवन एक बार का था कि मुझे पढ़ने का समय मिले तो मैं पढ़ने से कही अधिक मन को एकाग्र करने में समय दूंगा। उपरोक्त कथन से भाव यह है कि वर्तमान समय मनुष्य का मन बहुत भटक रहा है और भटकता मन आज तनाव का मुख्य कारण है। साथ ही इस अवसर पर संस्थान में राम मंदिर स्थापना की प्रथम वर्षगांठ मनायी गयी और सभी को भगवान श्री रामचन्द्र की जीवन कहानी बतायी गयी और अपने जीवन को श्री राम के जैसा बनाने की बात कही गयी। इसी दौरान सभी ने संकल्प लिया कि हमें भारत में रामराज्य लना है। और स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए भारत को स्वर्णिम बनाना है। पूरे भारतवर्ष में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है ,इसी तारतम्य में कार्यक्रम में विद्यालय के सभी सदस्यों द्वारा अपने आसपास के क्षेत्र में नशा मुक्त वातावरण बनाने हेतु प्रतिज्ञा ली गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में ममता, कुसुम, अमित भाई, संजय भाई, उत्तम,रघु भाई, विश्राम, भगवती माता, कुंती माता, सीमा माता तथा अन्य भाई बहनों के सहभागिता रही।

# फुटबॉल टूर्नामेंट में बिशुनपुर बी की टीम जीती

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह व कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत अनुमंडल स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन रविवार को रंहे मिनी स्टेडियम में किया गया। इस दौरान घाघरा, बिशुनपुर, गुरदरी व पुसो थाना क्षेत्र से दो-दो टीम ने भाग लिया। इस दौरान सीडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के अलावे कई पुलिस पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मैच घाघरा बी बनाम बिशुनपुर बी के बीच खेला गया जिसमें एक गोल से बिशुनपुर ने जीत हासिल किया। इस दौरान सीडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा गुमला पुलिस सामुदायिक पुलिस की ओर अग्रसर है। गुमला को सबके सहयोग से सुरक्षित एवं अपराध मुक्त बनाना है। हर हाल में गुमला को अपराध मुक्त बनाना है। प्रशासनिक कार्यों में आम लोग मदद करे मदद करने वाले को गुमला पुलिस सामाजिक पदक से सम्मानित करेगी। इस दौरान सड़क सुरक्षा मैनेजर प्रभास कुमार ने लोगों से आग्रह करते हुए कहा है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करे। बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल ना चलायें वाहनों के दस्तावेज दुरुस्त कर ही वाहन को चलाये। साथ ही उन्होंने कई तरह की जानकारी लोगों को दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से सीडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव, एसएसबी के सीओ निरंजन कुमार, थानेदार तरुण कुमार, धीरज कुमार सिंह, राकेश कुमार, प्रभास कुमार, विजय साहू, अनिरुद्ध चौबे, लाल उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

# युवा दिवस के अवसर पर एक शाम आंजन धाम कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** स्वामी विवेकानंद की जयंती और युवा दिवस के अवसर पर एक शाम आंजन धाम कार्यक्रम का आयोजन रविवार को दिन के 2 बजे आंजन धाम समिति के द्वारा राम भक्त हनुमान की जन्मस्थली आंजन में किया गया। आंजन मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। वहीं कार्यक्रम का उदघाटन पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योतिविद पंडित दिवाकर पाठक, राष्ट्रीय संयोजक अरविंद मिश्रा, मुकेश कुमार सिंह, आदर्श मिश्रा, सुरेश मिश्रा आदि के द्वारा किया गया। वहीं कांशी के आचार्य के द्वारा भी पूजा करायी गयी। जिसके बाद सामुहिक मुक्तकंठ से एक साथ हजारों लोगों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। जय हनुमान गान गुण सागर के ध्वनि से आंजन धाम गुंज उठा। वहीं सुरेश मिश्रा और महावीर साहु ग्रुप के द्वारा संगीतमय सुंदर कांड का पाठ कराया गया। पूजा अर्चना के बाद सामुहिक आरती का भी आयोजन किया गया। युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भक्तों का दिन पर मंदिर परिसर में तांता लगा रहा है।

## पुरस्कार वितरण के साथ फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत लोकेया में स्व अनिल चौरसिया सात दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन शनिवार को हुआ। जिसमें विधायक आलोक चौरसिया, जिप सदस्य रामलव चौरसिया, पूर्व जिला परिषद् सदस्य संटू चौरसिया, भीष्म चौरसिया, बबलू गुप्ता, अशेष चौरसिया ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि फुटबॉल खेल शारीरिक विकास की एक कड़ी है। फाइनल मुकाबला संकट पलामू टीम एवं बोकारो की टीम के बीच खेला गया। निर्धारित समय के अंदर बोकारो टीम को हराकर पलामू की टीम ने खिताब पर कब्जा जमाया।

### विधायक ने नौडीहा में कब्रिस्तान बाउंड्रीवाल निर्माण का किया शिलान्यास

# बिना किसी भेदभाव के होगा क्षेत्र का विकास : नरेश प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सेमरी कला गांव के नौडीहा में रविवार को कब्रिस्तान चारहदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने किया। शिलान्यास समारोह की अध्यक्षता विश्रामपुर जिला पार्षद विजय रविदास व संचालन समाजसेवी हरिनाथ चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के न्याय के साथ क्षेत्र का विकास किया जायेगा। विकास कार्यों में सबकी भागीदारी भी सुनिश्चित की जायेगी। प्राथमिकता के आधार पर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक विकास कार्य पहुंचाया जायेगा। विकास कार्यों की गुणवत्ता से भी कोई समझौता नहीं किया जायेगा। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का प्रयास जारी रहेगा।



कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक।

# हरिहरगंज ब्लॉक कार्यालय में दो साल के बाद भी नहीं हुआ रंग-रोगन, खिड़की-दरवाजे जर्जर

### भवन रंग-रोगन के नाम पर 12.50 लाख की अवैध निकासी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज प्रखण्ड कार्यालय भवन का निर्माण हुए सात साल से अधिक बीत चुके हैं। जिसके बाद 2022-23 में भवन प्रमण्डल विभाग मेदिनीनगर की ओर से आवंटित 12.50 लाख रुपए से अभी तक दोबारा रंग रोगन का कार्य पूरा नहीं हुआ है। निर्माण के सात सालों में कार्यालय की खिड़की-दरवाजे जर्जर हो चुके हैं। मामूली धक्का देने पर दरवाजे टूटने की स्थिति में हैं, जो सुरक्षा और गोपनीयता के लिए खतरा उत्पन्न कर रहे हैं। बावजूद संबंधित अधिकारियों को इस पर कोई ध्यान नहीं है।



### 12.50 लाख की अवैध निकासी, जिम्मेदार मौन

**2022-23 में भवन का रंग रोगन के लिए 12.50 लाख रुपये आवंटित किए गए थे, लेकिन ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से केवल बाहरी पेंटिंग कर पैसे की अवैध निकासी कर ली गई। अंदर की स्थिति जस की तस बनी हुई है। यह मामला स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है। ब्लॉक भवन की दुर्दशा और भ्रष्टाचार के आरोपों के बावजूद सरकार और वरीय अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। यह रवैया सरकार की उदासीनता और भ्रष्टाचार को संरक्षण देने के समान प्रतीत होता है। जनता में इस मुद्दे को लेक चर्चा का विषय है।**

### महत्वपूर्ण कागजातों के नष्ट होने का खतरा

ब्लॉक कार्यालय के अंदर विभिन्न विभागों के महत्वपूर्ण कागजात हैं, लेकिन जर्जर खिड़की-दरवाजों के कारण ये दस्तावेज खतरे में हैं। अधिकारियों की अनदेखी और ठेकेदार की लापरवाही से सरकारी संपत्ति और दस्तावेजों की सुरक्षा पर हरिहरगंज के निवासी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि हम सभी अपने घर-द्वार को प्रतिदिन साफ सुथरा रखते हैं पदाधिकारी एवं सरकार बड़ी बड़ी बातें करते हैं लेकिन ब्लॉक की स्थिति पर चुप्पी साधे हैं। हरिहरगंज वासियों ने सरकार को संज्ञान लेने का आग्रह किया है।

## ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोशिएशन का सेफ्टी पर सेमिनार का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** युवा दिवस पर जपला स्टेशन परिसर में रविवार को ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन की ओर से सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया गया। साथ ही ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोशिएशन की कमेटी का भी गठन किया गया। सेमिनार में करीब 25 स्टेशनों के स्टेशन मास्टर शामिल हुए। इस दौरान बीड़ी सेक्शन अंतर्गत कार्यरत स्टेशन मास्टर को कार्य के दौरान होने वाली समस्याएं, काम के बढ़ते दबाव को देखते हुए प्रत्येक पारी में दो स्टेशन मास्टर काम करने और बीड़ी सेक्सन में बहुत दिनों से काम करने वाले स्टेशन मास्टर को जीसी-1 व जीसी-2 में ट्रांसफर करने के लिए रेल प्रशासन से मांग करने समेत कई अन्य विषयों पर चर्चा की गयी। मौके पर नबीनगर यातायात निरीक्षण अजय कुमार सिंह, जपला स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार, अजय मेहता, नबीनगर स्टेशन प्रबंधक पी हेम्ब्रम, हैदरनगर स्टेशन मास्टर एमडी सलाउद्दीन खान, कोशियरा स्टेशन मास्टर संजय कुमार, करकट्टा स्टेशन मास्टर संतोष कुमार सिंह, डिविजन ऑर्गेनाइजेशन सेक्रेटरी मुन्ना कुमार, पप्पू वर्मा, स्टेशन मास्टर रविंद्र कुमार, चंदन, सुधीर कुमार, मनोज कुमार, सचिंदर कुमार, रोहित कुमार व संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

# शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर जिले में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार की रात रेहला थाना क्षेत्र के महावीर मंदिर रेहला कला के पास वाहन जांच के दौरान एक संदिग्ध बाइक को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। लेकिन बाइक सवार ने बचने के लिए भागने का प्रयास किया। पर पुलिस की सतर्कता के चलते उसे पकड़ लिया गया। उसके पास से शराब व बियर की बोतलों से भरी चार पेटी बरामद हुई। इसके बाद पुलि ने सुनिल कुमार चौधरी (32) नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया। वह गढ़वा जिले के ग्राम फरटिया का रहने वाला है। पुलिस ने शराब से संबंधित वैध कागजात मांगे तो वह दिखा नहीं सका। इसके बाद उसे रेहला थाना लाया गया। इस संबंध में रेहला थाना में उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं, छापामारी दल में सअनि अमित कुमार पांडेय, रेहला थाना, आरक्षी ललन प्रसाद यादव, आरक्षी मो. रजी शामिल थे। उधर, पलामू एसपी ने आम जन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत अपने निकटतम थाना को दें। आपकी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।



# पलामू कप टूर्नामेंट युवाओं की प्रतिभा को निखारने का बेहतर मंचः अभिमन्यु

- -खेल के विकास के लिए झारखंड सरकार प्रतिबद्ध : दीपक तिवारी
- - झामुमो के युवा नेता द्वारा पलामू कप टूर्नामेंट का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झामुमो युवा मोर्चा की ओर से जीएलए कॉलेज मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट पलामू कप में रविवार दो मैच खेले गये। पहला मैच आर्यन डीसीसी और साउल टेकर के बीच खेल गया। आर्यन डीसीसी के बॉलर ऋषभ मैन ऑफ द मैच बने। इस टूर्नामेंट की अध्यक्षता सन्नी शुक्ला और संचालन सचिव आशुतोष विनायक ने किया। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी अभिमन्यु सिंह और इंडियन रोटी के बैंक के फाउंडर सह झारखंड प्रदेश कोऑर्डिनेटर एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता दीपक तिवारी थे। समाजसेवी अभिमन्यु सिंह ने ऋषभ को मैन ऑफ द मैच का ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं पलामू कप का दूसरा मुकाबला गुरहा इलेवन और गब्बर इलेवन के बीच खेला गया। इसका शुभारंभ समाजसेवी अभिमन्यु सिंह और इंडियन रोटी बैंक के फाउंडर-सह-प्रदेश कॉर्डिनेटर एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता दीपक तिवारी ने टॉस करा कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

इस अवसर पर समाजसेवी अभिमन्यु सिंह ने कहा कि पलामू कप टूर्नामेंट युवाओं की प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच है। इसके माध्यम से खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। युवा मोर्चा युवा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देता है। उन्होंने युवा मोर्चा के सकारात्मक उत्थान के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों प्रतिभा निखारने की बात हो या अन्य विकास कार्यों में सहभागी बनने की। युवा मोर्चा के सदस्य हमेशा सक्रियता से कार्य करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पलामू में प्रतिभा खिलाड़ियों की कमी नहीं है, उन्हें अवसर देने की आवश्यकता हो, जो युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। वहीं, इंडियन रोटी बैंक के फाउंडर, प्रदेश कोऑर्डिनेटर एवं झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने कहा कि क्रिकेट खेल से युवाओं का भावनात्मक लगाव रहता है। हर ओर युवा-बच्चे इस खेल से जुड़े हैं। ऐसे में युवा खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिले, इसके लिए पलामू कप टूर्नामेंट का आयोजन होता रहा है। इसके आयोजन से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर प्राप्त हो रहा है और खेल की दिशा में युवा खिलाड़ी अपनी भविष्य को उज्जवल बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेलों के विकास के लिए झारखंड सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार युवा खिलाड़ियों के उत्थान के लिए योजनाएं बनाई है। स्कूल-कॉलेज स्तर से ही खिलाड़ियों को तरासने का कार्य हो रहा है।

# आंखों की ज्योति लौटाना सबसे बड़ा पुनीत कार्य : डॉ बिनेश

- - हुसैनाबाद में मोतियाबिंद शिविर में 200 की जांच और 80 मरीजों का हुआ निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जिला अंधापन नियंत्रण समिति एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार व रविवार को हुसैनाबाद अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित हुआ। जिसमें 200 मरीजों की आंखों की जांच की गई। इनमें से 80 मरीजों को आइएलओं विधि द्वारा लेंस प्रत्यारोपन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बिनेश कुमार ने कहा कि किसी व्यक्ति की आंखों की ज्योति लौटाना सबसे बड़ा पुनीत का कार्य है। कहा कि इसमें जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार की ओर से इस क्षेत्र में पिछले कई सालों से शिविर आयोजित कर बेहतर कार्य कर किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ता से अपील की है कि अपने-अपने क्षेत्रों से मोतियाबिंद रोग से ग्रस्ति लोगों को इस शिविर में पहुंचायें। वहीं, डॉ अखिलेश गुप्ता ने बताया कि आईएलओ विधि द्वारा लेंस प्रत्यारोपण किया जा रहा है। सभी मरीजों को निःशुल्क दवा और चश्मा भी दिया जाएगा। शिविर के चौथे दिन 80 लोगों का मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया गया। सोमवार की सुबह सभी मरीजों को निःशुल्क चश्मा व दवा दी जाएगी। मौके पर नेत्र चिकित्सक बिरजू प्रसाद, दयानंद कुमार, जयप्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह, सचिन ठाकुर, कुंदन कुमार, सुनील कुमार, मिथिलेश कुमार, बसंती देवी, रागनी कुमारी और विपिन कुमार आदि मौजूद थे।



## संवाद, सामर्थ्य और समृद्धि की त्रिवेणी थे स्वामी विवेकानंद : डॉ जीएन खान




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्त करने से पहले मत रुको इस प्रसिद्ध कथन के उद्घोषक स्वामी विवेकानंद जी की 163 वीं जयंती रविवार को डालटेनगंज एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य डॉ जीएन खान ने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ स्वामी जी के चित्र के समक्ष वैदिक मंत्रोचार के बीच दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी शिक्षकों ने बारी- बारी से स्वामी जी को पुष्पांजलि देकर नमन किया। विद्यालय के कला शिक्षक प्रवीर पात्रा ने रेत पर स्वामी जी का सुंदर चित्र बनाया, जो छात्रों एवं शिक्षकों के आकर्षण का केंद्र रहा। प्राचार्य एवं अन्य शिक्षकों ने वहां भी पुष्पार्चन कर स्वामी जी को नमन किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ जीएन खान ने अपने अतीत को स्वामी विवेकानंद जी से जोड़ते हुए बताया कि मेरी शिक्षा इंटर एवं स्नातक स्वामी विवेकानंद मेमोरियल कॉलेज जगतसिंहपुर उड़ीसा में पूरी हुई। मैं वहां अवकाश के समय में स्वामी जी की मूर्ति के नीचे ही बैठा करता था। वहां अंकित स्वामी जी के प्रेरक वचन एवं प्रसंग मेरे लिए प्रेरणा स्त्रोत थे। डॉ खान ने कहा कि स्वामी जी को देश के युवाओं पर पूर्ण विश्वास था। स्वामी जी के अनुसार स्वस्थ युवक ही देश को परम वैभव के शिखर पर स्थापित कर सकते हैं। उनके अनुसार युवक ही देश में समृद्धि, नव परिवर्तन,नई स्फूर्ति एवं नई चेतना जागृत कर महापुरुषों के सपनों को पूरा कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार,सीएस पांडे,नीरज श्रीवास्तव, एके पांडे, जितेंद्र तिवारी, मीनाक्षीकरण उपस्थित थीं। कार्यक्रम संयोजक शिक्षक कन्हैया राय थे।

# स्वामी विवेकानंद ने विश्व पटल पर फहराया था भारत का पताका : ऋतुराज

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** महंगाई दुर्गा ऑफिस के पास स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन की ओर से कई कार्यक्रम आयोदित किया गया। जिसकी शुरूआत में सभी शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें उन्हें नमन किया। इसके बाद कई प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। जिसमें स्कूल के सभी बच्चों ने भाग लिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरष्कृत भी किया गया। स्कूल के निदेशक ऋतुराज मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद वह युवा संत थे जिन्होंने विश्वपटल पर भारत और सनातन का पताका फहराया था। उन्होंने युवाओं को कर्मयोग की शिक्षा दी। जिसके चलते उनके जन्मजयंती को भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्राचार्य तृप्ति मिश्रा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। मौके पर उप प्राचार्य शैली कुमारी, शिक्षक नेहा वर्मा, पूजा कुमारी, सीता देबी, प्रमोद कुमार, रीता देवी, माही मिश्रा व वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

## मनरेगा कार्य में अधिकारी-मुखिया पर 50 फीसदी रिश्वत लेने का आरोप निराधार : प्रमिला सिंह

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला में मनरेगा से चैनपुर प्रखण्ड के सभी पंचायत में योजनाओं के कार्य की राशि निकासी को लेकर बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे ने अधिकारियों व मुखिया के वेंडर द्वारा 50 प्रतिशत रिश्वत लेने का मामला उठाया था, जिस पर मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष प्रमिला सिंह व उपाध्यक्ष रानी सिंह ने चैनपुर प्रखण्ड के सभी पंचायत के मुखिया साथ बैठक कर प्रेस विज्ञप्ति जारी किये। कहा कि बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे अधिकारियों व सभी मुखिया पर जो आरोप लगा रहे हैं वो बेबुनियाद है। कहा कि आरोप लगाने से पहले उनको साक्ष्य लोगों के सामने रखना चाहिए। तभी किसी पर आरोप लगाना चाहिए। उनके नजर में अगर सभी मुखिया व अधिकारी भ्रष्ट है तो पंचायत में विकास कैसे हो रहा है। इसका जवाब उनको देना पड़ेगा और साक्ष्य के साथ अगर जवाब नहीं देंगे तो मुखिया संघ प्रखंड में उनके खिलाफ जोरदार विरोध करेगा।

## मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पंजरी खुर्द गांव में होगा लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर प्रखंड के पंजरी खुर्द गांव में आस-पास के 20 गांवों के गणमान्य लोगों की एक सामूहिक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक भृगुनाथ सिंह व संचालन रोशन पाठक ने किया। बैठक में नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि अप्रैल महीने में मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगा। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का भी आयोजन किया जायेगा। इसके लिए स्वागत, भंडारा, मंडप निर्माण व अनुशासन कमेटी गठित करने सहित ट्रस्ट बनाने पर भी चर्चा की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 27 अप्रैल को कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू होगा। 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगा। दो मई को यज्ञ की पूर्णाहूति होगी। अध्यक्ष भृगुनाथ सिंह ने कहा कि सनातन धर्म में सात्विक जीवन के लिये यज्ञ जरूरी है। यज्ञ आहुति ही पृथ्वी की रक्षा का संस्कार हैं। हम सबको उस संस्कार में अपनी भागीदारी तय करनी होगी। मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि पंचायत में महायज्ञ का आयोजन हमारा सौभाग्य है। इतने बड़े आयोजन में सामूहिक प्रयास व सहयोग की जरूरत है। बैठक में तोलरा मुखिया रोहित तिवारी,पंजरी कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा, आरएसएस के जिला कार्यवाह अमितेश्वर दयाल, खंड कार्यवाह राघवेंद्र कुमार, बिनोद पाठक, प्रसिद्ध भोजपुरी गायक शिव कुमार चौधरी, सोनू सिंह, रामयश पाठक, चंद्रशेखर पाठक, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, बसंत पाठक, दिनेश पाठक, सुदेश्वर पाठक, बिरेंद तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, वृदावन पाठक, रक्षेया पाठक, देवेंद्र चौधरी, डबल सिंह, कंचन पाठक, रोहित सिंह, योगेंद्र मिश्र आदि मौजूद थे।

### ट्री मैन ने पौधा दान के बाद बैटिंग कर किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

# युवा, खेल, कला संस्कृति राष्ट्र की धरोहर व वन पर्यावरण के प्रमुख अंग : डॉ कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर प्रखंड के चराई पंचायत अंतर्गत कोकरो गांव में 'कोकरो क्रिकेट क्लब' की ओर से इस वर्ष भी मैच का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने विशिष्ट अतिथि झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह चराई पंचायत मुखिया रविंद्र राम और झामुमो प्रखंड सचिव सनी कुमार के साथ बैटिंग कर औपचारिक उद्घाटन किया। डॉ कौशल ने क्रिकेट टीम के दोनों कैप्टन को थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा दान कर एवं वहां उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाया। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र राम ने कहा कि खेल से युवाओं में अनुशासन का भाव उतपन्न होता है। उन्होंने कहा कि वे अपने पंचायत में युवाओं के लिए बेहतर व्यवस्था बनाने का प्रयास किया है। वहीं, सचिव सन्नी कुमार ने कहा कि आज ऐसे आयोजन की जरूरत है। उन्होंने ऐसे आयोजन में हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। मैच में चिरु की टीम ने 12 ओवर में छह विकेट के नुकसान में 159 रन बनाया। वहीं पोल्डी की टीम ने अपनी पारी खेलते हुए 10 ओवर में 46 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैच का आयोजक एवं कॉमेंटेटर उपेंद्र सिंह,अध्यक्ष संदीप यादव, सचिव गुड्डू पाल, कोषाध्यक्ष चंचल कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह अंपायर, मिंटू सिंह अंपायर, धर्मदेव यादव, नन्दी विश्वकर्मा, शिवनाथ सिंह, योगेंद्र कुमार सिंह, उमेश यादव, यमुना सिंह, डॉ बसंत यादव, दरोगा सिंह, सुनील यादव, कुलदीप सिंह, मंटू सिंह, डॉ चितरंजन सिंह, विजय सिंह, अनिल सिंह, संदीप सिंह, सोहराई सिंह, सरोज सिंह, मुन्ना कुमार, सीताराम सिंह, मंदीप सिंह, नंदू सिंह, शंभू सिंह, सुनील पाल, अनिल पाल, पप्पू सिंह, विजय सिंह-2, बिंदु सिंह, राजेश्वर सिंह, श्रीराम कुमार आदि उपस्थित थे।



## सूर्य मंदिर में भव्य गंगा आरती का आयोजन



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सूर्य मंदिर परिसर में महान क्लब के तत्वधान में भगवान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। साथ ही शनिवार की शाम विधायक आलोक चौरसिया, मनोज सिंह, भाजपा नेता ज्योति पांडे, आशीष भारद्वाज, नीरा देवी, शैलेन्द्र कुमार शैलू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं चैनपुर तालाब परिसर में गंगा आरती, झाकियां, आतिशबाजी एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा आरती में भाग लिया। इस अवसर पर विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि सनातन धर्म को बनाए रखने में महान क्लब के अध्यक्ष अमित सोनी ने समाज में बढ़ चढ़ कर हमेशा योगदान देते आ रहें हैं जिनका सहयोग समाज में एक मिशाल है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार सनातन धर्म को बचाए रखने के लिए समाज के सभी लोगों को आगे आकर समाज में अपना योगदान देने की जरूरत है।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 13 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



## कार्रवाई : हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी में हिंसक झड़प मामले में पुलिस की दबिश

# कारू यादव के घर छापा, सर्च में मिले जिंदा बम, हथियार और 90 टन अवैध कोयला

## हिंसा मामले में कुल सात मामले हुए हैं दर्ज, सांसद के खिलाफ भी एफआइआर, महिला सहित दो हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता




हिलटॉप आउटसोर्सिंग हिंसा मामले में छापामारी कर जांच करते पुलिस के आला अधिकारी। आरोपित के पास से जब्त अवैध कोयला।

**धनबाद।** जिले में बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया 3 अंतर्गत बाबुडीह में संचालित हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी में गुरुवार को हुई बमबाजी, गोलीबारी और बाघमारा एसडीपीओ पर हुए हमले के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है। जिसके बाद पुलिस प्रशासन रेस हो गया है। बोकारो रेंज आइजी, डीआइजी, धनबाद एसएसपी घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार करने को लेकर ताबड़तोड़ छापामारी कर रहे हैं। रविवार को कारू यादव के आशाकोठी आवास पर पुलिस ने छापामारी कर सर्च अभियान चलाया। जहां पुलिस को एक घर से दो जिंदा बम, पिस्टल रखने वाला कवर और तेज धारदार हथियार मिला है। पुलिस ने हथियार जब्त कर मौके से एक महिला को भी हिरासत में लिया है। वहीं झामुमो नेता के घर से कुछ दूर पर जमा किये करीब 90 टन अवैध कोयला भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों की मानें तो बोकारो से भी एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। इस मामले की जांच को लेकर ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि हिंसक झड़प, फायरिंग और बमबाजी की घटना को लेकर अब तक सात मामले दर्ज किये गये हैं, जिसमें 100 अधिक नामजद अभियुक्त हैं। बम बरामदगी और अवैध कोयला जब्ती मामले में दो मामले दर्ज किये गये हैं, जिसमें कारू यादव, उसके पुत्र विनोद यादव सहित अन्य को आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा ग्रामीण एसपी ने बताया कि गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी और बीसीसीएल जीएम केसी शाहा का नाम भी एफआइआर में है। इस घटना में उनलोगों की संलिप्तता है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। बम रखने के मामले में आशा देवी और संदीप पासवान को गिरफ्तार किया गया है। आपराधिक लोगों को अपने यहां शरण देने वाले लोगों से भी पुलिस पूछताछ करेगी।

### क्या है पूरा मामला

धनबाद के मधुबन थाना क्षेत्र स्थित हिलटॉप आउटसोर्सिंग पर वर्चस्व को लेकर गुरुवार को दो गुटों में हिंसक झड़प हो गयी थी। इस दौरान दोनों ओर से बमबाजी, फायरिंग और जमकर पथराव हुआ। इतना ही नहीं उपद्रवियों ने गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी का कार्यालय तक फूंक दिया और 18 बाइक को आग के हवाले कर दिया था। घटना के बाद बाघमारा डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार समेत पुलिस फोर्स घटना के आरोपी कारू यादव को गिरफ्तार करने के लिए पहुंचे तो, उसके समर्थकों ने पुलिस पर ही पथराव कर दिया, जिसमें डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। दूसरी ओर, स्थानीय महिलाओं ने छापामारी करने पहुंची पुलिस टीम पर मारपीट और अमानवीय व्यवहार करने का आरोप लगाया था। महिलाओं का कहना थआ कि पुलिस की कई टीमें आशाकोठी खटाल पहुंचीं और कारू यादव की तलाश शुरू कर दी। जब झामुमो नेता नहीं मिले तो घर के समानों, कुर्सी, अनाज, चार पहिया वाहनों, बाइक को तोड़ फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। महिलाओं का आरोप है कि उनलोगों को लाठी से भी मारा गया। पुलिस की इस मारपीट से वे सभी डरे हुए हैं। उन्हें नहीं पता कि क्या हुआ, फिर भी पुलिस ने महिलाओं और बच्चों को पीटा और उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया। महिलाओं की मांग है कि पुलिस की इस बर्बर कार्रवाई से उनलोगों को बचाया जाए।

### कारू यादव का झामुमो से संबंध नहीं: लखी सोरेन

मधुबन क्षेत्र में हुई हिंसक घटना को लेकर झामुमो के धनबाद जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि घटना में दो राजनीतिक गुट निजी स्वार्थ और वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहे हैं, जो ग्रामीणों और मजदूरों के हित से परे है। उन्होंने स्पष्ट किया कि घटना के आरोपी कारू यादव का झामुमो से कोई संबंध नहीं है। बताया कि वह वर्षो पहले झामुमो से जुड़े थे, लेकिन उनके कार्यकाल में उन्हें पार्टी से कोई प्राथमिक सदस्यता नहीं मिली। लखी सोरेन ने कहा कि झामुमो हमेशा से मजदूरों और ग्रामीणों के हित में काम करता रहा है और विस्थापन एवं मुआवजे के मुद्दे पर जमीनी स्तर पर संघर्ष करता आया है। कहा कि यह निजी स्वार्थ से प्रेरित है। जिला प्रशासन से अपील की कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये।

## सांसद चंद्रप्रकाश पर दर्ज झूठा मुकदमा वापस हो : यशोदा



**नावाडीह/डुमरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** आजसू प्रखंड कमेटी की ओर से रविवार को नावाडीह विनोद बिहारी महतो स्टेडियम में बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मिश्रीलाल महतो ने की। इसमें आजसू की केंद्रीय महासचिव यशोदा देवी मौजूद थी। उन्होंने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कुछ दिन पूर्व धनबाद- बाघमारा स्थित खरखरी में गिरीडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के आवासीय कार्यालय कुछ उपद्रवियों द्वारा आगजनी किया गया है। साथ ही सांसद पर राजनितिक षड्यंत्र के तहत झूठा मुकदमा किया गया है। इससे पार्टी में काफी रोष है। कहा कि वर्तमान सरकार की कानून व्यवस्था पूरी तरह खत्म हो गयी है। प्रतिदिन अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सांसद पर दर्ज झूठी मुकदमा जल्द से जल्द वापस ले, अन्यथा पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी। वहीं, केंद्रीय सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि सुरेश महतो ने कहा कि जिन उपद्रवियों ने गिरीडीह सांसद के आवासीय कार्यालय में आगजनी एवं तोड़फोड़ की है, प्रशासन उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार करे और सांसद पर जो झूठा मुकदमा किया गया है उसे वापस ले। प्रखण्ड अध्यक्ष मिश्रीलाल महतो ने कहा कि आजसू अंदोलन की उपज पार्टी है। इस तरह के झूठा मुकदमा से डरने वाली नहीं हैं। मौके पर जिला सचिव बॉबी पटेल, प्रखण्ड उपाध्यक्ष विजय महतो, प्रखण्ड सह सचिव भागीरथ महतो, प्रखण्ड प्रवक्ता जगरनाथ महतो, मीडिया प्रभारी दीपक महतो, विक्की विक्रांत, महेन्द्र महतो, सावन कुमार आदि मौजूद थे।

## नेताजी सुभाष सेवा संघ कमेटी का विस्तार जितेंद्र अध्यक्ष और लखन हांसदा बने सचिव



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली बाजार स्थित नेताजी सुभाष सेवा संघ के प्रधान कार्यालय में सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संगठन के संस्थापक आशुतोष सिंह ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी 23 जनवरी को संगठन का स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। सभी कार्यकर्ता सेवा और प्रेम की भावना के तहत कार्य करें। कहा कि इसकी तैयारी के लिए कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष जितेंद्र कुमार महतो, कार्यकारी अध्यक्ष भरत वर्मा, सचिव लखन हांसदा, संगठन मंत्री कुमार बलराम सिंह, कोषाध्यक्ष महेश कुमार कानाबार, उप कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सहित कार्यकारणी सदस्यो में मुकेश कुमार शर्मा, सुनील कुमार, अशोक पांडेय, विपिन कुमार, राघे कुमार साह, नंदा सिंह आदि शामिल है। मौके पर तेज प्रताप यादव, मोहन मुर्मू, दीपक रवानी, गौतम सिंह, सुनील कुमार, भरत वर्मा, नवनीत प्रभात, सिल्टू बनर्जी, लालटू बनर्जी आदि थे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर जरूरतमंदों में कंबल वितरित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयला भवन के समीप उदया काली मंदिर में स्वामी विवेकानंद जयंती पर रविवार को उदया काली मंदिर पूजा कमेटी के सेविकाओं के सौजन्य से गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। पूजा कमेटी के सदस्यों ने सर्व प्रथम स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण की। पूजा कमेटी की रूपा बोस ने बताया कि यह पहला कंबल वितरण कार्यक्रम है। गरीबों की मदद का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। वहीं, सचिव अरुण पांडेय ने बताया कि इस मंदिर प्रांगण में 16 से 22 जनवरी तक श्रीमद भागवत कथा का भव्य आयोजन किया गया है। मंदिर के पुजारी धर्मादास ने कहा कि इस मंदिर की देखरेख में कमेटी के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहता है। मौके पर अध्यक्ष बीके झा, सुरजीत राय, दरोगा महतो, संजीव बोस, डीएन सिंह, शांतनु बनर्जी, दिगय भट्ट, एस देव चंद्र, नेपाल पंडित, रूपा घोष, मौसमी, संगीता, सीमा, नूतन, शिवली, चंदन, उमा, शुक्ला, रांगा, पुष्पा, मानसी और नीलांजना मौजूद थे।

## कार्मेल स्कूल में छात्राओं से शर्मनाक हरकत करनेवाली प्राचार्या सिस्टर देवश्री के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई : ढुल्लू



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सांसद ढुल्लू महतो ने डिगवाडीह कार्मेल स्कूल में छात्राओं के साथ हुई शर्मनाक घटना को लेकर शिक्षा साक्षरता विभाग के सचिव, निदेशक और धनबाद के डीसी को पत्र लिखा है। उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे गंभीर अपराध बताया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सांसद ने कहा कि एक विद्यालय, जहां बच्चों को शिक्षा और नैतिकता का पाठ पढ़ाया जाना चाहिए, ऐसी घटनाएं समाज के लिए घातक हैं। प्राचार्य द्वारा छात्राओं के साथ किए गए अमर्यादित कृत्य ने ना केवल अभिभावकों का विश्वास तोड़ा है, बल्कि शिक्षा के पवित्र वातावरण को भी दूषित किया है। उन्होंने इस घटना की उच्चस्तरीय जांच करवाने की मांग करते हुए कहा कि दोषी प्राचार्य सिस्टर देवश्री पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा ना हों। सांसद ने यह भी कहा कि प्रशासन को स्कूल प्रबंधन की भूमिका की भी जांच करनी चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि इस मामले में कोई भी दोषी बच ना पाए। सांसद ने अभिभावकों और समाज के सभी वर्गों से इस मामले में एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की है, ताकि हमारी बेटियां सुरक्षित

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर निकाली जागरूकता रैली




**महुदा (आजाद सिपाही)।** स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में रविवार को स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रांगण से जागरूकता रैली निकली गयी, जो लाल बंगला होते हुए पुनः कॉलेज प्रांगण पहुंचा। रैली का शुभारंभ बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शेखर सिंह और पदुगोड़ा के मुखिया महेश पटवारी ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरित कर देश के प्रति समर्पण की भावना जागृत करना था। आयोजकों का मानना है कि जब युवा अपने देश के लिए समर्पित होंगे, तभी देश आगे बढ़ेगा। रैली के सफल आयोजन में कॉलेज के शिक्षकों, टोटल सॉल्यूशन के संचालक दुर्गा प्रसाद रवानी और शिक्षक सह सहायक अध्यापक संघ धनबाद के जिला महासचिव साजिद शेख का अहम योगदान रहा।

## खांजो नदी को पर्यटन स्थल बनाने की मांग जोरों पर

**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत खुंटरी पंचायत के टोला केन्दुआडीह एवं जैना पंचायत के बीच स्थित खांजो नदी को पर्यटन स्थल बनाने की मांग फिर से जोड़ पकड़ने लगी है। भाजपा के जिला कार्यकारणी सदस्य राम दयाल सिंह ने कहा कि खांजो नदी को पर्यटन स्थल के रूप में शामिल करने से क्षेत्र में विकास होगा। सैंकड़ों वर्षो से खांजो नदी कल-कल की जल धारायों से क्षेत्र की हरियाली को बढ़ा रही है। इस स्थान पर हिन्दुओं का प्रसिद्ध त्योहार छठ पूजा, सूर्य उपासना, पूजा-पाठ, समाजिक कार्यों की संपादन करने प्रतिदिन सैंकड़ों लोगों का आवागमन होता है। पिकनिक स्पॉट के रुप में महत्वपूर्ण स्थान माना जाता है। मांग करने वालों में मुख्य रूप से भाजपा सांसद प्रतिनिधि कन्हैया पांडेय, नितेश कुमार सिंह, राणा सिंह, सुबोध सिंह, बालेश्वर मूर्मू, सत्यनारायण हांसदा आदि शामिल है।

## सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल का शिलान्यास भारतीय मजदूर संघ की मांग की देन है : के लक्ष्मा रेड्डी




**बेरमो (आजाद सिपाही)।** भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ में कोल उद्योग प्रभारी सह जेबीसीसीआइ सदस्य के लक्ष्मा रेड्डी रांची में दो दिवसीय प्रवास पर है। जिनकी उपस्थिति में सीसीएल सीकेएस की कार्यसमिति की बैठक रांची दरभंगा हाउस कार्यलय में हुई। बैठक की अध्यक्षता सीसीएल सीकेएस के अध्यक्ष निर्गुण महतो व संचालन महामंत्री शशि भूषण सिंह ने किया। बैठक में प्रदेश महामंत्री राजीव सिंह, मनोज रजक, संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रवीन्द्र कुमार मिश्रा, संजय चौधरी उपस्थित रहे। इस अवसर पर के लक्ष्मा रेड्डी ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ 17 सूत्री मांगो में एक को मान लिया गया है। केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने सीसीएल स्तर पर 200 बेड का सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल का शिलान्यास झारखंड में किया है। इससे कोयला कर्मचारियों में काफी हर्ष है। भारतीय मजदूर संघ कोल इंडिया सभी अनुषंगी इकाई में सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल की मांग कररही है। जिसे पूरा करने का आश्वासन कोयला मंत्री ने दिया है। कहा की जल्द ही कोयला कर्मचारियों को कैटिगरी -1 के स्थान पर कैडर स्कीम के तहत बदलाव करते हुए जनरल असिस्टेंट कहा जाएगा। ठेका कामगारों को एचपीसी के तहत मौलिक सुख-सुविधा बायोमैट्रिक अटेंडेंस के साथ पीएलआर के तहत 10 हजार रुपये बोनस राशि दी गई। ये सारी मांगे बराबर अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ द्वारा कोल इंडिया प्रबंधन को अवगत कराती रही है। उसी का परिणाम है कि उन सारी मांगों की पूर्ति धीरे-धीरे धरातल पर दिख रहा है। भारतीय मजदूर संघ अपने 70 वर्ष पूरा होने पर पांच परिवर्तन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। पूरे भारतवर्ष में उसी निमित्त उनका यह झारखंड दौरा रहा। कल उद्योग प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी का रांची दौरा के उपरांत सीसीएल सीकेएस कार्यसमिति सदस्य रवीन्द्र कुमार मिश्रा और ढोरी क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह व अध्यक्ष कुलदीप द्वारा अंग वस्त्र तथा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

## श्रीश्री रविशंकर 6 फरवरी को चिटाहीधाम में

**कतरास (आजाद सिपाही)।** अध्यात्मिक गुरु व आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर जी महाराज 6 फरवरी को चिटाहीधाम रामराज मंदिर आ रहे हैं। चार से 12 फरवरी तक रामराज मंदिर में आयोजित महायज्ञ और मंदिर का स्थापना दिवस सह वार्षिकोत्सव में शामिल होंगें। इससे पहले 10 जनवरी को बेंगलुरू स्थित आश्रम में गुरु रविशंकर जी से सांसद ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो अपनी पत्नी डोली देवी व पुत्र श्रीकांत राज के साथ मिलकर आशीर्वाद लिये और चिटाहीधाम में आने का निमंत्रण दिया।

## महुदा में एसएससी जिडी सफलता सम्मान महोत्सव आयोजित

# लोग शिक्षा को महत्व देने लगे हैं: जलेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** एसएससी, जिडी सफलता सम्मान महोत्सव 2024-25 का आयोजन महुदा में रविवार को सुपर 30 बैच के तहत राधानगर गैस एजेंसी के पास स्थित सामुदायिक भवन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो के अलावा पूर्व जिप सदस्य सह संस्थान के प्रमुख संरक्षक संतोष महतो उपस्थित रहे। संस्थान के शिक्षक विष्णु रजक और स्पोर्ट्स शिक्षक अंकुर राय ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ और सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर डिफेन्स में चयनित बच्चों को मोमेंटो देकर व मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। चयनित बच्चों में बागड़ा बस्ती की अनीता कुमारी (बीएसएफ), कचर्रा बस्ती की अनुपमा सिंह और नीलम कुमारी (सीआइएसएफ) में चयनित हुई हैं। जलेश्वर महतो ने कहा कि सुपर 30 बैच ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किया है और अब क्षेत्र के लोग शिक्षा को महत्व देने लगे हैं। उन्होंने बच्चों को कठिनाइयों का सामना करते हुए आत्मविश्वास से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। वहीं, संतोष महतो ने शिक्षक अंकुर राय और विष्णु रजक की मेहनत की सराहना करते हुए क्षेत्र की लड़कियों की सफलता को प्रेरणादायक बताया।

झारखण्ड-सरकार
कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रॉंची।
(परिवहन शाखा, रॉंची)

अति अल्पकालीन निविदा

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) 2025 के अवसर पर मोरहाबादी मैदान, रॉंची में परिवहन विभाग, झारखण्ड, रॉंची की झांकी के निर्माण (**झांकी का थीम–सड़क सुरक्षा:–सड़क सुरक्षा के नियम अपनाए, सुरक्षित झारखण्ड बनाएं**) के लिए अनुभवी संस्थानों/फर्मो से दिनांक 20.01.2025 के अपराह्न 12:30 बजे तक टर्न की आधार पर साल वेज वैल्यू सहित मुहरबंद निविदा जिला परिवहन कार्यालय, रॉंची कमरा संख्या–317, तृतीय तलब्लॉक–बी, समाहरणालय, रॉंची के नाम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा उसी दिन अपराह्न 03:00 बजे क्रय समिति के समक्ष निविदादा ताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी।

निविदा की शर्ते :–

1. निविदा के साथ 30,000/–(तीस हजार) रूपये का बैंक ड्राफ्ट जिला परिवहन पदाधिकारी, रॉंची के पदनाम से भुगतेय संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा दो लिफाफे में देना होगा, एक में तकनीकी तथा दुसरे में वित्तीय बीड होगा।
3. झांकी का निर्माण दिनांक 25.01.2025 को अपराह्न 03:00 बजे तक मोरहाबादी मैदान, रॉंची के निर्देशित स्थल पर पूर्ण रूपेण तैयार करना अनिवार्य होगा। थीम के अनुरूप झांकी प्रदर्शन में किसी प्रकार की कमी रह जाने की स्थिति में निविदा दाता को भुगतेय राशि में तदनुसार कटौती करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
4. झांकी मॉडल को ट्रेलरमें बड़े रूप में निकालना होगा।
5. तकनीकी निविदा के अन्तर्गत निविदा दाता को सरकारी क्षेत्र में समान प्रकृति के कार्य हेतु कम से कम 3 वर्षो का अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
6. तकनीकी बीड में जी0एस0टी0 (GST) निबंधन प्रमाण–पत्र, इनकम टैक्स (Tax) अद्यतन बकाया राशि रहित प्रमाण–पत्र, फर्म को किसी भी संस्थान द्वारा काली सूची मेंन हीं डाला गया हो उसका शपथ पत्र संलग्न करना होगा तथा डिमाण्ड ड्राफ्ट, थीम का आलेख सड़क सुरक्षा:–**सड़क सुरक्षा के नियम अपनाए, सुरक्षित झारखण्ड बनाएं** झांकी का डिजाईन/ मॉडल एवं write up की प्रतिभी देना होगा।
7. तकनीकी बीड का चयन झांकी का थीम एवं 3D मॉडल की कलात्मकता एवं गुणवत्ता के आधार पर किया जाएगा।
8. वित्तीय बीड में सभीकर एवं सभी प्रकार के व्यय सहित दर अंकित करना होगा।
9. झांकी के आगेनृत्य करते कलाकार एवं जीवंत चरित्र करने वाले कलाकार रखना होगा।इसक लिए अलग से कोई अतिरिक्त राशि देय नहीं होगा।
10. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रदद् करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।
11. झांकी से संबंधित किसी भी बिन्दु की पृच्छा हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी, रॉंची से उनके कार्यालय कक्ष में अथवा मोबाईल संख्या–86748–22280 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक
जिला परिवहन पदाधिकारी, रॉंची।

PR 344132 Ranchi (24-25)

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में डिजाइन थिंकिंग और इनोवेशन पर कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने 11 जनवरी 2025 को 'डिजाइन थिंकिंग' और 'इनोवेशन' पर एक कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मिनिस्ट्री ऑफ इनोवेशन, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्र के विशेषज्ञों की टीम ने किया। सत्र के पहले रिसोर्स पर्सन के रुप में आईडीसी स्कूल ऑफ डिजाइन, आईआईटी बॉम्बे में वरिष्ठ फैकल्टी प्रोफेसर रवि पूवैयाह उपस्थित थे। 'जेलो लैब' की संस्थापिका सह निदेशक, 'डिजाइन इन इंडिया' की संस्थापिका और 'सोलर प्रोजेक्ट' की निदेशक डॉ अजंता सेन भी बतौर रिसोर्स पर्सन उपस्थित थीं। साथ ही डॉ रूपा चक्रवर्ती, निदेशक, सन सिटी वर्ल्ड स्कूल और मयूर मधुकर बोर्के, क्षेत्रीय समन्वयक, इनोवेशन सेल, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। सत्र की शुरूआत विद्यालय की प्राचार्या और रिसोर्स पर्सन द्वारा दीप प्रज्वलन से की गयी। इसके बाद स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में प्रेरणादायक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण खिलौने बनाने का सत्र था, जिसमें प्रत्येक टीम को खिलौने बनाने की सामग्रिया दी गयी और उन्होंने अपनी कल्पना से खिलौने डिजाइन किये। यह कार्यशाला अत्यधिक सफल रही। इस कार्यक्रम ने प्रतिभागियों को डिजाइन थिंकिंग के मूल सिद्धांतों से परिचित कराया। इस सत्र में झारखंड और बिहार के विभिन्न हिस्सों से 75 प्राचार्य और शिक्षक सम्मिलित हुए।

प्राचार्या परमजीत कौर ने डिजाइन थिंकिंग और इनोवेशन पर इस कार्यशाला के आयोजन के लिए सीबीएसइ और भारत सरकार के इनोवेशन मंत्रालय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में दुनिया एक वैश्विक गांव बन चुकी है। यह समय है जब पूरब और पश्चिम मिलकर एक अद्भुत सह-अस्तित्व के लिए एकजुट हों। डीटीआई इक्कीसवीं सदी के विद्यार्थियों की पहचान है और यह उन्हें अपनी दुनिया से बाहर जाकर नये विचार और नवाचार करने के लिए प्रेरित करता है ताकि वे सशक्त महसूस कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि स्वामीजी ने वैश्विक मंच पर भी हमारे देश का प्रतिनिधित्व किया और आज जब हम उनकी 162वीं जयंती मना रहे हैं, तो हमें उनके सिद्धांतों और विचारधाराओं को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए और अपने देश को विकास के शिखर पर पहुंचाने के लिए युवाओं को संगठित करने का संकल्प लेना चाहिए।

# मुख्यमंत्री मोहन माझी ने महाकुंभ के लिए ओएसआरटीसी बसों को हरी झंडी दिखायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये महाकुंभ मेले के लिए विशेष बसों को हरी झंडी दिखायी। सोमवार से ये बसें बरहामपुर से अयोध्या और प्रयागराज के लिए चलेंगी। ओडिशा से यूपी के लिए 8 ओएसआरटीसी बसें चलेंगी। ये बसें पुरी, संबलपुर, भवानीपटना और बरहामपुर से चलेंगी।

बरहामपुर स्थित ओडिशा राज्य सड़क परिवहन निगम (ओएसआरटीसी) कार्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एक बस में 42 यात्री यात्रा कर सकते हैं। महिला यात्रियों के लिए टिकट पर 50 प्रतिशत की छूट दी गयी है। यात्रियों के ठहरने और खाने-पीने का प्रबंध भी ओएसआरटीसी ही करेगा।

राज्य सरकार ने यात्रियों की पूछताछ के समाधान के लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन (1800-345-1122) और एक व्हाट्सएप नंबर (78490052205) भी जारी किया है। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ मेला 2025 उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से पौष पूर्णिमा स्नान के साथ शुरू होगा और 26 फरवरी, 2025 तक चलेगा।

# रत्न भंडार की मरम्मत 15 तक स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पुरी श्री मंदिर में चल रहे रत्न भंडार की मरम्मत कार्य 12 जनवरी से 15 जनवरी तक मकर संक्रांति और इस दौरान आयोजित होने वाले अन्य महत्वपूर्ण अनुष्ठानों के कारण बंद किया गया। मरम्मत कार्य 16 जनवरी से फिर से शुरू किया जायेगा। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने संबंधित सभी पक्षों से सहयोग की अपील की है। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित दिशानिर्देशों और श्रीमंदिर प्रशासन द्वारा किये गये प्रबंधों के अनुसार, बाहरी और आंतरिक रत्न भंडार की दीवारों और फर्श पर आयी दरारों की मरम्मत की जा रही है।

चूंकि मकर संक्रांति एक महत्वपूर्ण त्योहार है, 14 जनवरी को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के मंदिर आने की उम्मीद है। इसके अलावा, 12 जनवरी से 15 जनवरी के बीच श्रीमंदिर में अन्य अनुष्ठान भी आयोजित किये जायेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए श्रीमंदिर प्रशासन ने चार दिनों के लिए मरम्मत कार्य को स्थगित करने का निर्णय लिया है।

# मछली माफियाओं ने वन अधिकारियों पर की गोलीबारी

## 60-70 मछुआरों सहित 5 ट्रॉलर छुड़ाये






आजाद सिपाही संवाददाता

**केंद्रपाड़ा।** एक भयावह घटना में, मछली माफियाओं के एक समूह ने कथित तौर पर वन अधिकारियों पर गोलीबारी की और केंद्रपाड़ा जिले के पट्टामुंडई क्षेत्र में गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य में 60-70 मछुआरों सहित कुल पांच ट्रॉलरों को मुक्त करा लिया।

राजनगर मैंग्रोव वन और वन्यजीव प्रभाग के डीएफओ सुदर्शन गोपीनाथ यादव ने कहा, कि वन अधिकारियों के एक समूह ने रविवार की सुबह प्रतिबंधित गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य में अवैध रूप से मछली पकड़ रहे लगभग 80 मछुआरों के साथ छह ट्रॉलर देखे। जब वन अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में लेने की कोशिश की, तो उन्होंने वन कर्मियों पर गोली चलायी और मौके से भाग गए। हालांकि, वन कर्मियों ने एक ट्रॉलर और उसके चालक को हिरासत में लेने में कामयाबी हासिल की।

उन्होंने कहा कि हम इस घटना को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं क्योंकि पहले भी ऐसी ही घटना हो चुकी है। हम मामले की सूचना पुलिस को देंगे। अन्य लोगों की पहचान के लिए ट्रॉलर के चालक से पूछताछ जारी है। सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इससे पहले शुक्रवार को अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 10 मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और उनकी मछली पकड़ने वाली ट्रॉल को जब्त कर लिया गया था। उल्लेखनीय है कि ओडिशा सरकार ने ओलिव रिडले समुद्री कछुओं के घोंसले के लिए गहिरमाथा समुद्री अभयारण्य में 1 नवंबर, 2024 से 31 मई, 2025 तक सात महीने के लिए मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया है।

# केआइटी इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया 18वां वार्षिक दिवस, डॉ अच्युत सामंत हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** केआईटी इंटरनेशनल स्कूल ने अपना 18वां वार्षिक दिवस समारोह एक शानदार कार्यक्रम के साथ मनाया, जिसका थीम था 'साँस लो, विश्वास करो, बनो।' स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में परंपरा और आधुनिकता का एक प्रेरक मिश्रण दिखाया गया, जिसने समग्र शिक्षा और कलात्मक उत्कृष्टता के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में KIIT और KISS के संस्थापक प्रो डॉ अच्युत सामंत उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए माता-पिता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया कि उन्होंने KIIT इंटरनेशनल स्कूल पर भरोसा जताया और अपने बच्चों की शिक्षा के लिए इसे चुना।

केआईआईटी और केआईएसएस की अध्यक्ष सास्वती बल ने समारोह में भाग लिया और छात्रों को अपना समर्थन और प्रोत्साहन दिया। अपने भाषण में उन्होंने युवा कलाकारों के समर्पण और उत्साह की प्रशंसा की।

शाम का मुख्य आकर्षण स्कूल की वार्षिक पत्रिका ई-कारिग्ने का भव्य विमोचन था। इसके बाद हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को कलात्मक अभिव्यक्तियों की एक श्रृंखला से मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसमें शास्त्रीय ओडिशी नृत्य की भव्यता से लेकर हिप-हॉप और आधुनिक नृत्यकला की जीवंतता शामिल थी। एक विचारोत्तेजक नाटक ने नाटकीयता का तड़का लगाया, जबकि नृत्य शक्ति के एक मंत्रमुग्ध कर देने वाले अभिनय ने कहानी और नृत्य के सहज मिश्रण से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

प्रधानाचार्य डॉ संजय सुअर द्वारा प्रस्तुत वार्षिक स्कूल रिपोर्ट में स्कूल की उपलब्धियों और भविष्य की आकांक्षाओं पर प्रकाश डाला गया। यह कार्यक्रम KiiT इंटरनेशनल स्कूल की अपने छात्रों में रचनात्मकता, अनुशासन और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण था।

# रेत तस्करी रोकी जायेगी, लघु खनिजों की तस्करी पर सख्त कार्रवाई की जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



खान मंत्री विभूति भूषण जेना।

**भुवनेश्वर।** राज्य में रेत तस्करी रोकी जायेगी। लघु खनिजों से लूटपाट करने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। खान मंत्री विभूति भूषण जेना ने यह आदेश दिया। अब रेत तस्करी रोकने के लिए ओडिशा सिक्यूरिटी बल को तैनात किया जायेगा। हालांकि, मंत्री ने बताया कि रेत में राजस्व संग्रह पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ा है।

2023 में विभिन्न लघु खनिजों को राजस्व विभाग से खान विभाग में स्थानांतरित कर दिया गया था। उस समय 3557 खनन खनिज विभाग के अधीन थे, लेकिन स्टाफ की कमी थी। मंत्री ने कहा कि नयी सरकार के सत्ता में आने के बाद खनन विभाग में 196 नये लोगों की नियुक्ति की गयी है। मंत्री ने बताया कि 2023-24 में राजस्व संग्रह 10 करोड़ 12 लाख था, लेकिन नयी भाजपा सरकार आने के बाद यह बढ़कर 23 करोड़ 26 लाख हो गया है। खनन पर निगरानी के लिए त्रिस्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

# नौकरी देने के नाम पर लोगों से 20 लाख रुपये ठगने के आरोप में दंपति गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**राउरकेला।** राउरकेला जिले की उदितनगर पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से लाखों रुपए ठगने के आरोप में एक महिला और उसके पति को गिरफ्तार किया है। दंपति ने राउरकेला और सुंदरगढ़ कोर्ट में सब-इंस्पेक्टर और क्लर्क की नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी की थी।

महिला की पहचान लक्ष्मी तांती के रूप में हुई है। उसने कथित तौर पर नौकरी देने के नाम पर लोगों से 20 लाख रुपये से अधिक की ठगी की है। पुलिस ने धोखाधड़ी करने वालों के पास से संबंधित पदों के ऑफर लेटर भी जब्त कर लिए हैं।

जानकारी के अनुसार, इन लोगों ने लिपिक पद (जूनियर क्लर्क) के लिए 1 लाख रुपए और न्यायालय में सब-इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्ति के लिए 2 लाख रुपए मांगे थे। न्यायालय में चपरासी के पद पर नियुक्ति के लिए 50 हजार रुपये मांगे थे। अपने लक्ष्य का विश्वास जीतने के लिए उन्होंने उन्हें हाईकोर्ट से प्रशिक्षण दिलाने का आश्वासन दिया था। युवती राउरकेला स्थित लॉ कॉलेज में पढ़ रही थी। उन्होंने सुंदरगढ़ जिले के बड़ागांव, झिरापानी और आसपास के इलाकों के 15 से ज्यादा युवकों को ठगा है। नियुक्ति पत्र देने से पहले वे एडवांस लेते थे। उल्लेखनीय है कि महिला को इससे पहले भी लोगों से 30 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले में बांधमुंडा पुलिस ने उसे पहले भी गिरफ्तार किया था।

# पारदर्शिता समय की मांग : बीके त्रिपाठी

आजाद सिपाही संवाददाता




**संबलपुर।** ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, कोल इंडिया लिमिटेड ने जोर देकर कहा कि सतर्कता केवल एक विभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक कोल इंडियन की जिम्मेदारी है। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे श्री त्रिपाठी ने आईटी हस्तक्षेप के माध्यम से पारदर्शिता और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने का आह्वान किया।


अपने दौरे के दौरान, श्री त्रिपाठी ने तालचेर कोलफील्ड्स के प्रमुख परिचालन बुनियादी ढांचों का निरीक्षण किया, जिसमें लिंगराज और भारतपुर साइलो, बालांडा ऐश फिलिंग साइट और भुवनेश्वरी क्षेत्र में स्वचालित ट्रक लोडिंग प्रणाली शामिल हैं। इसके बाद, उन्होंने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों और युवा कार्यकारी अधिकारियों के साथ संवादात्मक सत्रों का नेतृत्व किया, जिसमें सामूहिक सतर्कता और नैतिक प्रथाओं को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सत्यनिष्ठा की शपथ भी दिलायी।

उन्होंने कंपनी मुख्यालय में आयोजित 'चुनौतियों को अवसरों में बदलना' विषय पर महाप्रबंधक समन्वय बैठक को भी संबोधित किया और एमसीएल की उल्लेखनीय प्रगति, परिवर्तनकारी आईटी कार्यान्वयन और भविष्य की विविधीकरण योजनाओं की प्रशंसा की। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण में एमसीएल के महत्वपूर्ण योगदान को दोहराया। श्री त्रिपाठी ने एमसीएल के सीएमडी और उनकी टीम के नेतृत्व की सराहना की, जो कोयला उत्पादन, प्रेषण, बुनियादी ढांचे और विविधीकरण के क्षेत्रों में हर साल नयी ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहे हैं।

इस बैठक में उदय अनंत काओले, सीएमडी, एमसीएल, केशव राव, निदेशक (कार्मिक), जे के बोराह, निदेशक (तकनीकी/ संचालन, पीएंडपी), एके बेहुरा, निदेशक (वित्त) और पीके पटेल, सीवीओ, एमसीएल उपस्थित रहे। इस अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक (सतर्कता), एमसीएल के सभी क्षेत्रीय महाप्रबंधक, महाप्रबंधक (सतर्कता)- एमसीएल, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**